इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव



धमाका
ई रिक्शा के क्षेत्र में आलफाईन लाए है...
SINE WAYE TECHNOLOGY से प्रति चार्जिंग 200 KM चलने वाला भारत का पहला ई-रिक्शा
7 वर्षों से ई रिक्शा बैटरी, स्पेयर्स पार्ट्स एवं बेहतरीन गुणवत्ता के लिए.....
गणेश ट्रेडिंग, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव, 70004 70280
★ नंदई मोहारा रोड़ 7999898741 ★ खैरागढ़ (धमधा रोड़) 9425500166





वर्ष- 43 | अंक -219 | राजनांदगांव, बुधवार 26 जून 2024 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए


## संसद में शपथ के दौरान ओवैसी ने लगाए जय फिलिस्तीन के नारे, हंगामा, भाजपा ने जताई आपत्ति

नई दिल्ली। संसद सत्र के दूसरे दिन भी 18वीं लोकसभा के लिए निर्वाचित हुए सांसदों को शपथ दिलाई जा रही है. इस बीच हैदराबाद के सांसद और एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी के लोकसभा में शपथ लेने के दौरान जय फिलिस्तीन कहने पर हंगामा हो गया. भाजपा सांसदों ने ओवैसी के जय फिलिस्तीन कहने पर आपत्ति जताई है. हैदराबाद से लगातार पांचवीं बार सांसद चुने गए असदुद्दीन ओवैसी ने मंगलवार को 18वीं लोकसभा के सदस्य के रूप में उर्दू में शपथ ली. उन्होंने अंत में कहा कि जय भीम, जय मीम, जय तेलंगाना, जय फिलिस्तीन. ओवैसी ने सांसद के रूप में शपथ ग्रहण करने के बाद अल्लाह-ओ-अकबर के नारे भी लगाए.



इसके बाद भाजपा सांसदों ने विरोध दर्ज कराया और कार्यवाही से उनके जय फिलिस्तीन शब्द को हटाने की मांगी. भाजपा सांसदों के विरोध के बाद प्रोटेम स्पीकर ने कहा कि ओवैसी के शपथ भाषण में अगर कोई आपत्तिजनक बात पाई गई तो उसे कार्यवाही के रिकॉर्ड से हटाया जाएगा. वहीं, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि हमारी फिलिस्तीन या किसी अन्य देश से कोई दुश्मनी नहीं है. शपथ लेते समय क्या किसी सदस्य के लिए किसी दूसरे देश की तारीफ में नारा लगाना उचित है, इसके लिए हमें नियमों को देखना होगा. वहीं, जय फिलिस्तीन कहने पर विवाद होने पर असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि जय भीम, जय मीम, जय तेलंगाना, जय फिलिस्तीन कहना कैसे संविधान के खिलाफ है, संविधान में प्रावधान दिखाइए. ओवैसी ने कहा कि कई सांसद बहुत कुछ कह रहे हैं. उन्होंने भी कुछ कहा. भाजपा सांसद और केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी के विरोध करने पर ओवैसी ने कहा कि विरोध करना उनका काम ही है.

असदुद्दीन ओवैसी ने हैदराबाद लोकसभा सीट से इस बार तीन लाख से अधिक मतों के अंतर से जीत दर्ज की. उन्होंने भाजपा की उम्मीवार माधवी लता को हराया और लगातार पांचवीं बार सांसद बने. लोकसभा सदस्य के रूप में शपथ ग्रहण करने के बाद ओवैसी ने एक्स पर वीडियो साझा किया और लिखा, वह भारत के हाशिए पर पड़े लोगों के मुद्दों को संसद में ईमानदारी से उठाते रहेंगे.

असदुद्दीन ओवैसी के जय फिलिस्तीन कहने पर केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने कहा कि वह बिल्कुल गलत है. यह सदन के नियमों के खिलाफ है. वह भारत में रहकर भारत माता की जय नहीं बोलते. लोगों को समझना चाहिए कि वह देश में रहकर असंवैधानिक काम करते हैं.

### नवनिर्वाचित सांसदों को दिलाई जा रही है शपथ

18वीं लोकसभा के पहले सत्र में सबसे पहले नवनिर्वाचित सांसदों को शपथ दिलाई जा रही है। यह क्रम सोमवार को शुरू हुआ और मंगलवार को भी चलता रहा। यह तो पहले से ही माना जा रहा था कि इस बार विपक्ष के सदस्यों की संख्या बढ़ी है, इसलिए सदन में विपक्ष प्रभावी उपस्थिति दर्ज कराएगा और कई मुद्दों पर हंगामे की स्थिति बनेगी। मगर, इसके इतर शपथ ग्रहण के दौरान ही राजनीतिक विद्वेष और सांप्रदायिक उन्माद के कर्कश बोल यहां सुनाई पड़े।

## ओम बिरला को चुनौती देंगे के. सुरेश, आज चुनाव, सांसदों के लिए व्हिप जारी



नई दिल्ली। 18वीं लोकसभा स्पीकर का पहला सत्र सोमवार से शुरू हुआ। लोकसभा स्पीकर को लेकर पक्ष-विपक्ष के बीच खींचतान बढ़ गई है। एनडीए उम्मीदवार ओम बिरला के खिलाफ कांग्रेस ने कोडिकुन्निल सुरेश को उतारा है। दोनों ने मंगलवार को नॉमिनेशन फाइल किया। लोकसभा स्पीकर पद के लिए मतदान 26 जून को सुबह 11 बजे होगा।

### कांग्रेस और बीजेपी ने जारी किया व्हिप

कांग्रेस और भाजपा ने लोकसभा के स्पीकर चुनाव के मद्देनजर अपने सांसदों के लिए व्हिप जारी किया है। बीजेपी ने एनडीए के सभी सांसदों को सुबह 10.30 बजे संसद भवन पहुंचने को कहा है। वहीं, कांग्रेस ने सुबह 11 बजे तक अपने सांसदों को मौजूद रहने निर्देश दिया है।

### तृणमूल कांग्रेस ने जताई नाराजगी

कांग्रेस सांसद कोडिकुन्निल सुरेश की दावेदारी पर टीएमसी ने नाराजगी जताई है। पार्टी के सांसद अभिषेक बनर्जी ने कहा कि इस बारे में हमसे संपर्क नहीं किया गया, कोई चर्चा नहीं हुई। दुर्भाग्य से यह एकतरफा फैसला है।

### राजनाथ सिंह ने की विपक्षी नेताओं से मुलाकात

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार सुबह कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल और डीएमके के टीआर बालू से मुलाकात की और स्पीकर पद पर आम सहमति बनाने की कोशिश की। हालांकि विपक्षी नेताओं ने उपसभापति पद की पेशकश किए बिना ओम बिरला के नाम का समर्थन करने के इनकार कर दिया। वहीं, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और ललन सिंह ने कांग्रेस पर शर्तें रखने का आरोप लगाया है।

### जीते तो दूसरी बार स्पीकर पद संभालेंगे बिरला

एनडीए के ओम बिरला दूसरी बार स्पीकर पद के दावेदार हैं। राजस्थान के कोटा से सांसद ओम 2019-24 तक स्पीकर रह चुके हैं। वे अगर जीतते हैं तो बीजेपी के पहले सांसद होंगे जो लगातार दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष पद संभालेंगे।

## राहुल गांधी लोकसभा में होंगे विपक्ष के नेता, केसी वेणुगोपाल ने की घोषणा

नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ही लोकसभा में विपक्ष के नेता होंगे। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने उनकी नियुक्ति की घोषणा कर दी है। गौरतलब है कि कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में राहुल गांधी को लोकसभा में विपक्ष का नेता बनाने का प्रस्ताव पारित किया गया था, जिस पर राहुल गांधी ने कहा था कि विचार करेंगे।



अब कांग्रेस ने उनकी नियुक्ति की आधिकारिक घोषणा कर दी है। इस बीच राहुल गांधी संसद के पहले सत्र में सरकार पर लगातार हमलावर हैं। कांग्रेस नेता ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर संविधान पर हमला करने का आरोप लगाया। कहा, विपक्ष प्रधानमंत्री को बिना जवाबदेही बचकर निकलने नहीं देगा।

### राहुल गांधी ने गिनाए थे दस मुद्दे

राहुल गांधी ने सत्र के पहले दिन दस मुद्दे गिनाए थे, जिनमें राजग सरकार पहले 15 दिनों में विफल रही। ये मुद्दे थे- भीषण ट्रेन दुर्घटना, कश्मीर में आतंकी हमले, ट्रेनों में यात्रियों की दुर्दशा, नीट घोटाला, नीट पीजी निरस्त, यूजीसी नेट का पेपर लीक, दूध, दाल, गैस, टोल और महंगे, आग से धधकते जंगल, जल संकट, लू में इंतजाम न होने से मौतें।

## सीएम साय ने दिल्ली में की पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात : नक्सल ऑपरेशन और छत्तीसगढ़ विजन डॉक्यूमेंट पर हुई चर्चा

रायपुर। छत्तीसगढ़ में जल्द ही साय सरकार की कैबिनेट का विस्तार हो सकता है। वरिष्ठ मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के इस्तीफा दे चुके हैं। उनकी कैबिनेट में जगह खाली है। इसके अलावा मौजूदा मंत्रियों में से किन्हीं 2 को बदले जाने पर भी विचार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सोमवार रात दिल्ली के लिए रवाना हुए हैं।

आज उनकी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अन्य वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात होगी। इस दौरान ष्टरू साय प्रदेश मंत्रिमंडल के विस्तार को लेकर चर्चा करेंगे। ष्टरू का केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात का कार्यक्रम भी समय तय हो सकता है।।



○ नियद नेल्लानार योजना की दी जानकारी
○ जुलाई के पहले सप्ताह में कैबिनेट में हो सकता है विस्तार

### बड़े नेताओं से मीटिंग में यह होगा

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, मुख्यमंत्री साय से पिछले कुछ महीनों से प्रदेश में जारी काम-काज की जानकारी पीएम मोदी लेंगे। केंद्र की योजनाओं के छत्तीसगढ़ में संचालन संबंधी निर्देश भी मुख्यमंत्री को मिल सकता है। माना जा रहा है कि इन मुलाकातों के दौरान प्रदेश के सियासी हालात पर भी बात होगी। संगठन से मुख्यमंत्री को मंत्रिमंडल में विस्तार को लेकर निर्देश भी मिल सकते हैं। बुधवार या गुरुवार को जब मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ लौटेंगे। इसके बाद कैबिनेट में विस्तार को लेकर कोई बड़ा ऐलान हो सकता है।

### इन नामों को मंत्रिमंडल में शामिल करने की चर्चा

वरिष्ठता के आधार पर राजेश मूणत, अमर अग्रवाल, अजय चंद्राकर के नामों की चर्चा है। इनके अलावा कुछ ऐसे विधायक भी हैं, जो अंदरखाने इस कोशिश में हैं कि किसी तरह मंत्री बनने का मौका मिल जाए।

इनमें कुछ ऐसे चेहरे हैं, जिन्हें मंत्री बनाकर भाजपा हर बार की तरह फिर चौंका सकती है। इनमें रायपुर उत्तर से विधायक पुरंदर मिश्रा, पंडरिया विधायक भावना बोहरा, कोंडागांव विधायक लता उसेंडी, केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## बाल-बाल बचे केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, आभार सभा के दौरान हादसा



शिवपुरी। मध्यप्रदेश के शिवपुरी से बड़ी खबर सामने आ रही है। यहां स्थानीय सांसद और केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया एक हादसे का शिकार होते-होते बाल-बाल बचे हैं। दरअसल केन्द्रीय मंत्री बनने के बाद ज्योतिरादित्य सिंधिया पहली बार अपने संसदीय क्षेत्र गुना-शिवपुरी आए हुए थे। इसी दौरान मंगलवार शाम को शिवपुरी में आभार सभा के दौरान तेज आंधी तूफान और बारिश के बीच चल रही सभा के दौरान ये हादसा हो गया। हालांकि ज्योतिरादित्य सिंधिया को किसी तरह की चोट नहीं आई है।

जिस वक्त ज्योतिरादित्य सिंधिया मंच से हाथ उठाकर जीत के लिए जनता का आभार व्यक्त कर रहे थे ठीक उसी वक्त तेज आंधी तूफान के कारण मंच का टेंट गिर गया। राहत की बात ये थी कि टेंट गिरता देख मंच पर मौजूद दूसरे नेताओं ने ज्योतिरादित्य सिंधिया को पकड़कर पीछे किया और टेंट को संभाल लिया। जानकारी के मुताबिक ज्योतिरादित्य सिंधिया को किसी भी तरह की चोट नहीं आई है।

## अरविंद केजरीवाल को दिल्ली हार्टकोर्ट से लगा झटका, जेल में ही रहेंगे दिल्ली सीएम

नई दिल्ली। दिल्ली हाई कोर्ट ने मंगलवार को एक बार फिर आबकारी नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत पर रोक लगा दी। कोर्ट ने कहा कि ईडी द्वारा निचली अदालत के समक्ष पेश की गई सामग्री पर विचार नहीं किया गया और यह गलत है।



### ट्रायल कोर्ट ने ईडी के सबूतों पर अपना दिमाग नहीं लगाया- HC

जमानत पर सुनवाई के दौरान आज मंगलवार को हाई कोर्ट ने कहा कि ट्रायल कोर्ट की यह टिप्पणी कि भारी भरकम सबूतों पर विचार नहीं किया जा सकता, पूरी तरह से अनुचित है। कोर्ट ने कहा कि निचली अदालत का रुख यह दर्शाता है कि ट्रायल कोर्ट ने सबूतों पर अपना दिमाग नहीं लगाया है। निचली अदालत को ईडी को जमानत याचिका पर उचित बहस का मौका देना चाहिए था। कोर्ट ने कहा कि पीएमएलए की अनिवार्य शर्तों पर निचली

### अदालत में पूरी तरह से जिरह नहीं की गई।

इससे पहले, अपनी याचिका पर प्रवर्तन निदेशालय ने सोमवार को दिल्ली हाई कोर्ट में लिखित जवाब दाखिल कर सूचित किया था कि जमानत देने का निचली अदालत का आदेश विकृत निष्कर्षों पर आधारित था।

### ईडी ने निचली अदालत के निर्णय पर उठाए थे सवाल

ईडी ने तर्क दिया था कि राउज एवेन्यू की अवकाशकालीन न्यायाधीश न्याय बिंदु ने जांच एजेंसी द्वारा अपराध के संबंध में पेश की गई सबूतों पर विचार नहीं किया। एजेंसी ने तर्क दिया कि अदालत ने मामले पर उचित जिरह करने का अवसर नहीं दिया था। वहीं, मामले पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की तरफ से दाखिल किए गए लिखित जवाब में कहा था. (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पूर्व सीएम ने लगाया सीजी-टीईटी परीक्षा में गड़बड़ी का आरोप, बोले नहीं कराई गई पर्याप्त ओएमआर शीट, गंभीरता से हो जांच

रायपुर। नीट परीक्षा में हुई गड़बड़ी के बाद ऐसा ही एक बड़ा मामला छत्तीसगढ़ में भी सामने आया है।. मामले में पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने प्रेस वार्ता करके नीट पेपर का हवाला देते हुए कहा है कि ऐसा ही एक मामला छत्तीसगढ़ में भी हुआ है।



छत्तीसगढ़ शिक्षक भर्ती परीक्षा में भी अभ्यर्थियों को पेयर और ओएमआर सीट बहुत लेट दिया गया। परीक्षा में 420 परीक्षार्थी शामिल थे। जिसमें ओएमआर सीट की संख्या मात्र 160 थीं। पूरा ओएमआर सीट नहीं था,जिसकी वजह से समय से नही बांटा गया। परीक्षार्थियों को 1 घंटा विलंब से सीट बांटी गई जिसके कारण परीक्षार्थी कुछ लिख नहीं पाए। इसलिए शिक्षक भर्ती परीक्षा में भी गड़बड़ी हुई है.

भूपेश बघेल ने कहा कि परीक्षा में बोनस अंक नहीं दिया जाए, बल्कि परिक्षा फिर से कराई जाएगी। पूरा मामला धमतरी जिले का है। भूपेश बघेल ने कहा कि मैने सीएम को भी पत्र लिखा है उचित कार्रवाई की मांग की है। परीक्षा को रद्द करके कारणों का पता लगाया जाए और कड़ी कार्रवाई हो।

## केन्या में टैक्स लगाए जाने से गुस्साई भीड़, संसद में घुसकर की आगजनी, ओबामा की सौतेली बहन भी प्रदर्शन में शामिल

एपी, नैरोबी। केन्या में टैक्स का बोझ बढ़ाए जाने से गुस्साए हजारों लोग मंगलवार को संसद परिसर में घुस गए। प्रदर्शनकारियों ने संसद भवन के हिस्से में आग लगा दी है। सांसदों को संसद भवन से सुरक्षित निकाला जा रहा है। सांसदों ने हाल ही में एक विवादास्पद विधेयक पारित किया था, जिसके तहत नए कर लगाए जाएंगे।



रॉयटर्स के अनुसार पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा की सौतेली बहन और केन्याई एक्टिविस्ट औमा ओबामा भी उन प्रदर्शनकारियों में शामिल थीं, जिन पर मंगलवार को नैरोबी में संसद भवन के बाहर प्रदर्शन के दौरान आंसू गैस छोड़ी गई। नैरोबी में प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस से झड़प में 10 लोगों की मौत हुई है।

### नए टैक्स का विरोध कर रही है जनता

गोलीबारी में 50 लोग घायल हुए हैं। प्रदर्शनकारी नए टैक्स का विरोध कर रहे हैं, जिसमें इको-लेवी भी शामिल है। इससे डायपर जैसी वस्तुओं की कीमत बढ़ जाएगी। हालांकि ब्रेड पर कर लगाने का प्रस्ताव जनता के विरोध के बाद हटा दिया गया था।

### मानवाधिकार ने उठाए सवाल

मानवाधिकार आयोग ने प्रदर्शनकारियों पर गोली चलाने वाले अधिकारियों का वीडियो साझा किया और उन्हें जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। (शेष पृष्ठ 6 पर...)


संजीवनी
राजनांदगांव का एकमात्र
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
24 घंटे आपात चिकित्सा
• एक्सीडेंट
• जहर का सेवन
• लीवर फेलयर
• किडनी फेलयर
• हार्ट अटैक
• ब्रेन हेमरेज
• पीलिया • लकवा
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
• बच्चेदानी का ऑपरेशन
• बांझपन का ईलाज
• मासिक धर्म की अनियमितता का ईलाज
• गर्भाशय संबंधी सभी प्रकार के रोगों का ईलाज
• नार्मल व सीजिरियन डिलीवरी मात्र 10000/-
24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365


## 'आपातकाल के काले दिन लाने वाले' संविधान के प्रति प्रेम का दावा नहीं कर सकते - मोदी

नयी दिल्ली । इंडिया समूह के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ देश के संविधान के लिये सबसे बड़ा खतरा होने का नारा लगाये जाने के एक दिन बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को पलटवार करते हुये कहा कि आपातकाल लगाने वालों को संविधान के प्रति प्रेम का दावा करने का कोई अधिकार नहीं है।

श्री मोदी ने सोशल मीडिया पर सिलसिलेवार पोस्ट में कांग्रेस पर 1975 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा करीब 21 महीने तक लगाये गये आपातकाल के लिये हमला बोला। आपातकाल को 'काले दिन' के रूप में याद करते हुये उन्होंने कहा , ÷यह दिन हमें याद दिलायेगा कि कैसे कांग्रेस ने बुनियादी स्वतंत्रताओं को नष्ट किया और भारत के संविधान को रौंद दिया, जिसका हर भारतीय बहुत सम्मान करता है। उन्होंने कहा, जिस



मानसिकता के कारण आपातकाल लगाया गया था, वह अभी भी उसी पार्टी में जीवित है। आज का दिन उन सभी महान पुरुषों और महिलाओं को श्रद्धांजलि देने का दिन है , जिन्होंने आपातकाल का विरोध किया।

प्रधानमंत्री की यह टिप्पणी ऐसे समय में आयी है, जब देश आज 25 जून को आपातकाल लागू होने की 49 साल पूरे हो रहे हैं। उन्होंने कहा , ÷ सिर्फ सत्ता पर काबिज रहने के लिये तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने हर लोकतांत्रिक सिद्धांत की अवहेलना की और देश को जेल बना दिया। कांग्रेस से असहमत होने वाले किसी भी व्यक्ति को प्रताड़ित और परेशान किया जाता था। सबसे कमजोर वर्गों को निशाना बनाने के लिये सामाजिक रूप से प्रतिगामी नीतियां लागू की गयी थी।

श्री मोदी ने कांग्रेस पर परोक्ष रूप से हमला करते हुये कहा, आपातकाल लागू करने वालों को हमारे संविधान के प्रति अपने प्रेम का दावा करने का कोई अधिकार नहीं है। ये वही लोग हैं, जिन्होंने अनगिनत मौकों पर अनुच्छेद 356 लगाने के साथ ही प्रेस की स्वतंत्रता को खत्म करने वाला विधेयक पारित किया तथा संघवाद को नष्ट किया। संविधान के हर पहलू का उल्लंघन किया। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## मुख्यमंत्री विष्णु देव साय करेंगे साप्ताहिक 'जनदर्शन', 27 जून से होगा शुरु

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आम जनों से मुलाकात का कार्यक्रम 'जनदर्शन' 27 जून से शुरू हो रहा है. यह कार्यक्रम हर गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में पूर्वान्ह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित किया जाएगा. मुख्यमंत्री के जनदर्शन कार्यक्रम में जन सरोकारों की बातें होंगी.

साय जनदर्शन में समस्याओं को सुनकर उसका यथोचित निराकरण भी करेंगे. इसके साथ ही जनता के सुझाव, शासकीय योजनाओं की उन तक पहुंच की जानकारी आदि भी इस माध्यम से प्राप्त करेंगे. जनदर्शन में आमजन सीधे मुख्यमंत्री से मुलाकात कर उन्हें अपनी समस्या से अवगत करा सकेंगे. मुख्यमंत्री साय वहीं पर समस्याओं के निराकरण के लिए अधिकारियों को दिशा निर्देश भी जारी करेंगे. जनदर्शन को लेकर तैयारियां शुरू हो गई है.


हेमन्त साहू
98271-56852
94241-15737
शिव बोरवेल्स एवं प्रापर्टी डिलिंग
• हर तरह की बोरिंग कार्य हेतु सम्पर्क करें।
• सभी प्रकार के सबमर्सिबल पम्प के विक्रेता।
• पाईप फिटिंग एवं सेनेटरी की सुविधा।





नंदई, कुआ चौक राजनांदगांव (छ.ग.)

# कांग्रेस के डीएनए में लोकतंत्र का सम्मान नहीं है- शिवरतन शर्मा

## आपातकाल की बरसी पर कांग्रेसी तानाशाही पर बरसे शर्मा जी, मीसाबंदियों का सम्मान भी किया गया

राजनांदगांव (दावा)। कांग्रेस द्वारा देश में 1975 में लगाए गए आपातकाल के षड्यंत्र को जन जन तक पहुंचाने हेतु प्रदेश भाजपा के आवाहन पर प्रत्येक जिलों में आपातकाल स्मृति दिवस के रूप में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस परिपेक्ष में जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल ने बताया कि आज दोपहर को जिला भाजपा कार्यालय में आहुत विचार गोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में शिवरतन शर्मा जी ने अपने उद्गार व्यक्त किए।



भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार भाटापारा के पूर्व विधायक एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा सत्ता बरकरार रखने के लिए संवैधानिक तरीकों का इस्तेमाल करने का इतिहास रहा है 1975 में इंदिरा गांधी ने हमारे लोकतंत्र की हत्या में मर्यादा की सारी हर पर कर दी थी 1971 के चुनाव में एक और जहां चुनावी हिंसा के माध्यम से मतदाताओं को डराया गया वहीं दूसरी ओर मीडिया का गला घोटकर जनता को झूठ फैलाकर खौफ पैदा करने का षड्यंत्र किया गया, शिव रतन शर्मा ने कहा कि आज 49 वर्षों के बाद हम आपातकाल को इसलिए याद कर रहे हैं क्योंकि आज भी कांग्रेस की नीति में संविधान और उसके सिद्धांतों के प्रति सम्मान की कमी है, इसलिए लोगों को जागरूक करने के लिए कि देश के हित में कांग्रेस ना कभी पहले थी, ना आज है और ना कभी रहेगी।

शर्मा ने कांग्रेस के इतिहास के 21 माह पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 1971 के चुनाव में इंदिरा गांधी के भ्रष्ट प्रयासों के आधार पर चुनाव परिणाम को इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा रद्द कर दिया गया था, प्रति उत्तर में 25 जून 1975 की आधी रात में मंत्रिपरिषद को सूचित किए बिना राष्ट्रपति को आपातकाल की घोषणा पर हस्ताक्षर करने के लिए मजबूर किया गया। अटल बिहारी वाजपेयी, राजनाथ सिंह, जे पी नारायण जैसे विपक्षी नेताओं को तुरंत जेल में डाल दिया गया, कुल मिलाकर 14 लाख लोगों को गिरफ्तार किया गया, जिसमें 22 लोगों की हिरासत में मौत हो गई। उन्होंने बताया कि ताशकंद में शास्त्री जी की मृत्यु के बाद गुलजारीलाल नंदा के बाद इंदिरा गांधी प्रधानमंत्री बनी, सब कांग्रेस के इतिहास में पहली बार संसदीय दल में मतदान हुआ और इंदिरा गांधी को चुना गया 67 में जब देश में चुनाव हुआ तो कांग्रेस को बहुमत कब मिला था साथ ही इंदिरा गांधी को वरिष्ठ नेताओं की चुनौतियां भी थी जब 71 में भारत-पाक युद्ध हुआ तो विपक्ष में जनसंघ की प्रमुख भूमिका में अटल बिहारी वाजपेई ने कहा कि पूरा विपक्ष संकट की इस घड़ी में सरकार के साथ खड़ा है, और सारे द्वेष मिटाकर,जनसंघ के नेता भारत के स्वाभिमान को बचाने में लग गए। उन्होंने बताया कि इंदिरा गांधी ने गुजरात की चिमन भाई सरकार को बर्खास्त किया बाद में छात्र संघ के आंदोलन के कारण बिहार की गफ्फार सरकार को बर्खास्त किया।

### प्रेस सेंसरशिप और मीडिया उत्पीड़न

शिवरतन शर्मा ने कार्यकर्ताओं को बताया कि काले इतिहास की पहली सुबह समाचार पत्रों के प्रकाशन को रोकने के लिए दिल्ली के सभी हिस्सों में बिजली बंद कर दी गई, इस दौरान चुनावी मामलों में राय लिखने या समाचार प्रकाशित करने पर प्रतिबंध लगा दिया गया, कई पत्रकारों को सच्चाई लिखने पर मार दिया गया।

### संविधान से खिलवाड़ सदैव ही कांग्रेस ने किया

शिवरतन शर्मा ने बताया कि संपन्न लोकसभा चुनाव में कांग्रेस द्वारा झूठा प्रचार किया गया और डर का माहौल बनाया गया कि यह चुनाव आखिरी चुनाव होगा, मोदी जी आगे चुनाव नहीं होने देंगे, और यह भी दुष्प्रचार किया गया भाजपा संविधान बदल देगी, परंतु संविधान को बदलने का कार्य आपातकाल में कांग्रेस ने किया था। मीसा हिरासत मामले में प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों को लागू करने में अदालत को रोकने के लिए मीसा में संशोधन किया गया। संसदीय कार्यवाही प्रशासन का संरक्षण अधिनियम और प्रेस परिषद अधिनियम को निरस्त कर दिया गया, मीडिया को सरकार के खिलाफ लिखने से रोकने के लिए आपत्तिजनक सामग्री प्रकाशन रोकथाम अधिनियम बनाया गया। 40 व वह 41 वां संविधान संशोधन इस दौरान किया गया, जिसमें राज्य विधानसभा में कोरम की आवश्यकता को समाप्त की कर दिया गया एक अकेला सांसद भी अधिनियम पास कर सकता है, प्रस्तावना में समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष शब्द जोड़े गए, न्यायपालिका की शक्तियों में कटौती की गई, राज्यों के अधिकारों को कमजोर किया गया।

### अनिवार्य नसबंदी की गई

शिवरतन शर्मा ने बताया कि 1976 में संजय गांधी ने इस अभियान की शुरुआत की, मुख्यमंत्रियों को नसबंदी के लक्ष्य सौंप गए, जबरन परिवार नियोजन का विरोध करने वालों को गिरफ्तार किया गया। लोगों को पकड़ पकड़ कर जबरन नसबंदी की गई।

### आज की कांग्रेस भी इतिहास दोहराना चाहती है

शिवरतन शर्मा ने वर्तमान कांग्रेस सरकार पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि आज भी कांग्रेस सत्ता में आने के लिए असंवैधानिक और अनैतिक सिद्धांत अपनाने के लिए तैयार बैठी है। पहले तो कपोल कल्पित आंदोलन किए गए, फिर चुनाव के पूर्व राहुल गांधी द्वारा विदेश जाकर भारत के संविधान पर कड़ा प्रहार किया गया, लोकतंत्र की हत्या की गई । चुनाव के तरीकों पर प्रश्न चिन्ह खड़ा किया गया और आज चुनाव परिणाम के बाद भी देश को जलाने के लिए विपक्ष द्वारा विभिन्न हथकंडे अपनाए जा रहे हैं, जिससे लोगों को सावधान करने का आवाहन शिवरतन शर्मा ने किया।

### मीसाबंदियों का सम्मान किया गया

विचार गोष्ठी की शुरुआत भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता नीलू शर्मा, वरिष्ठ नेता राजेंद्र गोलछा, दिनेश गांधी ने कांग्रेस द्वारा राजनीति में लाई जा रही गिरावट को बताते हुए कहा कि कांग्रेस आपातकाल की पुनरावृत्ति करने का ख्वाब देख रही है। विचार गोष्ठी के पश्चात जिले में निवासरत मीसा बंदियों का एवं उनके परिजनों का जिला भाजपा द्वारा सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें श्रीमती अंबिका तिवारी स्वर्गीय मदन तिवारी, छाया गुप्ता स्वर्गीय काशी प्रसाद गुप्ता, इंद्रजीत सिंह भाटिया, श्रीमती बसंतलता स्वर्गीय रामकृष्ण निर्वाणी, कुलवंत सिंह कक्कड़ श्रीमती सुल्तान बेन, स्वर्गीय बच्चू भाई उदयनी, श्रीमती शारदा रानी छाबड़ा ज्ञान सिंह छाबड़ा, श्रीमती गुरचरण कौर स्वर्गीय हरमहेंद्र सिंह, प्रभाकर राव गिरधर, स्व. गंगाधर चौधरी मुरलीधर चौधरी,का सम्मान किया।

कार्यक्रम का सफल संचालन जिला महामंत्री रविंद्र वैष्णव ने किया एवं आभार प्रदर्शन सावन वर्मा ने किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रमेश पटेल, सचिन बघेल, नीलू शर्मा, विनोद खांडेकर, खेदूराम साहू, सुरेंद्र सिंह बन्नोवाना, शशिकांत द्विवेदी, सावन वर्मा,राजेश श्यामकर, अशोक देवांगन, तरुण लहरवानी, अतुल रायजादा, रोहित चंद्राकर, आलोक बिंदल,नरेश बैद, पूर्णिमा साहू,किरण साहू, शिव वर्मा,रघुवीर वाधवा,सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### मीसा बंदियों ने आपबीती सुनाई

डोंगरगढ़ के अमित छाबड़ा ने अपने पिताश्री के अनुभव को साझा करते हुए बताया कि उनके पिताजी के रायपुर में जेल में नाखून को नोचा गया और भारी प्रताड़ना भी दी।

---

## पहला कॉलम...

### आज अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस पर जिले में होंगे विविध कार्यक्रम

राजनांदगांव (दावा)। अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस 26 जून को मनाया जाएगा। नशापान करने की प्रवृत्ति पर प्रभावी नियंत्रण तथा समाज में नशामुक्ति के पक्ष में सकारात्मक वातावरण निर्मित किया जाना हैं। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने जिले में नशापान करने की प्रवृत्ति की रोकथाम के लिए समुदाय में जागरूकता सृजन करने की अनिवार्यता के दृष्टिगत सभी स्तरों पर प्रयास करने के निर्देश दिए हैं। समुदाय की सहभागिता से नशापान के विरूद्ध व्यापक जनमत विकसित करने के लिए 26 जून 2024 अन्तर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के अवसर पर स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल एवं युवा कल्याण, महिला एवं बाल विकास विभाग, पंचायत, आबकारी विभाग, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को नशामुक्ति के लिए कार्यक्रम आयोजित कराने के निर्देश दिए गए हैं।

अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस पर ग्राम पंचायत स्तरों पर गठित भारत माता वाहिनी को विभागीय दिशा-निर्देशों अनुसार नशामुक्ति कार्यक्रमों का आयोजन करने कहा गया है। इसके अलावा जनसामान्य की सहभागिता से रैली का आयोजन, विश्व विद्यालय, महाविद्यालय, विद्यालयों में नशामुक्ति पर केन्द्रित चित्रकला, भाषण, गीत, नृत्य, नाटक, स्लोगन आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। ग्राम पंचायत से जिला स्तर तक विभिन्न माध्यमों से नशापान के दुष्परिणामों का प्रचार-प्रसार, निवारक शिक्षा आदि कार्यक्रमों का आयोजन और नशामुक्ति पर केन्द्रित सेमिनार, गोष्ठियां, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। नशामुक्ति साहित्यों का वितरण, विद्यार्थियों में नशापान के विरूद्ध जागरूकता लाना, इसके लिए विश्वविद्यालय, महाविद्यालय, विद्यालय में नशापान के दुष्परिणामों पर केन्द्रित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा।

### आलोक शर्मा का निधन



डोंगरगांव (दावा)। शहर के युवा आलोक शर्मा, पिता स्व.रामचंद्र शर्मा का 25 जून मंगलवार को प्रातः निधन हो गया है. लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे आलोक की अंतिम यात्रा में परिजन व उनके इष्टमित्र शामिल हुए.

---

# आरटीई अंतर्गत प्रवेशित विद्यार्थियों के साथ भेदभाव का व्यवहार नहीं होना चाहिए- कलेक्टर

प्रशासनिक अमला मेंटॉर के रूप में सक्रिय रहते हुए आरटीई के सुचारू क्रियान्वयन के लिए कार्य करेंगे



## विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को सहायता प्रदान करेंगे मेंटॉर

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 अंतर्गत प्रवेशित विद्यार्थियों की अच्छी शिक्षा के लिए मेंटॉर नियुक्त करने के संबंध में अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि गैर अनुदान प्राप्त अशासकीय विद्यालयों के प्रारंभिक कक्षाओं में 25 प्रतिशत आरक्षित सीटों पर कमजोर वर्ग के बच्चों को प्रवेश हेतु चयनित किया गया है। प्रवेश लेने के बाद नये विद्यालय के वातावरण से सामंजस्य स्थापित नहीं कर पाने के कारण शाला का त्याग कर ड्राप आऊट हो गए हैं।

विद्यार्थियों का ड्राप आऊट होना चिंता का विषय हैं। उन्होंने कहा कि भेदभाव होने जैसी स्थिति अच्छी नहीं है। स्कूलों में बच्चों के साथ सबका व्यवहार अच्छा होना चाहिए। इसके लिए विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को सहायता प्रदान करने तथा अभिभावक, स्कूल प्रबंधन एवं प्रशासन के मध्य समन्वय कर विद्यार्थी को उसकी शिक्षा निरंतर रखने में आने वाली बाधा को दूर करने के लिए मेंटॉर की नियुक्ति की जानी है। जिले में शिक्षा का अधिकार अंतर्गत 175 स्कूलों में 1703 सीट है तथा प्रथम चरण में 1471 विद्यार्थी चयनित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि मेंटॉर बच्चों से सतत संपर्क में रहते हुए अभिभावकों से बात करते रहेंगे। विद्यालयों में बच्चों को यदि कोई समस्या आती है, तो उसका समाधान करेंगे।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि जिले के प्रशासनिक अमला मेंटॉर के रूप में सक्रिय रहते हुए आरटीई के सुचारू क्रियान्वयन के लिए कार्य करेंगे। यदि विद्यार्थी स्कूल में नियमित रूप से उपस्थित नहीं हो रहे हैं, तो पालक एवं विद्यार्थी को प्रेरित कर नियमित उपस्थिति की दिशा में कार्य करेंगे। इस बात पर विशेष ध्यान देना है कि विद्यार्थी ड्राप आऊट नहीं हो।

मेंटॉर यह भी सुनिश्चित करेंगे कि स्कूल के सामान्य विद्यार्थी एवं आरटीई अंतर्गत प्रवेशित विद्यार्थियों के मध्य शाला प्रबंधन द्वारा किसी भी प्रकार की असमानता का व्यवहार नहीं किया जा रहा हो। मेंटार यह मानिटरिंग करेंगे कि विद्यार्थियों को सभी सुविधाएं उपलब्ध हो तथा विद्यालय द्वारा अधिनियम के प्रावधानों का किसी भी रूप में उल्लंघन नहीं किया जाए। उन्होंने कहा कि आरटीई के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु शासन द्वारा जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। जिसमें कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, जिला पंचायत सीईओ, नगर निगम आयुक्त, सहायक आयुक्त अनुसूचित जाति-जनजाति विभाग, जिला समन्वयक मिशन संचालक समग्र शिक्षा, जिला शिक्षा अधिकारी, एक प्रचार्य, एक पालक होंगे।

जिला स्तरीय समिति द्वारा निऱ्शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 अंतर्गत भर्ती किए गए विद्यार्थियों को उनकी शिक्षा पूरी होने तक विद्यालयों में बनाए रखने के लिए सतत प्रयास किया जाएगा। समिति द्वारा आरटीई पोर्टल में लाटरी के माध्यम से चयनित विद्यार्थी का प्रवेश सुनिश्चित करवाना एवं विद्यालयों में विद्यार्थियों के साथ भेदभाव नहीं हो यह सुनिश्चित करना होगा। आईटीई अंतर्गत विद्यालयों द्वारा विद्यार्थियों को स्कूल पाठ्यपुस्तकें, गणवेश एवं लेखन सामग्री निऱ्शुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। जिला स्तरीय समिति द्वारा यह सुनिश्चित किया जाएगा कि जिलों में संचालित गैर अनुदान प्राप्त अशासकीय विद्यालय आरटीई पोर्टल पर पंजीकृत हो।

---

## अवैध शराब बिक्री आरोपी रंगे हाथ गिरफ्तार



राजनांदगांव (दावा)। बसंतपुर थाना क्षेत्र के सुरगी चौकी पुलिस ने अपने चौकी क्षेत्र के ग्राम भंवरमरा में आम बगीचे के पास अवैध रुप से शराब बिक्री कर रहे आरोपी को रंगे हाथों पकड़ा है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से कुल 20 पौवा देशी प्लेन शराब कुल मात्रा 3.600 बल्क लीटर कीमत 18 सौ रुपए एवं शराब बिक्री रकम 270 रुपए जप्त की है। बता दें सुरगी चौकी प्रभारी निरीक्षक कौशलेश देवांगन के नेतृत्व में ग्राम भंवरमरा में आम बगीचा के पास मुखबीर सूचना पर आरोपी रामचंद निषाद पिता स्व. संतु निषाद, उम्र 32 वर्ष को अवैध रूप से मात्रा से अधिक शराब रखकर बिक्री करते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया। आरोपी के विरुद्ध मात्रा से अधिक शराब रखकर अवैध रूप से बिक्री करते हुए पाए जाने पर धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

## दुकान के शटर का लीवर काटकर 60 हजार की चोरी

राजनांदगांव (दावा)। वीआईपी रोड स्थित एक हास्पिटल के निकट स्टील रेलिंग वर्कशाप में चोरों ने दुकान के शटर का लीवर काटकर 60 हजार की चोरी कर ली। घटना के संबंध में दुकान मालिक द्वारा पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराए जाने के उपरांत पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

घटना के संबंध में पुलिस में रिपोर्ट कर दुकान मालिक सैयद साहेब निवासी सृष्टि कालोनी ने बताया कि 22 जून की शाम वह वीआईपी रोड स्थित अपनी रेलिंग वर्कशॉप को 7.30 बजे बंद कर गल्ले में नगदी रकम 60 हजार रूपए छोड़ गया था। रात्रि 1.30 बजे उसे सूचना मिली कि तुम्हारे दुकान में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा ताला के लीवर को काट दिया है। तथा शटर उठा हुआ है। सूचना मिलने पर वह तत्काल मौके पर पहुंचा और शटर को खोलकर काउंटर को देखा तो काउंटर का ताला टूटा हुआ है। तथा दराज में रखे 60 हजार रूपए गायब है। पुलिस मामले को जांच में लेकर आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

// न्यायालय नजूल अधिकारी जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई//

// उद्घोषणा //

रा.प्र.क्र.202406291500006
शीर्ष- अ-6 वर्ष 2023-24
क्रमांक 331/ वा. नजूल/2024
खैरागढ़, दिनांक 25/06/2024


एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक भवानी बहादुर पिता स्व. राजा शिवेन्द्र बहादुर निवासी सिविल लाईन कमल विलास पैलेस के पास खैरागढ़ जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई द्वारा नगर खैरागढ़ मोहल्ला सिविल लाईन ब्लॉक नं. 01 स्थित भूखण्ड क्रमांक 53 सम्मिलित भूखण्ड क्रमांक 54 रकबा क्रमशः23580 वर्ग फुट एवं 650 वर्ग फुट भूमि उनके पिता राजा शिवेन्द्र बहादुर पिता राजा बीरेन्द्र बहादुर एवं अन्य 03 के नाम पर दर्ज है जिसमें आवेदक के पिता राजा शिवेन्द्र बहादुर एवं सहखातेदार राजा रविन्द्र बहादुर एवं शारदा देवी सिंह सभी पिता राजा बीरेन्द्र बहादुर का फौत दिनांक क्रमशः 31.12.1999, 17.07.2016 एवं 17.02.2009 को हो जाने के कारण उक्त वादभूमि पर विधिक वारिसानों के नाम पर फौती नामांतरण किए जाने आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उपरोक्तानुसार वाद भूमि संबंधी रिकार्ड में विधिक वारिसानों के नाम पर फौती दर्ज की कार्यवाही किए जाने में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपना आपत्ति/आक्षेप ईश्तहार प्रकाशन तिथि के 15 दिनों के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त होने वाले आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 25/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय पदमुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी, खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई

## आज कांग्रेस का धरना प्रदर्शन एवं पुतला दहन



राजनांदगांव(दावा)। जिला कांग्रेस कमेटी के ग्रामीण जिला अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि ग्राम मुड़पार में शासकीय जप्त रेती लगभग 800 हाईवा करोड़ों रुपए की रेती चोरी व बेचने मामला को लेकरभाजपा सरकार एवं उनके नेताओं के संरक्षण एवं मिलीभगत के कारण दोषियों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं होने के खिलाफ में जिला के सभी ब्लॉक मुख्यालय में 26 जून 2024 को धरना प्रदर्शन एवं पुतला दहन भाजपा मुख्यमंत्री का किया जायेगा।

श्री साहू ने आगे कहा कि सभी ब्लॉक प्रभारी अपने अपने ब्लॉक में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने। सभी ब्लॉक अध्यक्षों से विनम्र अपील है। ब्लॉक क्षेत्र के विधायकगण, पूर्व विधायकगण, पूर्व मंत्री, नेता, छाया विधायकगण, स्थाई, विशेष आमंत्रित सदस्य,राजनांदगांव ग्रामीण जिला कांग्रेस क्षेत्र के समस्त प्रदेश कांग्रेस कमेटी पदाधिकारीगण, जिला कांग्रेस कमेटी पदाधिकारीगण, नगर निगम,पालिका,परिषद, पंचायत सभी पदाधिकारी, जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सभापति, सदस्यगण, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल, किसान कांग्रेस, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग विभाग, आदिवासी कांग्रेस एवं समस्त प्रकोष्ठ के अध्यक्ष एवं सदस्यगण कार्यकर्ता, सरपंच, पंच, प्रवक्ता, सोशल मीडिया ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारीगण, जोन, सेक्टर, वरिष्ठ कांग्रेसजन, बुथ एवं बुथ के सभी कार्यकर्तागण को सूचित कर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

---

## भूमिक्षा ने जर्मनी और अनिशा ने नीदरलैण्ड में खेला 4 नेशंस हॉकी टूर्नामेंट, कलेक्टर ने दी बधाई



- कलेक्टर ने भूमिक्षा और अनिशा को हॉकी स्टिक और पुष्प गुच्छ देकर किया सम्मानित
- भूमिक्षा और अनिशा ने 4 नेशंस हॉकी टूर्नामेंट में टीम इंडिया का किया प्रतिनिधित्व

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल से आज कलेक्टर कक्ष में 4 नेशंस हॉकी टूर्नामेंट में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करने वाली अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी भूमिक्षा साहू एवं अनिशा साहू ने सौजन्य भेंट की। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने भूमिक्षा और अनिशा को हॉकी स्टिक और पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। उन्होंने भूमिक्षा एवं अनिशा को इस उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकानाएं दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कलेक्टर ने कहा कि आगे भी इसी तरह उपलब्धियां हासिल करें और सफलता के नये आयाम स्थापित करें। उन्होंने कहा कि निश्चित ही इस उपलब्धि से आपने राजनांदगांव जिले के साथ देश और प्रदेश का नाम रौशन किया है। इसके साथ ही शासन-प्रशासन और हॉकी संघ का नाम गौरवान्वित किया। उन्होंने आने वाले अन्य हॉकी खिलाडियों को भी प्रेरित और प्रोत्साहित करने कहा।

गौरतलब है कि भूमिक्षा और अनिशा 4 नेशंस हॉकी टूर्नामेंट में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व किया है। 4 नेशंस हॉकी टूर्नामेंट जर्मनी और नीदरलैण्ड में आयोजित किया गया। भूमिक्षा ने जर्मनी और अनिशा ने नीदरलैण्ड में 4 नेशंस हॉकी टूर्नामेंट में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व किया। भूमिक्षा और अनिशा बसंतपुर राजनांदगांव की निवासी है। ये दोनों खिलाड़ी डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र स्कूल मैदान में हॉकी खेलना शुरू किया था। इनके कोच अनुराज श्रीवास्तव थे। भूमिक्षा मध्यप्रदेश हॉकी अकाडमी ग्वालियर से प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। भूमिक्षा का नेशनल टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा गोल करने का रिकार्ड है, इसके लिए उन्हें जूनियर नेशनल हॉकी प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल मिला चुका है। अनिशा छत्तीसगढ़ हॉकी टीम से खेलते हुए इंडिया टीम में चयनित हुई थी। यह मिड फील्ड में खेलती हैं। अभी इंडिया कैम्प बेंगलुरू में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। दोनों खिलाडियों का लक्ष्य ओलम्पिक-2028 में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करने का है। इस अवसर पर अध्यक्ष छत्तीसगढ़ हॉकी संघ फिरोज अंसारी, रणवीजय सिंह, हॉकी कोच अनुराज श्रीवास्तव उपस्थित थे।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा0) खैरागढ़ जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.)

ईश्तहार

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नदेश्वर सिन्हा पिता दानसिंग सिन्हा निवासी ग्राम मुढ़ीपार तहसील खैरागढ़ के द्वारा ग्राम मुढ़ीपार प.ह.नं. 13 रा.नि.मं. मुढ़ीपार तहसील खैरागढ़ स्थित अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नं. 879/4 रकबा 0.016हे. भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए आवेदन पेश किया है। उक्त प्रकरण में आगामी सुनवाई दिनांक 27/06/2024 को नियत किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी को दावा-आपत्ति पेश करना हो वह नियत दिनांक के पूर्व स्वयं/ अपने अधिवक्ता/ अपने द्वारा नियुक्त व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं, नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

आज दिनांक 06/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा0)
खैरागढ़

कार्यालय : ग्राम पंचायत, डुमरडीहखुर्द
विकासखंड एवं जिला राजनांदगांव

क्र. 6/ग्रा. पंचा./2024 दिनांक 20/6/24

निविदा सूचना

ग्राम पंचायत डुमरडीहखुर्द विकासखंड राजनांदगांव अन्तर्गत अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण मद से जय सतनाम मंगल चौका पार्टी डुमरडीहखुर्द हेतु राशि 100000/- (एक लाख) रू. की लागत से बर्तन क्रय किया जाना है।

अतः फर्म/एजेंसी से सील बंद निविदा दिनांक 5/7/2024 शाम 5 बजे तक आमंत्रित है। विस्तृत नियम व शर्ते कार्यालय के सूचना पटल पर देखी जा सकती है।

झालाराम साहू
सचिव

श्रीमती मीनाबाई नेताम
सरपंच ग्राम पंचायत डुमरडीहखुर्द

### शुभांक

अनुमानित

बी. के
1-5-8
660-2 268-6
राजधानी
2-5-7
900-9 580-3

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
भीड़भरा शानदार पांचवां सप्ताह रोजाना 4 खेलों में
समय : 12, 3, 6 व 9 बजे
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
पारिवारिक, एक्शन एवं गीत संगीत से भरपूर
सतीश जैन कृत
मोर छंइहा भुंईया-2
छत्तीसगढ़ी भाषा में
कलाकार - मन कुरैशी, दीक्षा जायसवाल, दीपक साहू, एल्सा घोष, पुष्पेन्द्र सिंह, नितिन ग्वाला, क्रांति दीक्षित, धर्मेन्द्र चौबे आदि




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

paytm bookmyshow
SILVER SCREEN MULTIPLEX
21st June to 27th June 2024
Silver Screen




Ishq Vishk Rebound - 12:15, 06:15 & 09:15 pm
Chandu Champion - 03:15, 06:30 & 09:30 pm
Mor Chhainha Bhuinya 2 - 12:00, 03:00 & 06:00 pm
Munjya - 12:30, 03:30 & 09:00 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

# आज खुलेंगे स्कूलों के पट, शाला प्रवेश उत्सव की रहेगी धूम



- जर्जर स्कूल भवनों में पढ़ेंगे नौनिहाल, जान का बना खतरा
- पुस्तक-कापी, गणवेश की दुकानों में उमड़ी भीड़

राजनांदगांव (दावा)। नए शिक्षण सत्र के तहत आज 26 जून बुधवार से स्कूलों के पट खुलने जा रहे है। स्कूल खुलते ही आसपास के क्षेत्रों में पिछले कुछ दिनों से छाई वीरानगी में बहार आ जाएगी। स्कूलों के आसपास चहल-पहल का वातावरण बना रहेगा। लेकिन इसके साथ ही साथ एक भय भी बना रहेगा। वह यों कि शहर सहित जिले भर के कई स्कूल भवन जर्जर हालत में है।

हल्की से बारिश होने पर भरभरा कर ढह सकती है। इससे बच्चों की जान का खतरा बना हुआ है। कई स्कूल ऐसे है जिनके छत से पानी टपकता है जिससे बारिश में बच्चों का बैठना मुश्किल है। किचन शेड खराब पड़े है। कई स्कूलों में टायलेट का अभाव देखा गया है और उससे भी जग-जाहिर समस्या शिक्षक-शिक्षिकाओं के अभाव की है। इसके सारी कमियां के बावजुद आज बुधवार से स्कूल खुलने जा रहा है। इसके लिए निजी और सरकारी स्कूलों में नए शिक्षण सत्र की तैयारी पूरी कर ली गई है।

### पुस्तक कापी की दुकानों में भीड़

बता दे कि गत एक मई से सरकार द्वारा स्कूलों में ग्रीष्म कालीन अवकाश घोषित किया गया था। इस साल भीषण गर्मी भी पड़ी। इसके चलते 18 जून को स्कूल खुलने के बजाय 26 जून से स्कूल प्रारंभ करने के आदेश जारी किए गए। वैसे ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान स्कूलों में गिनती के ही नए दाखिले हुए। आज स्कूल खुलने के साथ ही विद्यार्थियों के प्रवेश का सिलसिला तेज हो जाएगा।

वैसे स्कूल खुलने के पूर्व ही बच्चों के अभिभावकों द्वारा उनके लिए कापी-पुस्तक से लेकर नए जूते-भोज व गणवेश की खरीदी शुरू कर दी है। इससे शहर के काफी पुस्तक गणवेश आदि की दुकानों में भीड़ दिखने लगी है। निजी स्कूलों ने जहां गणवेश के लिए शहर के कुछ मुख्य दुकान-प्रतिष्ठानों का अधिकृत कर दिया है वही किताबों की खरीदी के लिए भी अलग-अलग स्कूलों ने बुक डिपो तय कर दी है। इधर नए शिक्षण सत्र की पुस्तके और गणवेश के दाम में गतवर्ष की तुलना में 10 से 12 फीसदी का इजाफा हो गया है। वही दूसरी ओर गणवेश और पाठ्य पुस्तक खरीदी के दौरान छूट देने से बुक डिपो संचालक ने हाथ खड़ी कर दिए जाने से पाठय पुस्तक से लेकर गणवेश खरीदी में पालको को कोई राहत नहीं मिल रही। निजी स्कूलों एडमिशन को लेकर काफी प्रतिस्पर्धा है।

नए विद्यार्थियों को फीस से लेकर अन्य शैक्षणिक सुविधा देने में रियायत देने के आफर है। जानने में आ रहा है कि स्कूल के शुरूआत होते ही सभी पुस्तकों के साथ विद्यार्थियों को कक्षा में हाजिर होना पड़ेगा। इसके लिए पहले से ही निर्देश दे दिए गए थे। यही कारण है कि निजी एवं सरकारी स्कूलों में शिक्षा महंगी होती चली जा रही है। हालांकि शिक्षा के अधिकार कानून के तहत पात्र विद्यार्थियों का फायदा मिल रहा है लेकिन इस कानून का लाभ नहीं उठाने वाले विद्यार्थियों के लिए पढ़ाई भारी पड़ रही है।

# आज बार एसोसिएशन के चुनाव में मनोज चौधरी, मौलेश तिवारी व नारायण के बीच अध्यक्ष के लिए कड़ा मुकाबला

## सचिव पद पर नरेश गंजीर व राजेश खांडेकर के बीच कड़ी टक्कर



राजनांदगांव(दावा)। आज बार एसोसिएशन का चुनाव होना है। इसमें जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष पद के लिए पूर्व अध्यक्ष रहे जाने-माने अधिवक्ता मनोज चौधरी, अधिवक्ता मौलेश तिवारी व नारायण कन्नौजे के बीच कड़ा मुकाबला है तथा अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष पद के लिए इस प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव में जहां त्रिकोणिय मुकाबला बना हुआ है, वही सचिव पद के लिए नरेश कुमार गंजीर व राजेश खांडेकर के बीच आमने-सामने की टक्कर है। उपाध्यक्ष पद के लिए अशोक चौधरी, देवेश दत्त दास वैष्णव और तहसील कार्यालय के नोटरी व अधिवक्ता मोरध्वज साहू के बीच त्रिकोणीय मुकाबला की स्थिति बनी हुई है। वही कार्रकारिणी के पद पर भागवत साहू, हरिलाल पटवा, महेन्द्र शर्मा, राजेन्द्र शर्मा, नरेश कुमार शर्मा और वीरेन्द्र मुक्ति के चुनाव मैदान में उतरने से इनके बीच कांटे की टक्कर की स्थिति निर्मित हो गई है।

### 467 मतदाता करेंगे मतदान

बता दे कि आज 26 जून बुधवार को जिला अधिवक्ता संघ का चुनाव होना है। इसके पहले प्रत्याशियों ने अपने-अपने स्तर पर प्रचार-प्रसार शुरू कर दी थी।

घर-घर जाकर अथवा मोबाइल से सम्पर्क कर अपने पक्ष में चुनाव प्रचार कर रहे थे। इसके चलते प्रत्याशियों के प्रति अच्छा-खासा माहौल बन गया है। आज सीधे मतदान होगा। जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष उपाध्यक्ष, सचिव व कार्यकारिणी पुरूष पदो के लिए 467 मतदाता अपने पंसदीदा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करेंगे। मुख्य निवार्चन अधिकारी उमाकांत भारद्वाज ने बताया कि आज 26 जून को 10.30 बजे मतदान के लिए सभी एकत्रित हो जाएंगे। और उनके सामने ही मतपेटी सील की जाएगी। तत्पश्चात 11 बजे से मतदान प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। श्री भारद्वाज ने बताया कि जिला अधिवक्ता संघ के छह पदो के लिए एक-एक नामांकन पत्र जमा होने के चलते यहां निर्विरोध निर्वाचन की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। जिला अधिवक्ता संघ ने उपाध्यक्ष महिला पद पर श्रीमती आराधना वर्मा, सहसचिव पद पर आदित्य स्वरूप गुप्ता, संस्कृति एवं क्रीड़ा सचिव के पद पर वीरेन्द्र मेश्राम, कोषाध्यक्ष के पद पर विजेन्द्र कुमार जैन, ग्रंथपाल के पद पर लीलाधर साहू तथा कार्यकारिणी महिला के पद पर प्यारी सिन्हा निर्विरोध निवाचित हुई। बहरहाल आज जिला न्यायालय के लाईब्रेरी कक्ष में अधिवक्ताओं की भीड़ व मतदान करने वालों की गहमा-गहमी देखने को मिलेगी। श्री भारद्वाज ने बताया कि चुनाव परिणाम 27 जून को घोषित होगा।

# श्री वेंकटेश सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा नि:शुल्क ओपीडी हेल्थ कैंप शुरु



रायपुर(दावा)। कमल (कौशल्या) विहार सी-14, सेक्टर-8 में स्थापित श्री वेंकटेश सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा मरीज के हितों को ध्यान में रखते हुए निशुल्क मेगा सुपर स्पेशलिटी ओपीडी हेल्थ कैंप दिनांक 22 जून से 6 जुलाई 2024 तक 15 दिवसीय कैंप का भव्य आयोजन किया जा रहा है, उक्त कैंप मे दूर-दूर क्षेत्र से मरीज आकर अपना रजिस्ट्रेशन करवा रहे हैं अस्पताल द्वारा सभी प्रकार की जांचों पर 15त्न की विशेष छूट प्रदान की जा रही है।

उक्त हेल्थ कैंप में डॉ. संदीप चंद्राकर (जनरल व लेप्रोस्कोपी सर्जरी), डॉ. निमेष निभानी (ऑर्थोपेडिक व ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी), डॉ. इशरत कौर (इंटरनल मेडिसिन) विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। उक्त हेल्थ कैंप में रजिस्ट्रेशन फीस मात्र 100 रु रखा गया है। कैंप मे पूर्व पंजीयन अनिवार्य है, पूर्व पंजीयन के लिए कॉल करें 07713103333, 7880081828।

# मितानिनों के लिए बड़ी खुशखबरी: मानदेय को लेकर स्वास्थ्य मंत्री ने किया बड़ा ऐलान उन्हें अब मानदेय के लिए भटकना नहीं पड़ेगा



रायपुर (दावा)। प्रदेश की डेढ़ लाख से ज्यादा मितानिनों को हर माह उनका मानदेय खाते में मिलेगा। उन्हें अब मानदेय के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने सोमवार को इसकी घोषणा की। मितानिनों का हर माह 10 हजार रुपए से ज्यादा मानदेय मिलता है। सीएम साय ऑनलाइन भुगतान की शुरुआत करेंगे।

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इसकी घोषणा करते हुए कहा कि, मितानिन बहनें मानदेय के लिए परेशान ना हो सरकार और स्वास्थ्य विभाग इसके लिए लगातार प्रयास कर रहा है। सीएम साय ने कहा है कि प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था को दुरुस्थ रखने में मितानिनों का बहुत बड़ा योगदान है। ऐसे में उनका खयाल रखना राज्य का कर्तव्य है। मितानिनें गांवों में स्वास्थ्य विभाग की एक बहुत बड़ी कड़ी हैं। गर्भवती महिलाओं की जरूरी जांच करवाने से लेकर समय पर दवा देना, डिलीवरी के लिए अस्पताल ले जाना मितानिनों का काम है। गांव में कोई बीमार है तो वे मितानिनों से दवा लेकर खा सकता है। खासकर मौसमी बीमारियों के समय मितानिनों की भूमिका बढ़ जाती है। किस गांव में कितनी गर्भवती है और डिलीवरी कब होनी है, इसकी सटीक जानकारी मितानिनों को होती है।

### सीएम साय करेंगे इसकी शुरुआत

मंत्री श्री जायसवाल ने आगे कहा कि, इस योजना की शुरुआत मुख्यमंत्री के हाथों से किया। विष्णुदेव साय सरकार छत्तीसगढ़ को स्वस्थ छत्तीसगढ़ बनाने की संकल्पना पर काम कर रही है। इसके लिए प्रदेश की स्वास्थ्य सुविधाओं में लगातार सुधार आ रहा है जो निरंतर जारी रहेगा। छत्तीसगढ़ सरकार की सबसे महत्वकांक्षी योजनाओं में से एक महतारी वंदन योजना के तहत प्रदेश की लगभग 60 लाख महिलाओं के खातों में हर महीने 1 हजार रुपए ट्रांसफर किए जाते हैं। अब तक इस योजना की चार किस्त सरकार ने महिलाओं के खाते में ट्रांसफर की है।

### महतारी वंदन योजना की तर्ज पर होगा भुगतान

सरकार की इस नई पहल के तहत मितानिन महिलाओं के मानदेय का भुगतान प्रदेश सरकार की महतारी वंदन योजना के तर्ज पर किया जाएगा। जैसे प्रदेश की महिलाओं के खाते में सीधे पैसे ट्रांसफर किए जा रहे हैं वैसे ही मितानिनों का मानदेय भी सीधे ऑनलाइन उनके खातों में ट्रांसफर किए जाएंगे।

### क्या है महतारी वंदन योजना

छत्तीसगढ़ सरकार की सबसे महत्वकांक्षी योजनाओं में से एक महतारी वंदन योजना के तहत प्रदेश की लगभग 60 लाख महिलाओं के खातों में हर महीने 1 हजार रुपए ट्रांसफर किए जाते हैं। अब तक इस योजना की चार किस्त सरकार ने महिलाओं के खाते में ट्रांसफर की है.

# बारिश का पानी भू-गर्भ में जाने घर एवं भवन में वाटर हारवेस्टिंग लगाने नागरिकों से आयुक्त ने की अपील



राजनांदगांव (दावा)। भू-जल स्तर बढ़ाने एवं वर्षा का पानी भूमि में जाने नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने नागरिकों से अपने घरों प्रतिष्ठानों एवं भवनों में रेन वाटर हारवेस्टिंग सिस्टम लगाने की अपील की है।

आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि हमारे जीवन में जल का विशेष महत्व है। आज पेड़ो की अंधाधुन कटाई एवं शहर व गांव में सीमेंट कांक्रिटिंग रोड निर्माण होने से जमीन के अंदर पानी नहीं पहुच पाता जिससे भूगर्भ में जल की कमी हो गई है। जिससे नदी, तालाबों, कुँओं, हैण्ड पंपों का जल स्तर कम होता जा रहा है और यही स्थिति रही तो भविष्य में पानी की किल्लत एक विकराल रूप ले लेगी। इस समस्या से निपटने के लिये भूमि में जल स्तर बढ़ाने प्रयास करना होगा। इसके लिये हमे घरों व भवनों में रैन वाटर हारवेस्टिंग लगाना चाहिये। जिससे बरसात का पानी छत व आंगन के माध्यम से नीचे जमीन में जाता है, जो जल स्तर को बढाता है। हैण्ड पंप के पास सोक्ता पीठ का निर्माण करना चाहिये,जिससे भी जल स्तर बढता है। उन्होने कहा कि वर्तमान में वर्षा ऋतु चल रही है, वर्षा का पानी भूमि में जल स्तर बढ़ाने का अच्छा माध्यम है, इसलिये वर्षा का पानी भूमि में जाने रैन वाटर हारवेस्टिंग जरूर करावे। आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि रैन वाटर हारवेस्टिंग के लिये नगर निगम द्वारा भवन निर्माण के समय निगम में राशि जमा कराई जाती है और भवन पूर्णता के पहले हारवेस्टिंग सिस्टम लगने की जॉच कर पूर्णता दी जाती है, यदि हारवेस्टिंग सिस्टम नहीं लगाया जाता तो उनकी राशि राजसात कर निगम द्वारा हारवेस्टिंग सिस्टम लगाने नोटिस दिया जाता है, नही लगाने की स्थिति में निगम में जमा एफडीआर राजसात कर उसी राशि से निगम द्वारा संबंधित के घर या भवन में हारवेस्टिंग सिस्टम लगाया जाता है।

आयुक्त श्री गुप्ता ने सभी घरों व भवनों के मालिको से अपील करते हुये कहा कि इस बरसात वे अपने घरों व भवनों में रैन वाटर हारवेस्टिंग सिस्टम लगावें, जिससे बारिश का पानी जमीन में जा सके, ताकि जल स्तर बढ़ सके। उन्होंने बताया कि निजी के साथ साथ शासकीय भवनों समाजिक भवनों मे भी रैन वाटर हारवेस्टिंग सिस्टम अनिवार्य रूप से लगानी चाहियें, जिससे बारिश का पानी भूगर्भ मे जा सके।

# पृथ्वीराज ने जीता कराटे में गोल्ड



नगर आगमन पर भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने किया स्वागत

राजनांदगांव(दावा)। जिला भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला महामंत्री राजेश बिसने के नेतृत्व में भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के पदाधिकारियों ने ऑल इंडियन कराटे चैम्पियन 2024 बिलासपुर कोनी में आयोजित प्रतियोगिता में पुराना ढाबा वार्ड नं. 04 के पृथ्वीराज निर्मलकर पिता अजय निर्मलकर ने गोल्ड मेडल प्राप्त कर संस्कारधानी का नाम रोशन किया। गोल्ड प्राप्त कर नगर आगमन पर जिला भाजपा मोर्चा पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने रेलवे स्टेशन पंहुचकर गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया।

इस अवसर पर जिला महामंत्री राजेश बिसने, उपाध्यक्ष पवन निर्मलकर, कोषाध्यक्ष भीष्म देवांगन, सोशल मिडिया प्रभारी विजय कुमार सिन्हा, सतीस धीवर, देवानंद निर्मलकर, धनराज रजक, मधु भाई एवं अन्य उपस्थित थे।

# सनातन धर्म की जीवन पद्धति पूरी तरह योग मय-मोरजध्वज देवांगन



जिले में जगह-जगह विश्व योग दिवस मनाया

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा के युवा व दबंग नेता मोरजध्वज देवांगन ने कहा कि सनातन धर्म जिसे हिंदू धर्म भी कहते हैं कि जीवन पद्धति पूरी तरह योग में है। बीच के समय में लोग योग को लगभग भूल ही गए थे। यह तो राजनीतिक हस्तक्षेप से लोगों के ध्यान में आया और लोग अनुलोम विलोम श्वसन भुजंगासन यह सब करने लगे वास्तव में योग हर रोज हर समय करना है।

आत्मा को परमात्मा से जोड़े रखना सबसे बड़ा योग है। सुबह उठकर बिस्तर पर से भूमि वंदन स्नान ध्यान करके सूर्य नमस्कार करना आदि सब योग के श्रेणी में आता है। देवांगन ने आगे कहा कि अखिल ब्रह्मांड में श्री कृष्णा जो विष्णु के अवतार थे। जो सबसे बड़े योगी माने जाते हैं जिन्हें महायोगी भी कहते हैं उनसे प्रेरणा लेकर योग को बहुत अच्छी तरह समझा जा सकता है। योग को समझना है तो हमें गीता में उतरना होगा। जिसमें सभी 18 अध्याय पढ़ समझ कर योग को जीवन में भाली भांति उतर जा सकता है। योग सफल जीवन की कुंजी है इसे नहीं भूलना चाहिए। योग हमारी प्राचीन चिकित्सा पद्धति है। हमारे आस पास ऐसे अनेक कारण विद्यमान है जो तनाव थकान, तथा चिड़चिड़ापन को जन्म देते है जिससे हमारी जिंदगी अस्त व्यस्त हो जाती है। ऐसे में जिंदगी को स्वस्थ तथा ऊर्जावान बनाए रखने के लिए योग एक ऐसी रामबाण दवा है जो माइंड को कुल और बॉडी को फिट रखता है।

आज हम दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाए है। 27 सितंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित करते हुए भारत के पीएम मोदी ने विश्व समुदाय से योग दिवस मनाने का आव्हान किया। 11 दिसंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा के 193 सदस्यों ने रिकॉर्ड 177 सह समर्थक देशों के साथ 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने का संकल्प सर्व सम्मति से अनुमोदित कर दिया। योग केवल रोगों को दूर करने की प्रक्रिया नहीं है। आशय शरीर के समस्त रोगों को दूर कर मस्तिष्क को तनाव मुक्त कर मन को पवित्र बनाकर आत्मा का ईश्वर से संबंध स्थापित करना है।

# सभी अधिकारी फिल्ड में जाकर शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन का करें निरीक्षण- कलेक्टर



शाला प्रवेशोत्सव प्रारंभ, स्कूल, आश्रम-छात्रावास का निरीक्षण करने के दिए निर्देश, पोट्ठ लईका अभियान, जल संरक्षण, पौधरोपण, फसल परिवर्तन के संबंध में लोगों को जागरूक करने कहा

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि शाला प्रवेशोत्सव 26 जून से प्रारंभ हो रहे हैं। शाला प्रवेशोत्सव को ध्यान में रखते हुए सभी अधिकारी स्कूल, आश्रम-छात्रावास का निरीक्षण करेंगे। उन्होंने शिक्षा का अधिकार, गणवेश, पाठ्यपुस्तक के संबंध में जानकारी ली तथा स्कूलों में न्योता भोजन भी प्रारंभ करने कहा। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी फिल्ड में जाकर गंभीर कुपोषित बच्चों के लिए चलाए जा रहे पोट्ठ लईका अभियान, जल संरक्षण, पौधरोपण, फसल परिवर्तन के संबंध में लोगों को जागरूक करेंगे तथा शासन की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में निरीक्षण करेंगे। उन्होंने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, आंगनबाड़ी केन्द्र, स्कूल एवं अन्य संस्थान का निरीक्षण करेंगे। विकासखंड स्तर पर शिविर के आयोजन के साथ ही राजस्व शिविर भी आयोजित रहें। शिविर में आय-जाति-निवास प्रमाण पत्र, नामांकन, सीमांकन, बटवारा के प्रकरणों का निराकरण करने के लिए कहा। जिन क्षेत्रों में राजस्व शिविर लगाए जाएंगे वहां पहले से ही ग्रामवासियों को सूचना देने के लिए मुनादी कराने कहा। कलेक्टर ने कहा कि 3 जुलाई को जिले में सघन पौधरोपण किया जाएगा। इसके लिए सभी विभागों को आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिए। पौधरोपण के लिए प्रत्येक घर का जुड़ाव होना चाहिए और जनसहभागिता से यह महत्वपूर्ण कार्य किया जाना है। फलदार एवं छायादार पौधे व्यापक पैमाने पर लगाए जाएंगे। वन, कृषि, उद्यानिकी, उद्योग, खनिज विभाग, कृषि विज्ञान केन्द्र सहित सभी विभाग समन्वय करते हुए कार्य करेंगे। वन, कृषि, उद्यानिकी विभाग नर्सरी से मांग के अनुरूप संस्थानों को पौधे उपलब्ध कराएंगे। कटहल, अमरूद, नींबू, आम, इमली जैसे फलदार पौधों के साथ मुनगा एवं छायादार पौधे लगाना है। अपने क्षेत्रों में पौधरोपण के लिए सभी जिम्मेदारी लें। उक्त बातें कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में कही।

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि अधिकारियों को एक जुलाई से लागू हो रहे तीन नये कानून भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 की जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता दीदीयों द्वारा डोर टू डोर कचरा संग्रहण एवं कचरा प्रबंधन, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट के कार्य जारी रहना चाहिए। सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के लिए कार्य करने की आवश्यकता है। लोहा, कांच, पेपर, बायोवेस्ट मटेरियल से स्वच्छता दीदीयों को आय होती है। डीएमएफ अंतर्गत स्वच्छता दीदीयों के लिए गोदाम का निर्माण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समूह की महिलाओं की आय बढ़ाने की जरूरत है। इसके लिए एक स्थायी व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता के कार्य पर ध्यान केन्द्रित करते हुए कार्य करने की आवश्यकता है। कलेक्टर ने कहा कि जिले में खाद-बीज की कमी नहीं होना चाहिए। विगत वर्ष की तुलना में इस वर्ष खाद-बीज का उठाव किसानों ने अधिक मात्रा में किया है। किसानों के पास गुणवत्तापूर्ण खाद एवं बीज होना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत आधार सिडिंग के लिए ई-केवाईसी शेष रह गए है, 1867 लंबित प्रकरणों को अभियान चलाकर पूरा करने की आवश्यकता है। किसानों को शासन की योजना का लाभ अधिक से अधिक मिलना चाहिए।

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि लोक सेवा केन्द्र में लोक सेवा गारंटी योजना के तहत इस बात पर ध्यान देने की आवश्यकता है कि लोगों को समय पर आय-जाति-निवास प्रमाण पत्र एवं नक्शे प्राप्त हो जाए। उन्होंने कहा कि 5 डिसमिल से ज्यादा भूमि होने पर नक्शों का बटांकन करना है। राजस्व निरीक्षक ग्रामवार इसके लिए मानिटरिंग करें। श्रम विभाग अंतर्गत शासन की योजनाओं का लाभ मनरेगा के मजदूरों को दिलाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि मोबाईल एप के माध्यम से भी मजदूर अपना पंजीयन कर सकते हैं। श्रम विभाग योजना अंतर्गत भगिनी प्रसूता योजना अंतर्गत महिला श्रमिकों के लिए तथा विशेष कोचिंग सुविधा अंतर्गत श्रमिकों के बच्चों के शिक्षा के लिए प्रावधान किए गए हैं। उनको इसका अधिक से अधिक लाभ मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि नगर निगम, सीएमओ, पशुपालन विभाग बारिश को ध्यान में रखते हुए यह सुनिश्चित करें कि पशु सड़क पर न बैठे, इसके लिए वैकल्पिक व्यवस्था करें तथा पशु मालिक पर जुर्माना लगाने की कार्रवाई करें। सड़क दुर्घटना को ध्यान में रखते हुए इस पर विशेष ध्यान देते हुए कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने डीएमएफ अंतर्गत लोकहित में अच्छे प्रस्ताव भेजने के लिए कहा। कलेक्टर ने कहा कि सांकरदाहरा को पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित किया जाना है। वहीं जिले में एक कला केन्द्र की स्थापना करना है। उन्होंने एजुकेशन हब, बूढ़ासागर एवं रानी सागर की साफ सफाई, पीडीएस दुकानों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि 1 से 31 जुलाई तक डायरिया बीमारी से बचाव के लिए पखवाड़े का आयोजन किया जाएगा। स्कूलों, पंचायतों, आंगनबाड़ी केन्द्रों में हैण्डवाश करने के लिए बच्चों को सीखाना है। उन्होंने डायरिया की बीमारी से सुरक्षा के लिए ओआरएस घोल एवं जिंक टेबलेट रखने के लिए निर्देशित किया। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत एक सुव्यवस्थित कालोनी का निर्माण करने के लिए कहा।

वनमंडलाधिकारी आयुष जैन से पौधरोपण के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पौधरोपण करते समय पौधों में उपजाऊ मिट्टी, गोबर खाद एवं अन्य पोषकतत्व करना चाहिए और पौधा लगाने के तरीके के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने वन विभाग द्वारा संचालित संजीवनी में उपलब्ध विभिन्न हर्बल उत्पादों के संबंध में भी बताया। जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने कहा कि जल शक्ति अभियान अंतर्गत कृषि, उद्यानिकी, कृषि विज्ञान केन्द्र एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को जल संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी ऑनलाईन अपडेट करना है। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत व्यवस्थित कालोनी निर्माण के लिए सभी को कार्य करना है। जिसमें गार्डन, पानी की निकासी एवं अन्य व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वप्रेरित होकर भी सभी पौधरोपण करें। उन्होंने सॉलिड एवं लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट तथा प्लास्टिक संग्रहण के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, संयुक्त कलेक्टर खेमलाल वर्मा, एसडीएम राजनांदगांव अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम डोंगरगांव मनोज मरकाम, एसडीएम डोंगरगढ़ उमेश पटेल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## अनमोल दावा

> मोह उसी का करो जिस पर आपका अधिकार है, जिस पर आपका अधिकार ही नहीं, उसका मोह भी नहीं करना चाहिए।

## सम्पादकीय

# पेट्रोल-डीजल 'जीएसटी' के दायरे में आएगा?

केन्द्र सरकार ने गुड्स एंड सर्विस टैक्स (जीएसटी) काउंसिल की बैठक में पेट्रोल एवं डीजल को जीएसटी दायरे में लाने के लिए विचार-मंथन शुरू कर दिया है। इस आधार पर अटकलें भी शुरू हो गई है कि पेट्रोल-डीजल की कीमतें अब कम होगी। गत दिनों 22 जून को वितमंत्री निर्मला सीतारमन ने जीएसटी काउन्सिल की बैठक में कहा था कि केन्द्र सरकार पेट्रोल और डीजल को जीएसटी के दायरे में लाने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा था कि अब इस बाबत राज्यों को निर्णय करना है। पेट्रोल और डीजल पर कितना टैक्स लगना चाहिए? यह केन्द्र सरकार राज्यों के साथ मिलकर तय करेगी।

अगर, केन्द्रीय वित्तमंत्री का उक्त कथन जमीनी स्तर पर दिखाई देगा तो पेट्रोल और डीजल 20 रूपए प्रति लिटर सस्ता हो सकता है। वर्तमान में एक लिटर पेट्रोल पर लगभग 36 रूपए टैक्स केन्द्र और राज्य सरकार को जाता है। पेट्रोल वास्तव में फिलहाल 60 रूपए पड़ता है। उसमें सरकार के द्वारा ट्रांसपोर्टेशन व दिया जाना वाला कमिशन भी आ जाता है। यद्यपि, केन्द्र और राज्यों के मोटे टैक्स के कारण आम आदमी महंगा पेट्रोल-डीजल खरीदने विवश है। उधर, सरकार की तिजौरी नोटों से छलकने लगती है। अब अगर, पेट्रोल व डीजल को 28 प्रतिशत स्लेब में रखा जाता है, 60 रूपए की पड़ती कीमत में 16 रूपया टैक्स लगे तब भी प्रति लीटर की कीमत 76 रूपए के आसपास हो जाएगी।

नि:संदेह, पेट्रोल की कीमत 20 रूपए घट जाती है तो जनता को इससे भारी राहत मिलेगी। राज्य सरकारों पर अब सारा दारोमदार है कि, वह फ्यूल आयटम्स को जी.एस.टी. के दायरे में लाने के लिए तैयार हैं या नहीं? असल में यह भी तय है कि राज्य सरकारें इसके लिए तैयार नहीं होगी। केन्द्र सरकार भी इस बात को भलिभांति जानती है। इसी कारण, जनता की नजरों में अच्छा बनने के लिए वह डीजल-पेट्रोल को जी.एस.टी. के दायरे में लाने को सार्वजनिक कर दिया है।

राज्यों की दरकार है कि पेट्रोल-डीजल को जीएसटी के दायरे में लाने के बदले फिलहाल की व्यवस्था चालू रखे और उस पर लगे वेट को हटाया जाए। इसका कारण यह है कि राज्यों को इससे मोटी कमायी होती है। क्यों कि, उनके आय का यही एक बड़ा साधन है। जहां शराबबंदी नहीं है, उन राज्यों में एक्साइज के जरिए कमायी हो जाती है। इसके अलावा, स्टाम्प ड्यूटी, खान-खनिज की रायल्टी, वाहन रजिस्ट्रेशन टैक्स, नजूल जमीनों से होने वाली आय, इलैक्ट्रिक ड्यूटी जैसे आय के छोटे-मोटे पेट्रोल पर माध्यम राज्यों के पास है।

पेट्रोल-डीजल से मोटी कमायी होने के कारण ही राज्य सरकारें इसे जी.एस.टी. के दायरे में नहीं लाना चाहती। वैसे, जनता को राहत देने इसे जीएसटी के दायरे में लाना चाहिए। किन्तु, यह भी सच है कि राज्य सरकारें इसके लिए कतई तैयार नहीं होगी। केन्द्र भी इसे बखूबी जानती है। इसी कारण, मोदी सरकार फ्यूल पदार्थों को जीएसटी के दायरे में लाने की खोखली बात करती है। वैसे, केन्द्र सरकार संकल्पित होकर जनता को राहत देना चाहती है तो वह राहत दे सकती है। केन्द्र अपने सेन्ट्रल एक्साइज को कम करके यह राहत दे सकती है। अगर, राज्य सरकारें वेट लेती हैं तो केन्द्र सरकार एक्साइज लेती है।

लोकसभा के 2014 के चुनाव में भाजपा को स्पष्ट बहुमत मिला था, तब पेट्रोल पर एक्साइज ड्यूटी 9.48 प्रति लीटर थी। डीजल व 3.54 रूपए एक्साइज ड्यूटी थी। वर्तमान में पेट्रोल पर एक्साइज ड्यूटी प्रति लीटर 19.90 और डीजल पर 15.80 रूपए प्रति लिटर है। केन्द्र सरकार का रवैया ऐसा ही रहेगा तो जनता को राहत कहां से मिलेगी?

# नेताओं का खुलेआम रोना जनता से जोड़ता है या कमज़ोर दिखाता है?

**निकोला ब्रायन**

कइयों को लिए अब ये बात पुरानी हो गई है कि पुरुष नहीं रोते. लेकिन राजनीतिक नेताओं को लेकर क्या कहेंगे. वो रोते हैं तो लोग क्या महसूस करते हैं? बुधवार को वेल्स के फर्स्ट मिनिस्टर वॉगन गेथिंग वेल्स पार्लियामेंट में अविश्वास प्रस्ताव के पहले रोते दिखाई दिए. गेथिंग अविश्वास प्रस्ताव हार गए थे.

इस तरह गेथिंग चर्चिल से लेकर ओबामा तक, दुनिया के ऐसे नेताओं में शामिल हो गए, जिनके आंसू सार्वजनिक जगहों पर बहते दिखे.

क्या इस तरह सार्वजनिक जगहों पर रोने वाले नेता ज्यादा मानवीय या प्रामाणिक माने जाते हैं या फिर इसे उनकी कमजोरी के एक संकेत के तौर पर देखा जाता है.

लोग नेताओं को कमजोर नहीं देखना चाहते लेकिन क्रूर सच्चाई तो ये है लोग नेताओं को कमजोर नहीं देखना चाहते. आपमें कितनी भी करुणा क्यों न हो और आप अपने चैंबर में रोते हुए पाए जाते हैं तो माना जाता है कि आप ताकतवर नहीं हैं.हेरी कहते हैं कि किसी भी राजनीतिक नेता के लिए असली और सबसे महत्वपूर्ण बात है कि उसके अंदर कितनी असलियत है.

वो कहते हैं, जो लोग स्वाभाविक रूप से आकर्षक नहीं हैं उन्हें अगर मुस्कुराने के लिए कहें तो वो अजीब लग सकते हैं. जैसे- गॉर्डन ब्राउन और टेरेसा मे जैसे लोग एक हद तक ऐसा लग सकते हैं.उन्होंने कहा, इसका एक बेहतरीन उदाहरण है जब एड मिलिबैंड जो एक बेकन सैंडविच खाने की कोशिश कर रहे थे या विलियम हेग बच्चों के साथ बेसबॉल की कैप उठाने की कोशिश कर रहे थे. ये उन राजनीतिक नेताओं में शुमार हैं जो इस बात का खमियाजा भुगतते रहे हैं कि वो जो हैं उससे अलग दिखने की कोशिश कर रहे थे.

राजनीति के बाहर और राजनीति के अंदर कई ऐसे नेता हैं जिन्हें लोगों ने कैमरे पर रोते देखा है. विंस्टन चर्चिल सार्वजनिक जगह पर रोने के लिए जाने गए.ब्रिटेन की महारानी उस समय अपने आंसू पोछती दिखाई दीं जब 1997 में उनका उनका याच सर्विस से हटा लिया गया. या फिर 2019 में भी वो सेनोटेफ में रिमेंबरेंस सनडे सर्विस के दौरान रोती दिखाई दी थीं.चासंलर जॉर्ज ओसबोर्न के आंखों में भी 2013 में उस समय आंसू दिखाई दिए थे जब 2013 में मार्गरेट थैचर के शव को दफनाया जा रहा था.

अपने कार्यकाल के दौरान पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा कई बारे सार्वजनिक तौर पर रोते दिखाई दिए.2012 में सैंडी हूक नरसंहार पर और 2015 में एरेथा फ्रैंकलिन के परफॉरमेंस के दौरान वो रोते दिखाई दिए.2019 में प्रधानमंत्री पद छोड़ने का एलान करते हुए टेरेसा मे रो पड़ी थीं.गेथिंग जिस तरह से रो रहे थे और और वेल्श सरकार के चीफ व्हीप जेन हट जिस तरह उन्हें शांत करा रही थीं वो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया. गेथिंग टिश्यू पेपर से आंसू पोछते दिखाई दिए.लोगों ने इसे घड़ियाली आंसू कहा क्योंकि वो कैमरे पर आंसू बहाते नजर आए. खुद को शर्मसार करते हुए. उन पर लैंगिंक टिप्पणी भी गई. कहा गया कि 'वो छोटी बच्ची जैसे रो रहे हैं. 'लेकिन मिस्टर हेरी का मानना है कि वे आंसू असली थे. उनका कहना है कि ऐसे मौकों पर जो भावनात्मक चोट पहुंचती है उसे कम करके नहीं आंकना चाहिए. वो कहते हैं, मैंने बोरिस के हटने को काफी करीब से देखा है. यह मेरा निजी अनुभव है. ये काफी क्रूर था. मैंने उनके हताश-निराश लम्हे देखे थे. लेकिन ये सब आमतौर पर बंद दरवाजे के अंदर ही हुआ.



वो कहते हैं कि सार्वजनिक तौर पर रोना हमेशा जोखिम भरा होता है क्योंकि लोग सोचते हैं कि आपके आंसू नकली हैं और आप लोगों की सहानुभूति हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं.कई बार राजनीति और जिंदगी के किसी भी क्षेत्र में आप हताशा और बेचैनी भरा कदम उठाते हैं. जैसे आपके पार्टनर ने आपको छोड़ दिया है और चाहते कि आप पर लोगों को दया आए. लेकिन ये अपील इतनी ताकतवर नहीं होती कि लोगों पर आपको विश्वास हो.वॉरविक यूनिवर्सिटी में इतिहास विभाग के एमिरेटस प्रोफेसर और ब्रिटिश एकेडमी के फेलो बर्नार्ड कैप कहते हैं कि अब तक के इतिहास में सार्वजनिक जगहों पर रोने के प्रति लोगों की धारणाएं कई बार बदली हैं.उन्होंने कहा, ये पेंडुलम की तरह है. जैसै कई कालखंडों में जैसे प्राचीन ग्रीस या रोम या फिर इंग्लैंड में मध्यकाल लोग पुरुष खुल कर अपनी भावनाएं व्यक्त करते थे. इनमें रोना भी शामिल था. गुस्से और रोष का भी इजहार सार्वजनिक तौर पर होता था.लेकिन दूसरे कालखंड जैसे पुनर्जागरण काल यानी 18वीं और शुरुआती 20वीं सदी में भावनाओं को नियंत्रित रखना सही माना जाता था.उन्होंने कहा कि आज के दौर में लोग राजनीति और खेल जैसे क्षेत्र में लोग खुल कर अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हैं.उन्होंने कहा, किसी दिग्गज बिजनेस लीडर के बारे में ये सोचना अकल्पनीय है कि कंपनी के बोर्ड से हटाए जाने पर वो रोएगा. लेकिन राजनीति में थैचर और थेरेसा मे दोनो पद छोड़ते हुए रोई थीं. इसी तरह विंस्टन चर्चल भी हाउस ऑफ कॉमन्स में रोए थे. ब्लिट्ज में बमबारी वाली जगहों पर दौरा करते हुए भी रो पड़े थे.

थैचर और मे दोनों पद छोड़ने के बाद रोते हुए आहत दिख रही थीं.जबकि डेविड कैमरन अपने इस्तीफे के दौरान गुनगुनाते दिखे. ऐसा करके वो दिखाना चाहते थे कि उनका खुद पर काबू है.सवाल ये है कि सार्वजनिक जगहों पर रोने को कैसा देखा जाता है.वो कहते हैं, वॉगन गेथिंग केस बहुत ज्यादा आत्मदया का मामला है. ये स्वीकार्य नहीं है. डी-डे वेटरन्स में शामिल काफी लोगों के आंखों के आंसू देखे गए. लेकिन वो खुद नहीं रो रहे थे. वे अपने शहीद साथियों की याद में रो रहे थे.मार्क बोरकोवस्की एक क्राइसिस पीएआर कंस्लटेंट्स हैं जो बड़ी अंतरराष्ट्रीय हस्तियों और बड़ी कंपनियों के लिए काम करते हैं.

उन्होंने कहा कि अगर उन्हें गेथिंग को सार्वजनिक जगह पर रोने के बाद सलाह देनी होती तो वो उन्हें कहते है कि इसे छिपाने (आंसुओं को) की जरूरत नहीं है. इसका फायदा लीजिए. लेकिन इस पर इतना ज्यादा निर्भर भी मत होइए. अपनी प्रामाणिकता को बताने के लिए दूसरे तरीकों का भी इस्तेमाल कर सकते हैं.मार्क बोरकोवस्की कहते हैं कि ब्रिटेन की जनता जनता अब नेताओं की ओर से तरह अपनी भावनाओं को व्यक्त करने के प्रति ज्यादा खुले हैं.उन्होंने कहा, राजनीतिक नेताओं से कभी ये उम्मीद की जाएगी कि वो अपनी ताकत को लोगों के सामने दिखाएंगे. कमजोरियों को छिपाएंगे. लेकिन हम मनुष्य हैं और कमजोर भी. हम गलतियां करते हैं और दुनिया इसे स्वीकार भी करती है. कोई भी मुकम्मल नहीं है. लेकिन ईमानदारी तो अभी भी लोगों में बरकरार है.वो कहते हैं मुद्दा ये है कि अब इन चीजों को पीछे छोड़ कर कैसे आगे बढ़ाया जाए. संकट में हमेशा कोई मौका मौजूद होता है.

ये तो हुई दुनिया भर के नेताओं की बातें, भारतीय संदर्भ में कुछ उदाहरण मौजूद हैं.भारत की पूर्व पीएम इंदिरा गाँधी को कम से कम सार्वजनिक तौर पर रोने से काफी परहेज़ था.उनके छोटे पुत्र संजय गाँधी की मौत पर जब उनके साथी संवेदना व्यक्त करने गए तो वह यह देख कर हतप्रभ रह गए कि इतने बड़े सदमे के बाद भी उनकी आँखों में आँसू नहीं थे.

### भारत में नेताओं का रोना

भारत के लोगों को वह दृश्य भूला नहीं है जब अपने बेटे की शव यात्रा के दौरान उन्होंने एक धूप का चश्मा लगा रखा था कि अगर उनकी आँखे नम भी हो रही हों तो देश के लोग यह न देख पाएं कि मानवीय भावनाएं उन्हें भी प्रभावित कर सकती हैं.लाल कृष्ण आडवाणी को भी कई मौक़ों पर भावुक होते देखा गया.प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कई टीवी इंटरव्यू के दौरान भावुक दिखे हैं. पीएम मोदी चुनावी सभाओं में भी कई बार भारी गले के साथ बोलते सुने गए.

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम -187 : "रानी, ऐसा वर मांगों कि राम 14 वर्षों तक किसी नगर में जा न सकें"

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



"ऐसा आप सोच रही हैं रानी! राजनीति के मान्य सिद्धांत ऐसी सोच पर नहीं चलते।निष्कंटक राज्य के लिए अगर अपने ही प्रिय व्यक्ति को मार्ग से हटाना पड़े, तो उसे भी न्याय माना जाता है। स्वाभाविक ही अयोध्या का जनमत कुमार राम के पक्ष में रहेगा। अगर राम, भरत का नुकसान न भी करना चाहे, तो उनसे ऐसा करवाने वाले कई लोग हो सकते हैं।" मंथरा ने फिर भड़काते हुए कहा।

"तुम पागल हो गई हो मंथरा, राम को रास्ते से हटवाने वाली बात कहने का तुमने साहस कैसे किया? मैं अभी तुम्हारी जीभ खींचकर अलग कर देती हूं।" रानी ने रोष से कहा।

"क्षमा रानी! मैं राम को हटवाने के लिए उनके प्राणों के संदर्भ में ऐसा नहीं कह रही हूं। मैं बस यह चाहती हूं कि राम को वनवास मिल जाए।14 वर्षों का वनवास।ऐसा कठोर वनवास कि राम अयोध्या समेत किसी भी नगर में प्रवेश न कर सकें।" मंथरा ने समझाया।

"ओह.. ऐसा कठोर दंड ? यह मैं कैसे मांग सकूंगी?" रानी ने फिर प्रश्न किया।

"राजा द्वारा दिए गए दो वरों में से आपका एक और वर बाकी रहेगा रानी जी! उसमें आप राम के लिए 14 वर्षों का वनवास मांग लीजिए,क्योंकि मान्य परंपरा के अनुसार अगर कोई व्यक्ति 14 वर्षों तक किसी राज्य के राजा या युवराज पद पर रहे, तो किसी अन्य व्यक्ति का भविष्य में इन पदों पर कोई दावा शेष नहीं रह जाता है।तब तक अपने भरत अयोध्या में स्वीकार्य और मान्य हो चुके होंगे।"

मंथरा विष उड़ेल चुकी थी और इसने धीरे-धीरे रानी कैकेई के मन-मस्तिष्क पर अपना प्रभाव स्थापित कर लिया।रानी कैकेई एक कठपुतली की तरफ मंथरा के सुझावों पर कार्य करने लगी।

(भगवान श्री विष्णु के मनुज अवतार भगवान श्री राम और माता सीता की कथा हजारों वर्षों से भारतीय जनमानस में प्रचलित है।संस्कृत में आदिकवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं में अब तक सैकड़ों रामायण लिखी गई हैं।लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है।उन्होंने साथ ही उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कथा के तारतम्य, क्रमबद्धता एवं प्रवाह हेतु अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

### शब्द सामर्थ्य -099

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. आय व्यय का लेखा-जोखा, गणित, एकाउंट 3. विनती, अदब 6. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 7. मूल्यवान, बहुमूल्य 8. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 10. बराबर, सम 12. मुख, चेहरा 14. अनुकृति, अनुकरण, असल का विलोम 17. दिमाग, मस्तिष्क 18. मनोहर, सुंदर, इच्छित, प्यारा 19. गर्मी, ताप 21. रसिया, प्रेमी, रसपान करने वाला 23. दबाव, भार 24. भीख 25. काम से जी चुराने वाला, आलसी।

**ऊपर से नीचे**

1. साहस, वीरता, बहादुरी 2. बहिन, प्रवाहित होना 3. प्रणय क्रीड़ा, सुखोपभोग, हावभाव 4. विश्वास, प्रतीति 5. इंतजार 9. खाने-पीने का सामान, रसद 11. नशीला, मदभरा 12. घायल, जख्मी 13. झुकना, प्रणाम, नमस्कार 14. दृष्टि, निगाह 15. तीव्रइच्छा 16. अर्थ, अभिप्राय, स्वार्थ 20. इम्तिहान, योग्यता आदि को परखना 22. जुल्म, अन्याय 23. पत्नी, बीवी, एक प्रत्यय।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 098का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दा | ढ़ी | | की | | खा | सो | आ | म |
| वा | | त | म | ग्रा | | | जा | |
| न | जा | क | त | | बा | अ | द | ब |
| ल | | ली | | वि | ला | प | | हा |
| | अ | फ | सा | ना | | मा | हि | र |
| दा | ब | | | श | गु | न | | |
| न | | उ | प | का | र | | शि | |
| ब | | त्स | | र | | त | क | ला |
| | सा | ब | न | | गु | रु | वा | र |

### सू- दोकू क्र.099

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 3 | | 8 | | 1 | | 4 |
| 8 | | | 3 | | 4 | | 7 | |
| | 4 | | | 5 | | 8 | | |
| 3 | | 8 | | | 1 | | 4 | |
| | 1 | | | 4 | | 9 | | 7 |
| | | 4 | | | 2 | | 1 | |
| 1 | | | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 8 | | 2 | | 9 | | 3 | |
| | | 9 | | 1 | | 2 | | 5 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.098 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 9 | 2 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 6 | 9 | 5 | 4 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 3 | 9 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 4 | 5 | 2 | 1 |
| 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 |
| 1 | 9 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 2 |

## सामयिक चर्चा

# अपना-अपना नजरिया

अखबार पढ़कर,
चकित होकर बानी बोले - गजाधर !
सुनिए आज ये विचित्र
किन्तु सत्य खबर -
अयोध्या राम मंदिर में
प्रधान पुजारी आचार्य
सत्येन्द्र दास ने कहा -
'जहां रामलला विराजमान हैं,
वहां पहली ही बारिश में,
पानी चूने लगा।'
गजाधर ! यह सुनकर
आपके मन में क्या भाव जगा ?
गजाधर मुस्कराए बोले -
हमें अच्छा नहीं लगा बानी !
हम क्या करें, हम तो चुप रहेंगे।
पर हाँ ! हम यह बता सकते हैं,
कि इस पर कांग्रेसी कहेंगे -
'आज के हालात पर,
हमारे प्रभु श्रीराम के
ये दु:ख के आँसू हैं'
और बानी ! भाजपाई कहेंगे
'आज के हालात पर,
हमारे भगवान श्रीराम के
ये खुशी के आंसू है।'



गिरीश बख्शी

## कविता


# //आधुनिकता की होड़//

सूखी पड़ी है बंजर धरती।
दाने-दाने के लाले पड़ गए।।
गाँव बिका, जमीन बिकी,
जाने लोग, किसके पाले पड़ गए।।
उन मेहनतकश मजदूरों ने,
एक-एक ईंट जोड़ा।
आधुनिकता की मशीनों ने,
आकर पल में तोड़ा।।
दर्द से कराहते, रोक न सके,
ईश के मंदिरों में भी, ताले पड़ गए।।
बचपन बीता, जवानी आई,
भूल गए संस्कारों को।
अब अफसर कहलाने लगे,
तो छीन लिए अधिकारों को।।
शहर की हवा ने रुख ऐसा मोड़ा,
गाँव आते-आते पाँव में छाले पड़ गए।।



प्रिया देवांगन "प्रियू"

## राशिफल




**मेष**

आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आपको कुछ ऐसा मिलेगा जिसकी आपको बहुत दिनों से ख्वाहिश थी। आज किसी इम्पोर्टेन्ट कार्य में अपने से बड़े या किसी अनुभवी से सलाह लेकर ही आगे बढ़ने की कोशिश करें। आज आप मेहनत, धैर्य और समझदारी से काम निपटा लेंगे।




**वृषभ**

आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा हो सकता हैं। गृहस्थ जीवन की जिम्मेदारियों को निभाने का पूरा प्रयास करेंगे। छात्र अपने अधूरे काम पूरा कर लेंगे। परिवार में धार्मिक आयोजन के योग बन रहे हैं, आज अपने खान-पान पर कंट्रोल रखें। आज आपसे कोई मदद मांग सकता है आप उन्हें निराश नहीं करेंगे।




**मिथुन**

आज का दिन सफलता दिलाने वाला है। इंजीनियरिंग करने वाले छात्रों के लिए आज जॉब के अच्छे ऑफर मिल सकते है। आज आपको अपने खर्चों पर नियंत्रण करने की आवश्यकता है। आज लोगों से बातचीत करते समय उचित शब्दों का प्रयोग करेंगे तो रिश्तों में मिठास बनी रहेगी।



**कर्क**

आज का दिन आपके लिए उमंग से भरा रहने वाला है। आज निजी जीवन में सकारात्मकता लाने की कोशिश करेंगे और इसके लिए आप किसी महापुरुष का अनुशरण करेंगे। आज आपकी ज्यादातर योजनाएं पूरी हो सकती है। आज लोगों से मिलने और बात करने में खुशी महसूस करेंगे।




**सिंह**

आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आपके शत्रु परास्त होंगे। अगर आप नया वाहन लेने का विचार कर रहे है तो परिवार वालों से आपको मदद मिल सकती है। काम के प्रति मेहनत देख कर आपके जूनियर आपसे सीखने की कोशिश करेंगे। दूसरे लोग भी आपकी योजना से प्रभावित होंगे।




**कन्या**

आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज जिम्मेदारियों को अच्छी तरह निपटाने में आप बहुत हद तक सफल रहेंगे। अपनी तरफ से हर मामले पर आपको सकारात्मक रहना होगा। व्यवहार में धैर्य और विनम्रता बनाये रखें। पुरानी समस्याओं पर दोस्तों से बातचीत होगी। आपको समाधान भी मिल सकता है।



**तुला**

आज का दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। किसी विशेष कार्य के प्रति चल रहे प्रयासों से आज बेहतर परिणाम मिलेंगे। लेकिन अपने उसूलों के साथ आप किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करेंगे। आज समाज में आपका उचित मान-सम्मान बना रहेगा।




**वृश्चिक**

आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आयेगा। भाई-बहनों के साथ रिश्ते में मजबूती आएगी। किसी काम में उनका सहयोग भी मिलेगा। आज आपकी कोई निजी समस्या सुलझ सकती है। आज आपका व्यापार अच्छा चलेगा। आज आप पुराने दोस्तों से मिलने की कोशिश करेंगे।




**धनु**

आज का दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आपके नए विचार आपके आत्मविश्वास तथा आत्मबल को बढ़ाएंगे। आज कोई रुका हुआ या उधार दिया हुआ पैसा वापस मिल सकता है। आज किसी भी स्थिति में घबराने के बजाय उनका समाधान ढूंढने की कोशिश करेंगे तो आपको सॉल्युशन मिल जाएगा।




**मकर**

आज का दिन अच्छा बना रहेगा। अपने करियर को लेकर आप किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह मशविरा करेंगे। आप अपने गुरु से करियर के बारे में परामर्श ले सकते है। आज ऑफिस के कामों में उलझनें आएगी, लेकिन समस्याओं से निजात पाने का रास्ता भी ढूंढ लेंगे। आप स्वयं में ताजगी व ऊर्जा महसूस करेंगे।



**कुंभ**

आज का दिन परिवार वालों के साथ बितेगा। आज आपको जो अच्छा लगता है, उस काम में समय बीताएं, इससे आपको शांति और ऊर्जा मिलेगी। आज आप अपने कामों को बहुत सावधानी और कुशलता से करेंगे। आज संतान पक्ष से आपको सहायता मिलेगी। आज की गई मेहनत का भविष्य में बेहतरीन परिणाम मिलने वाला है।



**मीन**

आज का दिन अच्छा रहेगा। आपको बिजनेस में कोई बड़ी डील मिल सकती है। इससे आपको धनलाभ होगा। किसी शुभ समाचार के मिलने का योग नजर आ रहा है। आज आपकी मेहनत और सूझबूझ से कोई रुका हुआ काम पूरा हो जाएगा। आज आपका योगदान बना रहेगा। आज बातचीत के माध्यम से कुछ महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे।

# पीएम आवास के हितग्राहियों द्वारा संग्रहित की गई रेत के नियम विरुद्ध जप्त एवं उठाव में की गई अनियमितता के नाम पर कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन जारी

डोंगरगढ़(दावा)। प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों द्वारा संग्रहित की गई रेती को जप्त करने एवं उसके उठाव में की गई अनियमितता के नाम पर कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन लगातार जारी है। जिन हितग्राहियों के नाम से विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। वे हितग्राही अब तक न तो सामने आए हैं, न हीं उन्होंने प्रदर्शन में भाग लिया है। प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई के पूर्व विभिन्न समाचार पत्रों में मुड़पार में हो रहे रेत के अवैध उत्खनन को लेकर लगातार समाचार का प्रकाशन हो रहा था। जिसे संज्ञान में लेकर प्रशासन की ओर से अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई तो की गई,लेकिन किस नियम के तहत संग्रहित की गई रेत की जप्ती बनाई गई एवं उसका उठाव किया गया, यह जांच का विषय है।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भागवत साहू ने कार्रवाई नहीं होने पर लगातार प्रदर्शन की बात कही है, तो विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल ने विधानसभा के माध्यम से विरोध प्रदर्शन करने की बात कही है। महामहिम राज्यपाल के नाम सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि,ग्राम मुढ़पार के रेती चोरी में संलिप्त एसडीएम उमेश पटेल, नायब तहसीलदार विजय साहू, ट्रासंपोर्टर प्रतीक अग्रवाल एवं लेखराम साहू के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर दण्डात्मक कार्यवाही की जाये।



- प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों ने प्रदर्शन में भाग नहीं लिया
- राज्यपाल के नाम सौंपे गए ज्ञापन में दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई

## प्रशासन ने प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों द्वारा संग्रहित की गई रेत को जप्त किया गया

राज्यपाल के नाम तहसीलदार को दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि, ग्राम मुढ़पार में ग्रामीणों के खेत, जमीन से रेती निकलती है। उसे ग्राम मुढ़पार के ग्रामीण अपने उपयोग एवं आसपास ग्राम के लोगों को उपयोग के लिए देते हैं। वर्तमान में ग्राम पंचायत मुढ़पार में लगभग 67 प्रधानमंत्री आवास भी स्वीकृत हुआ है। इसके लिए भी ग्रामीणों के द्वारा रेती निकालकर सड़क किनारे अपनी कृषि भूमि में एकत्र करके रखा गया था। दिनांक 1 जून को एसडीएम उमेश पटेल एवं नायब तहसीलदार विजय साहू पुलिस दल बल के साथ ग्राम मुड़पार पहुंचे। उनके द्वारा उपरोक्त ग्रामीणों के द्वारा एकत्र किये गये रेत को जप्ती बना दिया गया। जिसकी मात्रा ट्रेक्टर में लगभग 2000 ट्रेक्टर एवं हाईवा में लगभग 700 से 800 हाईवा होती है। एस.डी.एम. द्वारा उपरोक्त रेती को जप्त करने के पीछे शांति व्यवस्था का भंग होना एवं उससे संबंधित धारा का उल्लेख करना बताया गया।

किन्तु ग्राम में रेती के कारण शांति व्यवस्था भंग हो रही है, इसकी शिकायत ना ही ग्राम के सरपंच, पटेल, ग्रामीण किसी के भी द्वारा नहीं किया गया था। फिर शांति व्यवस्था का नाम लेकर रेती को जप्ती बनाना संदेह को जन्म देता है। आश्चर्य तो तब हुआ जब उपरोक्त रेती के जप्ती के आदेश में प्रतिलिपि क्रमांक 4 पर एस.डी.एम. के द्वारा प्रतीक अग्रवाल एवं लेखराम साहू को उपरोक्त जप्त रेती को हटाने का भी आदेश दे दिया गया। जो समझ से परे है तथा खनिज विभाग को इसकी सूचना भी एस.डी.एम. के द्वारा नहीं दिया। हटाने के आदेश पर प्रतीक अग्रवाल तथा लेखराम साहू के द्वारा मुढ़पार ग्रामीणों की 700 से 800 हाईवा रेती को मनमाने दामों पर बेच दिया गया। इस प्रकरण के सामने आने के बाद समाचार प्रकाशित होने के बाद द्वारा धरना आंदोलन करने के बाद 700 से 800 हाईवा रेत को एसडीएम के द्वारा मात्र 59 ट्रीप का खनिज विभाग को रायल्टी जमा करा दिया गया।

## भाजपा नेताओं के संरक्षण में किया गया कृत्य

ज्ञापन में कहा गया है कि, यह पूरा मामला एसडीएम, नायब तहसीलदार के साथ मिलकर भाजपा नेताओं के संरक्षण में यह कृत्य किया गया है। जिससे मुढ़पार के 30 से 40 किसानों का करोड़ों का नुकसान हुआ तथा करोड़ों की रेत नियम विरूद्ध तरीके से बेचकर संबंधित लोगों के द्वारा यह घृणित कृत्य कर शासन को भी चूना लगाया गया। जप्त रेती को बिना किसी पारदर्शी प्रक्रिया के बेचना भी एस.डी.एम. की नासमझी को प्रदर्शित करता है। कांग्रेस ने दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर दण्डात्मक कार्यवाही करने की मांग की गई।

# आईजी ने तीन नवीन कानूनों के प्रचार प्रसार के लिए न्याय रथ को दिखाई हरी झंडी



पुराने कानून में किये बदलाव व नवीन कानून में जोड़े गए प्रक्रिया, प्रावधान व प्रारूप की दी जाएगी जानकारी

मोहला (दावा)। पुलिस महानिरीक्षक दीपक झा रेंज राजनांदगांव ने आज 25 जून को पुलिस अधीक्षक कार्यालय मोहला प्रांगण में कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी एस. जयवर्धन, पुलिस अधीक्षक वाय.पी. सिंह, सेनानी विवेक पांडेय के साथ संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर जिला मोहला मॉनपुर अम्बागढ़ चौकी पुलिस द्वारा तीन नवीन कानूनों के प्रचार प्रसार अभियान के लिए बनाये गए न्याय रथ को रवाना किये। इस कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मयंक गुर्जर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डी.सी. पटेल, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी अं चौकी अर्जुन कुर्रे, रक्षित निरीक्षक भुनेश्वर कश्यप, पुलिस अधीक्षक कार्यालय के समस्त शाखा प्रभारी व कर्मचारी सम्मिलित हुए, पुलिस महानिरीक्षक एवं कलेक्टर द्वारा उपस्थित आमजन एवं पत्रकार बंधुओं को बताये की यह न्याय रथ गांव गांव जाकर लोगों को तीन नए कानूनों के बारे में आडियो क्लिप व बैनर पोस्टर के माध्यम से जानकारी देकर प्रचार प्रसार की जाएगी। साथ अपील की गई कि तीन नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम का जन-जन तक अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करें।

# आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पद पर नियुक्त के लिए 5 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित

राजनांदगांव (दावा)। एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना राजनांदगांव ग्रामीण-1 द्वारा राजनांदगांव विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत आने वाले धामनसरा के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 3 में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के रिक्त पद पर नियुक्त के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के रिक्त पद पर नियुक्त के लिए इच्छुक एवं पात्र आवेदिका 5 जुलाई 2024 तक कार्यालय एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना राजनांदगांव ग्रामीण -1 में सीधे अथवा पंजीकृत डाक के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। इस संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती हैं।

# वीरांगना महारानी दुर्गावती बलिदान दिवस सम्पन्न



डोंगरगढ़/कलकसा (दावा)। विकासखण्ड डोंगरगढ़ के ग्राम मक्काटोला में विरागना महारानी दुर्गावती का बलिदान दिवस मनाया गया। ज्ञात हो कि गोंडवाना साम्राज्य 52 गढ़ 57 परगना 258 रियासत कालीन गढ़ा मंडला की महारानी दुर्गावती मरावी की 460 वी बलिदान दिवस का आयोजन गोंड समाज परीक्षेत्र माड़ियान द्वारा ग्राम मक्काटोला स्थित बुढ़ादेव प्रांगन में वृहद रूप में मनाया गया।

इस अवसर पर सगा समाज द्वारा वीरांगना महारानी दुर्गावती मरावी को उनके शौर्य पराक्रम की वीर वीरगाथा को नमन करते हुए उनके प्रतिमा का अनावरण कर नवनिर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया गया,साथ ही सामाजिक संगोष्टी का भी आयोजन हुआ। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दलेश्वर साहू विधायक डोंगरगांव, हेमलाल मरकाम, सदस्य जि.पं. कांकेर, मदन नेताम(अध्यक्ष महासभा ओड़ारबांध), भावेश सिंह(अध्यक्ष ज.पं. डोंगरगढ़), संतोष मरावी (प्रदेश अध्यक्ष), संतोष पड़ोटी(अध्यक्ष तहसील डोंगरगढ़), प्रभा रमेश साहू (सदस्य जि.पं.राज.), पुष्पलता घनश्याम वैष्णव (सदस्य ज.पं.डोंगरगढ़), जयंती ठाकुर (ग्राम पटेल मक्काटोला), हेमलाल वर्मा (प्रधान ग्रा.पं.मक्काटोला), चित्ररेखा मंडावी सरपंच ग्रा.पं. रामाटोला, रमेश उइके संचालक महासभा ओड़ारबांध, लादूराम तुमरेकी महामंत्री महासभा, मयाराम मंडलोई कोषाध्यक्ष महासभा, तिजउ मंडावी संरक्षक तह.डोंगरगढ़, नरोत्तम कुंजाम उपाध्यक्ष तहसील डोंगरगढ़, प्रमिला उइके अध्यक्ष महिला प्रभाग महासभा, सुरेश उइके अध्यक्ष युवा प्रभाग महासभा, राजेश नेताम अध्यक्ष तङ्गुष्ट ब्लाक डोंगरगढ़, राजेश पड़ोटी अध्यक्ष ब्लाक छुरिया, मोहन कंवर अध्यक्ष तरु ब्लाक छुरिया, मनीष छेदैहा अध्यक्ष ब्लाक डोंगरगढ़, साथी ही काफी संख्या में गोंडवाना स्टूडेंट यूनियन और गोंडवाना यूथ छुरिया ब्लाक एवं डोंगरगढ़ ब्लाक के ऊर्जावान युवा युवती शक्ति वक्ता प्रवक्ता के रूप में समाज को सम्बोधन के माध्यम से समाज को शिक्षा, साहित्य, रोजगार, संस्कृति, संवैधानिक जानकारी, गोंडवाना की इतिहास,जर जंगल जमीन, समाज पर हो रहे शोषण जैसे विभिन्न विषयों पर चिंतन चर्चा मंच के माध्यम से हुआ।

जिसमें मान.आर.बी.सिंह डोंगरगढ़ द्वारा रानी दुर्गावती की शौर्य पराक्रम की गाथा और इनसे जुड़ी पुरा इतिहास बताया,मान. चेमसिंह मरकाम(शिक्षक) द्वारा गोंडवाना के दर्शन आधरित व्याख्यान किया गया। दादी सुशीला नेताम (प्रोफेसर) राजनांदगाँव, दीदी बरमत ठाकुर लोहझरी, दीदी ओमकुमारी कुंजाम कलकसा सुरजोतिन नेताम कलकसा, धर्मेश ध्रुव बछेराभांठा, रामप्रसाद पड़ौती तोतलभर्री,राजेश पड़ौती छुरिया, सुरेश उइके खोभा, आकाश मंडावी छुरिया,पवन मंडावी कल्लुटोला ने अपना वक्तव्य रखा। ऊर्जावान साथी प्रवीण मंडावी मुरमुंदा, किशोर नेताम, धर्मेंद्र मरकाम, भीषम ठाकुर उपस्थित थे। कार्यक्रम सुबह 10 बजे से फड़ापेन गोंगो सेवा अर्जी के बाद ग्राम में कलश यात्रा पश्चात अतिथियों द्वारा मा. दलेश्वर साहू विधायक महोदय द्वारा 10 लाख की लागत से स्वीकृत निर्मित सामुदायिक भवन् का लोकार्पण, महारानी दुर्गावती प्रतिमा का अनावरण अतिथियों का स्वागत एवं उद्बोधन के बाद मुख्यतिथियों को मेमोंटो, पीला गमछा भेंटकर कार्यक्रम की समाप्ति हुई। पूजा पाठ सेवा अर्जी भुमका टीम मदन उइकाल और सेवकों द्वारा सम्पन्न किया गया।

कार्यक्रम में सेवा संगीत जय लिंगो आदिवासी रिलो मांदर दल कटेगा (तरीयाटोला) खोभा द्वारा प्रस्तुत किया गया। सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 10 डिसमिल भूमिदानकर्ता गांव की ही दाई जयंती मंडावी (ग्राम पटेल) को साड़ी पीला गमछा भेंटकर समाज द्वारा आभार और सम्मान किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन महेंद्र नेताम ने किया। कार्यक्रम में आसपास के समाज एवम समस्त ग्राम वासी अधिक संख्या में उपस्थित थे।

# राधाकृष्ण मंदिर के प्रथम स्थापना दिवस पर यादव समाज ने किया आयोजन



डोंगरगढ़ (दावा)। मुढ़ीपार में शुक्रवार को 1 वर्ष पूर्व स्थापित राधा कृष्ण मंदिर के स्थापना दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे यादव समाज के सर्किल मुढ़ीपार के 19 गांव के समाजिक पुरुष एवं महिला ने अपनी सहभागिता दी कार्यक्रम का संचालन गवाला प्रसाद यादव (हास्य कवि एवं यूट्यूब स्टार ) द्वारा किया गया। अध्यक्षता समाज के वरिष्ठ बीरेश यादव ने की।अतिथि के रूप में दाऊ भूपेंद्र सिंह ठाकुर उपाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव, गौतमचंद जैन समाजसेवी, अनुज यादव तहसील अध्यक्ष यादव समाज, घनश्याम सिन्हा पंच,डी आर निर्मलकर शिक्षक,नरोत्तम सिन्हा समाजसेवी, पंचूराम साहू उपसरपंच,सुनीलचंद जैन नगरसेठ,मधुसूदन साहू जी समाजसेवी, विक्की सिन्हा जीवन बीमा सलाहकार व अभिकर्ता एवं यादव समाज के अंतर्गत अन्य सर्किल के पदाधिकारीगण उपस्थित थे

सभी अतिथियों ने अपने अपने विचार मंच के माध्यम से साझा किए। जिसमे डी आर निर्मलकर ने संत दुर्वास के श्राप और सुदामा के द्वारा कृष्ण को चने न देने के संबंध में बताया, गौतमचंद जैन ने दोहे के माध्यम से कृष की लीलाओं की बात की,

धनश्याम सिन्हा ने यह कार्यक्रम सभी को एकजुट करने का काम करता है,नरोत्तम सिन्हा ने कृष्ण के लीलाओ के विषय मे चर्चा की,सुनील जैन ने कहा जहाँ राधा होती है। वहाँ बाधा नही आती, मधुसूदन साहू ने यादव समाज को एकजुट रहने की बात की, विक्की सिन्हा ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि अगर आज कृष्ण जन्म लेते तो आज जन्म लेते तो आज पढ़ लिखकर जज, वकील,पत्रकार,सांसद, विधायक आदि पदों पर बैठकर लोगो के न्याय और मूलभूत जरूरतों के लिए लड़ रहे होते हमे उनके अधूरे काम को पूरा करने की आवश्यकता है कार्यक्रम में बच्चों द्वारा रिकार्डिंग डांस की सुंदर प्रस्तुति दी गई। जिसके बाद प्रतिभागियो को सम्मानित भी किया गया।साथ ही यादव समाज के 10वी एवम 12वी के मेधावी छात्र/ छात्राओ को स्मृति चिन्ह द्वारा सम्मानित भी किया गया कार्यक्रम की व्यवस्था बीरेश यादव, अनुज यादव, हेमंत यादव, ज्ञान यादव, संदिव यादव, ताकेश्वर यादव, अनुज यादव एवं पूरे यादव समाज ने किया एवं सभी क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# विभिन्न ग्रामों में निर्माण कार्यों के लिए 35 लाख 39 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति

राजनांदगांव (दावा)। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री सुरूचि सिंह ने मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना अंतर्गत राजनांदगांव विकासखंड के विभिन्न ग्रामों में निर्माण कार्यों के लिए 35 लाख 39 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। इसके अंतर्गत ग्राम खैरा रवेली में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य के लिए 6 लाख 50 हजार रूपए, ग्राम खुटेरी में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य के लिए 6 लाख 50 हजार रूपए, ग्राम पार्रीखुर्द में रंगमंच निर्माण कार्य के लिए 3 लाख रूपए, भर्रेगांव में पुलिया निर्माण कार्य के लिए 7 लाख रूपए, ग्राम महराजपुर में रंगमंच निर्माण कार्य के लिए 3 लाख रूपए, ग्राम सोमनी में तालाब सौंदर्यीकरण कार्य के लिए 2 लाख रूपए, ग्राम सुरगी में मुक्तिधाम एवं प्रतीक्षालय शेड निर्माण कार्य के लिए 4 लाख 79 हजार रूपए तथा ग्राम सुकुलदैहान में सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए 2 लाख 60 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

# ग्राम डोम्हाटोला में शासकीय उचित मूल्य की दुकान संचालन के लिए 5 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित

राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम डोम्हाटोला में शासकीय उचित मूल्य की दुकान संचालित करने के लिए 5 जुलाई 2024 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। शासकीय उचित मूल्य की दुकान संचालित करने के इच्छुक जिले में स्थित वृहत्तकार आदिम जाति बहुउद्देशीय सहकारी समिति (लेम्पस), प्राथमिक कृषि साख समिति, वन सुरक्षा समिति, महिला स्वसहायता समूह, अन्य उपभोक्ता सहकारी समिति से निर्धारित तिथि तक आवश्यक दस्तावजों के साथ कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राजनांदगांव में प्रस्तुत कर सकते हैं। इस संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

# कांग्रेस ने विद्युत मंडल के खिलाफ दिया धरना प्रदर्शन



घुमका (दावा)। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी घूमका के ने विद्युत समस्या को लेकर गांधी चौक में 12 बजे धरना प्रदर्शन किया। एक घंटे धरना के बाद विद्युत वितरण केंद्र घुमका का घेराव कर नायब तहसीलदार अशोक सिंह की उपस्थिति में के आशीष कुशवाहा को समस्याओं से अवगत कराने ज्ञापन सौपा।

गांधी चौक के धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक हर्षिता स्वामी बघेल व धनेश पाटिला शामिल हुए। धरना प्रदर्शन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक बघेल ने कहा बीजेपी की सरकार जब से आई है, सबसे विद्युत की समस्या बढ़ गई है। उन्होंने विद्युत समस्याओं के लिए सरकार को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा की मूलभूत सुविधाओं में विद्युत महत्वपूर्ण है। विद्युत की समस्या उत्पन्न होने से कृषक व्यवसायी शासकीय अर्धशासकीय कार्यालयों का कामकाज प्रभावित होता है। विद्युत की समस्या से हर तबका के लोग परेशान है। धरना देकर शासन और प्रशासन को चेतावनी दी जा रही है।

पूर्व ऊर्जा मंत्री धनेश पाटिला ने घुमका क्षेत्र में विद्युत समस्या के लिए सरकार को कोशा और कहा कि यह सरकार निकम्मी है। विद्युत की विस्तारीकरण के बावजूद भी घुमका क्षेत्र में विद्युत की समस्या बनी रहना सरकार के निकम्मेपन को दर्शाती है। उन्होंने भी इस मंच से छग सरकार की खिंचाई की। सरपंच फूलमती वर्मा नेवी संबोधित किया।

इस आयोजन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रतन यादव, खैरा बा सरपंच नेमदास साहू, मुरमुंदा सरपंच कल्पना साहू, बोटेपार सरपंच उमराव वर्मा, खजरी सरपंच संतराम ठाकुर, वरिष्ठ कांग्रेसी टीकमदास यदु, अनिल वर्मा, डेरहा वर्मा, चन्नू आडिल, प्रहलाद यादव एवं क्षेत्र से सैकड़ों कांग्रेसी शामिल हुए।

# मोहला में भाजपा ने आपातकाल के विरोध में गोष्ठी का किया आयोजन



अम्बागढ़ चौकी (दावा)। आपातकाल काला दिवस के विरोध में भाजपा प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार गोष्ठी का आयोजन जिला मुख्यालय मोहला के दुर्गा चौक में किया गया,जिसमे कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रदेश संयोजक व्यापारी प्रकोष्ठ एवं पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी उपस्थित हुए 7 श्री सुंदरानी ने कहा की वर्ष 1975 में आज ही के दिन इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने पूरे देश में आपातकाल लागू कर लोकतंत्र की हत्या कर दी थी। देशवासियों के मौलिक अधिकार छीन लिए गए, प्रेस पर सेंसरशिप लगा दी गई और असंख्य लोगों को जेल में डाल दिया गया था।

21 महीना का ये आपातकाल भारतीय लोकतंत्र का काला अध्याय है 7 कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए वक्ता श्री सुंदरानी ने कहा की कांग्रेस की दमनकारी नीतियों,सत्ता पिपाशा व तानाशाही मानसिकता ने 25 जून 1975 को आपातकाल लगाकर भारतीय लोकतंत्र के ऊपर कभी ना मिटने वाला धब्बा लगाया था।

रातों रात लाखों निरअपराध लोगों को जेलों में ठूँस दिया,प्रेस की आज़ादी पर ताला लगा दिया,लोगों की अभिव्यक्ति की आज़ादी छीन ली। देशहित से ऊपर एक परिवार एक व्यक्ति के अहंकार को रखा गया।

आपातकाल के विरुद्ध लाखों लोगों ने आंदोलन किया था। देशभर में युवाओं, पत्रकारों और कार्यकर्ताओं को गिरफ्तारियां देनी पड़ी थीं। देश आपातकाल के विरुद्ध आवाज़ उठाने वाले और यातनाएँ सह कर कांग्रेस की दमनकारी नीतियों का मुखर विरोध करने वाले लोकतंत्र के सभी प्रहरियों के प्रति भारतीय जनता पार्टी अपनी कृतज्ञता समर्पित करती है। आपातकाल के विरुद्ध उठी हर आवाज़ को मैं नमन करता हूँ। कार्यक्रम में पूर्व विधायक एवं पूर्व संसदीय सचिव संजीव शाह, जिलाध्यक्ष मदन साहू प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष रमेश हिड़मे ने किया एवं आभार व्यक्त जिला उपाध्यक्ष खोरबहरा राम यादव ने किया।

इस दौरान समस्त भारतीय जनता पार्टी के महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती कमलेश सारस्वत, जिला मंत्री पवन गुप्ता, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष नरसिंह भंडारी, व्यापारी प्रकोष्ठ जिला संयोजक मोहन जैन, शिवप्रकाश शर्मा, राधिका अंधारे, मंडल अध्यक्ष गुलाब गोस्वामी, शत्रुघन चुरेन्द्र, रतन तारम, धरमु भुआर्य, जिला भाजयुमो अध्यक्ष देव प्रसाद नेताम, जिला मीडिया प्रभारी अविनाश त्रिपाठी, जिला सोशल मीडिया प्रभारी योगेंद्र सिंगने, जिला भाजयुमो महामंत्री काशी निषाद, देव नारायण कुम्भकार, भारत भूषण राजपूत, ढालसिंह साहू, सतीष शर्मा, मोनू वर्मा, राजू सिन्हा, पार्षद मोहसिन खान, पार्षद धर्मेंद्र साहू, उमाकांत बाजपेयी एवं समस्त जिला,मंडल,व मोर्चा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

# स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत ओडीएफ प्लस मॉडल के क्रियान्वयन के लिए कार्यशाला का किया गया आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत ओडीएफ प्लस मॉडल के क्रियान्वयन के संबंध में आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में संबंधित विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने सभी विभागों को समन्वय से कार्य करते हुए स्कूल स्तर पर बच्चों को इको क्लब एवं स्वच्छता क्लब बनाये जाने और प्रत्येक स्कूल में एक नोडल स्वच्छता शिक्षक का दायित्व देने शिक्षा विभाग को निर्देशित किया। इसके साथ ही सभी विभागों को आपसी समन्वयक से कार्य करने के लिए कहा गया। कार्यशाला में जिला समन्वयक वाटरएड श्री राजु राठौर द्वारा स्कूल वॉश प्रबंधन के बारे में विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। जिला समन्वयक, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) द्वारा ओडीएफ प्लस मॉडल के क्रियान्वयन के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। बैठक में शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, राजस्व विभाग के जिला एवं ब्लॉक स्तर के अधिकारी, सभी जनपद पंचायत के सीईओ, विकास विस्तार अधिकारी, विकासखंड परियोजना प्रबंधक एनआरएलएम, खंड एवं संकुल समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन उपस्थित थे।

# मोदी सरकार देशवासियों की उम्मीदों पर उतर रही खरा - गीता घासी साहू



राजनांदगांव (दावा)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार तरक्की की ओर अग्रसर है वहीं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश में सुशासन स्थापित हो रहा है। छत्तीसगढ़ विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ रही है। उक्त बातें राजनांदगांव जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू ने कही। श्रीमती साहू ने आगे कहा कि देश की जनता ने लगातार तीसरी बार नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाया है। इससे स्पष्ट है कि बीते 10 सालों के कार्यकाल से देश की जनता प्रसन्न है। तीसरे कार्यकाल में भी मोदी सरकार देशवासियों की उम्मीदों पर खरा उतरेगी। इसी प्रकार राज्य की विष्णुदेव साय सरकार में सुशासन स्थापित हो रही है। प्रदेश में सभी वर्ग के हित के लिए कार्य हो रही हैं। श्रीमती साहू ने आगे कहा कि मोदी 3.0 में भी अन्नदाताओं की आय बढ़ाए जाने के सभी प्रयास किए जा रहे हैं। भाजपा सरकार हमेशा किसानो की हितैषी रही है केंद्र सरकार ने धान का समर्थन मूल्य 2300 एवं 2320 रुपए पतला धान का ब?ाए। साथ ही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 17 वीं किस्त भी किसानो के खाते मे जमा किया।

# पहला कॉलम...

## नीता अंबानी पहुंचीं काशी विश्वनाथ मंदिर

नई दिल्ली। मुकेश अंबानी की पत्नी नीता अंबानी सोमवार को



वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन करने पहुंची. यहां उन्होंने अपने बेटे अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी का कार्ड बाबा विश्वनाथ को सौंपा. साथ ही अपने बेटे और बहु के उज्वल भविष्य के लिए कामना की. नीता अंबानी ने कहा कि वह शादी का कार्ड श्री के चरणों में समर्पित करने वाराणसी आई हैं. उनके साथ मशहूर फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा भी मौजूद थे. रिलायंस फाउंडेशन की चेयरपर्सन नीता अंबानी सोमवार को वाराणसी पहुंची. उन्होंने कहा कि अभी भोलेनाथ के दर्शन करने जा रही हूं. यहां आकर बहुत उत्साहित हूं. इसके बाद वह सीधा काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंची. वहां पूजा करने के बाद उन्होंने शादी का कार्ड दिया. नीता अंबानी गंगा आरती भी करेंगी. उन्होंने कहा कि आज मैं अनंत और राधिका की शादी का निमंत्रण पत्र लेकर आई हूं. उन दोनों के लिए भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद मांगूंगी. काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन करने के बाद नीता अंबानी ने कहा कि मैं 10 साल बाद यहां आई हूं. काशी विश्वनाथ का यह भव्य कॉरिडोर देखकर बहुत खुशी हो रही है. उन्होंने कहा कि अपने बेटे अनंत और राधिका का एक फंक्शन काशी में जरूर करना चाहूंगी. मैं

## श्रीलंकाई नौसेना ने 10 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया

नई दिल्ली। श्रीलंका के जलक्षेत्र में कथित रूप से मछली पकड़ने वाले एक ट्रॉलर को जब्त करने के लिए द्वीप राष्ट्र के अधिकारियों ने अभियान शुरू किया था। जिसमें 10 मछुआरों को गिरफ्तार किया गया, वहीं इस दौरान एक श्रीलंकाई नौसैनिक नाविक की मौत हो गई।

मछुआरों का मुद्दा भारत और श्रीलंका के बीच संबंधों में एक विवादास्पद मुद्दा है। जिसमें श्रीलंकाई नौसेना के जवान कभी-कभी पाक जलडमरूमध्य में भारतीय मछुआरों पर गोलीबारी भी करते रहते हैं। अवैध रूप से श्रीलंका के जलक्षेत्र में प्रवेश करने के पर मछुआरों की नावों को भी जब्त कर ली जाती है। इनमें से अधिकांश घटनाएं पाक जलडमरूमध्य में होती हैं, जो तमिलनाडु को श्रीलंका के उत्तरी सिरे से अलग करने वाली पानी की एक संकरी पट्टी है, जो दोनों देशों के मछुआरों के लिए मछली पकड़ने का एक समृद्ध क्षेत्र है। हाल ही में श्रीलंका की नौसेना ने 18 मछुआरों को गिरफ्तार किया था। साथ ही उनकी नौका भी जब्त कर ली थी। उसके बाद द्वीप राष्ट्र के अधिकारियों ने अभियान शुरू किया। जिसमें वे श्रीलंका के जलक्षेत्र में अवैध मछली पकड़ने वाले एक ट्रॉलर को जब्त करना चाहते थे। मंगलवार को यह अभियान शुरू किया।

## शेयर बाजार में तेजी जारी

मुंबई। भारतीय शेयर बाजार में तेजी जारी है। मंगलवार को बाजार के ज्यादातर सूचकांक हरे निशान में खुले। सुबह 9:35 पर सेंसेक्स 203 अंक या 0.26 प्रतिशत की तेजी के साथ 77,544 और निफ्टी 53 अंक या 0.23 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,591 पर था। बाजार में तेजी की वजह सकारात्मक ग्लोबल संकेतों को माना जा रहा है। छोटे और मझोले शेयरों में भी खरीदारी हो रही है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 325 अंक या 0.59 प्रतिशत बढ़कर 55,902 पर और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 187 अंक या 1.03 प्रतिशत की तेजी के साथ 18,404 पर था। बाजार में ऑटो, पीएसयू बैंक, फिन सर्विस, मेटल, मीडिया और पीएसई इंडेक्स में तेजी है। आईटी और रियल्टी शेयरों में बिकवाली है। शुरुआती कारोबार में एनएसई पर 1,698 शेयर हरे निशान में और 389 शेयर लाल निशान में बने हुए हैं।

## चीन चांद से ले आया 25 लाख साल पुरानी मिट्टी और चट्टान

बीजिंग। चीन का चांगर्ज़ 6 अंतरिक्ष यान पहली बार चंद्रमा के सुदूर क्षेत्र से चट्टान और मिट्टी के नमूने एकत्रित करने के बाद मंगलवार को पृथ्वी पर लौट आया। यह अंतरिक्ष यान मंगलवार दोपहर को उत्तरी चीन में उतरा। चीनी वैज्ञानिकों का अनुमान है कि पृथ्वी पर लाए गए नमूनों में 25 लाख वर्ष पुरानी ज्वालामुखीय चट्टान और अन्य सामग्री शामिल हैं। वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि इससे चंद्रमा के दोनों छोरों पर भौगोलिक अंतर के बारे में सवालों के जवाब मिल जाएंगे।

चीन ने 3 मई को चांगई 6 मिशन लॉन्च किया था। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक, चीन ने 2030 तक इंसान को चांद पर भेजने का लक्ष्य रखा है। यह मिशन भी उसी टारगेट का हिस्सा है। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कहा है कि इस मिशन की सफलता चीन के सपने को सच करने में मील का पत्थर साबित होगी। इसके जरिए चीन स्पेस पावर बनने के और करीब पहुंच गया है। इंसानों को भेजने के अलावा चीन 2030 तक चांद के साउथ पोल पर एक रिसर्च बेस बनाना चाहता है।

# अफगानिस्तान ने रचा इतिहास, वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में पहुंची, ऑस्ट्रेलिया टूर्नामेंट से बाहर

नई दिल्ली । आईसीसी मेन्स टी-20 वर्ल्ड कप में सुपर 8 स्टेज के आखिरी मुकाबले में बांग्लादेश और अफगानिस्तान की रोमांचक टक्कर हुई। दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला किंग्सटाउन के अर्नोस वेल ग्राउंड में हुआ। मुकाबले में अफगानिस्तान टीम ने बांग्लादेश को 8 रनों से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली। 27 तारीख को अफगानिस्तान का सेमीफाइनल में मुकाबला साउथ अफ्रीका से त्रिनिदाद में होगा। इस मुकाबले में जीत के लिए बांग्लादेश को 114 (छ्रस्र) का लक्ष्य मिला था। लेकिन नवीन उल हक ने हक ने लगातार 2 विकेट लेकर मैच को अफगानी टीम के पाले में कर दिया। वहीं मैच में कप्तान राशिद खान ने 4 विकेट लेकर बांग्लादेश की कमर तोड़कर रख दी।



बांग्लादेश को आखिरी 2 ओवर में जीत के लिए 12 रन चाहिए थे, उसके 8 विकेट गिर चुके थे। बांग्लादेश का स्कोर 102/8 था। नवीन उल हक 18वां ओवर करने आए थे। इस ओवर में तस्कीन अहमद को नवीन को क्लीन बोल्ड कर दिया। बांग्लादेश को सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए 116 रनों का लक्ष्य 12.1 ओवर में हासिल करना था। ऐसे में उनके लिए उम्मीदें खत्म हो चुकी हैं। वहीं अफगानिस्तान के लिए इस मैच में जीतना ही काफी था। टारगेट का पीछा करने हुए बांग्लादेश की शुरुआत बेहद खराब रही। उसने दूसरे ओवर में ही फजलहक फारूकी की गेंद पर तंजीद हसन का विकेट खो दिया, जो खाता भी नहीं खोल पाए। फिर नवीन उल हक ने लगातार गेंदों पर नजमुल हुसैन शंतो (5) और अनुभवी खिलाड़ी शाकिब अल हसन (0) को चलता कर दिया।

इसके बाद राशिद खान ने मैच के पहले ही ओवर में सौम्य सरकार (10) आउट को आउट किया, जो बांग्लादेश के आउट होने वाले चौथे बल्लेबाज रहे, जिनको राशिद खान ने अपनी गेंद पर क्लीन बोल्ड कर दिया। इसके बाद अपने अगले ओवर में राशिद खान ने तौहीद हृदोय (14) को इब्राहिम जादरान के हाथों कैच आउट करवाया। राशिद खान का मैजिक इसके बाद एक बार फिर चला, जब उन्होंने 80 के स्कोर पर लगातार महमूदुल्लाह (6) और रिशद खान (0) को आउट कर मैच में अपने चार विकेट पूरे किए। इसके बाद गुलबदीन नईब आए, उन्होंने तनजीम हसन (3) को मोहम्मद नबी के हाथों कैच आउट करवाकर बांग्लादेशी टीम को आठवां झटका दिया।

# केंद्र सरकार ने शुरू की टेलीकॉम स्पेक्ट्रम की नीलामी

नई दिल्ली ,25 जून । केंद्र सरकार ने मंगलवार को ऐलान किया कि टेलीकॉम सर्विसेज के लिए 96,238.45 करोड़ रुपये के स्पेक्ट्रम की नीलामी शुरू कर दी गई है। संचार मंत्रालय द्वारा कहा गया कि इसमें अलग-अलग बैंड के 10,522.35 मेगाहर्ट्ज के स्पेक्ट्रम की नीलामी की जाएगी। इसका रिजर्व प्राइस 96,238.45 करोड़ रुपये रखा गया है। इस नीलामी में 800 मेगाहर्ट्ज, 900 मेगाहर्ट्ज, 1800 मेगाहर्ट्ज, 2100 मेगाहर्ट्ज, 2300 मेगाहर्ट्ज, 2500 मेगाहर्ट्ज, 3300 मेगाहर्ट्ज और 26 गीगाहर्ट्ज बैंड के लिए बोलियां लगाई जाएंगी। ये नीलामी प्रक्रिया सुबह 10 बजे से शुरू हो गई है।

इस नीलामी प्रक्रिया में भारती एयरटेल, वोडाफोन आइडिया और रिलायंस जियो इन्फोकॉम भाग लेंगी। 1800 मेगाहर्ट्ज वाले बैंड का रिजर्व प्राइस 21,752.40 करोड़ रुपये रखा गया है। वहीं, 800 मेगाहर्ट्ज वाले बैंड का रिजर्व प्राइस 21,341.25 करोड़ रुपये रखा गया गया है।

मंत्रालय ने कहा कि यह सरकार की ओर से सभी नागरिकों को किफायती दर पर अच्छी गुणवत्ता की टेलीकॉम सर्विसेज उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता के अनुरूप है। दूरसंचार विभाग की ओर से स्पेक्ट्रम की प्रक्रिया 8 मार्च को शुरू की गई थी। स्पेक्ट्रम 20 वर्ष की अवधि के लिए दिया जाएगा। बोली जीतने वाली कंपनियों को अगले 20 वर्षों में 20 किस्तों में इसका भुगतान करना होगा।

# हॉकी बिलासपुर ने स्पर्धा के पहले दिन ही किये 21 गोल

राजनांदगांव (दावा)। हॉकी छत्तीसगढ़ व जिला हॉकी संघ राजनांदगांव के संयुक्त तत्वधान में जूनियर वर्ग की राज्यस्तरीय हॉकी प्रतियोगिता का रंगारंग शुभारंभ श्रीमती हेमा देशमुख महापौर नगर पालिक निगम के मुख्य आतिथ्य, रूबीना अंजुम अल्वी समाजसेवी अध्यक्षता और फिरोज अंसारी छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष, सुश्री ऑशा थॉमस छत्तीसगढ़ हॉकी संघ की कोषाध्यक्ष, नीलम जैन, शिवनारायाण धकेता जिला हॉकी संघ के सचिव, भुषण सॉव, गणेश प्रसाद शर्मा, रामअवतार जोशी, रणविजय प्रताप सिंह, महेन्द्र ठाकुर, मृणाल चौबे, (अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी) सुश्री अनिशा साहू सहित आयोजन समिति के सचिव अनुराज श्रीवास्तव एवं अन्य वरिष्ठ हॉकी खिलाडियों व सदस्यो की उपस्थिति में आयोजित हुआ।



महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने आयोजन समिति को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गौरव कि बात है राजनांदगांव खेल के लिए प्रसिद्ध है हॉकी यहां का मुख्य खेल है जो देश भर में जाना व खेला जाता है। दृढ़ इच्छा शक्ति होने से बडे से बडे कार्य भी सफलता प्राप्त करते है राजनांदगांव हमेशा हॉकी के क्षेत्र में अग्रणीय रहा है यहां अन्य खेलो को भी यहा महत्व मिलता है हॉकी में भी राजनांदगांव से अंतर्राष्ट्रीय स्तर का खिलाडी निकल रहे है तथा आगे भी इसी तरह यहां से राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाडी निकलते रहे ऐसा मै कामना करती हूॅ। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही राज्य हज कमेटी की सदस्य समाज सेवीका श्रीमती रूबीना अंजुम अल्वी ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस तरह के आयोजन से दुरूस्त क्षेत्रो में भी हॉकी को बढावा मिल रहा है। जिससे प्रतिभाओं को आगे आने का मौका मिलेगा। इस स्पर्धा से चयनित खिलाडी राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगें इस अवसर छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष श्री फिरोज अंसारी ने अपने स्वागत भाषाण में कहा कि सभी खिलाडी अपने खेल भावना का परिचय देते हुए उत्कृष्ठ प्रदर्शन कर आगे बढ़े।

इस अवसर पर अतिथियों का पुष्पमाला व पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत भी किया गया अतिथियों ने मैदान में पहुचकर प्रतिभागी खिलाडियों से परिचय प्राप्त किया।

संस्कारधानी एवं देश में हॉकी के नर्सरी के नाम से पहचान बना चुके छत्तीसगढ़ की खेल राजधानी राजनांदगांव के अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फस्टेडियम में आज से प्रारंभ हुई 5वीं जूनियर बालक/बालिकाओं की हॉकी प्रतियोगिता 24 जून 2024 से 28 जून 2024 तक आयोजित किया जा रहा स्पर्धा के पहले दिन बालिका वर्ग में प्रातः से खेले गए मैच में हॉकी रायगढ़ ने स्पोटर्स हॉकी अकादमी रायपुर को 4-1 गोलो से पराजित करते हुए विजयी अभियान प्रारंभ किया हॉकी रायगढ के खिलाडियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए मैच के 9वे मिनट 27वें मिनट व 57वें मिनट कनक महेश्वरी ने 3 गोल काजल यादव ने 1 गोल वीं रायपुर की ओर से एक मात्र गोल शैली सोनी ने किया बालिका वर्ग में खेले गए आज दुसरे मैच में हॉकी दुर्ग ने जांजगीर चांपा को 4-0 गोल से पराजित किया हॉकी दुर्ग ने शुरूवाती समय में ही मैच के 2रे मिनट में ही गोल करते हुए मैच 1-0 गोल की बढत बनाई हुई थी हॉकी दुर्ग ने अच्छे खेल का प्रदर्शन करते करते हुए हॉकी दुर्ग की ओर से मैच के 27वें मिनट 33वें मिनट और 47वें मिनट में गौरी देवांगन,भुमिका वर्मा ने 1-1 गोल वहीं अक्शा प्रवीन ने 2 गोल किया बालिका वर्ग में खेले गए तीसरे मैच में हॉकी बिलासपुर ने एकतरफे मुकाबले में हॉकी बेमेतरा को 21-0 गोलो से पराजित किया हॉकी बिलासपुर की ओर से जन्हावी यादव ने 8 गोल मधु सिदार ने 4 गोल अंजली बंजारे, ने 3 गोल और मेमतेश्वरी लहरे डॉली निषाद ने 2-2 और अक्षिता अहूजा, दामिनी खुसरो ने 1-1 गोल किए स्पर्धा के पहले हि हॉकी बिलासपुर की टीम ने सर्वाधिक गोल किया है।

अपरान्ह में खेले गए बालक वर्ग में पहला मैच हॉकी धमतरी विरूद्ध हॉकी बिलासपुर के मध्य खेला गया हॉकी धमतरी ने एकतरफे मुकाबले में 11-0 गोल से पराजित कर अगले दौर में प्रवेश किया हॉकी धमतरी की ओर से सन्नी यादव ने 5 गोल अभिषेक और पियुष ने 2-2 गोल व आदर्शा और नमन देवांगन ने 1-1 गोल किया वहीं बिलासपुर की ओर से किसी ने एक भी गोल नही कर पाई थी बालक वर्ग के आज दुसरे मैच में हॉकी कबीरधाम ने हॉकी बेमेतरा को 3-1 गोल से पराजित हॉकी कबीरधाम की ओर से शैलेन्द्र कुमार ने 2 गोल व कप्तान निलम टेकम ने 1 गोल किया वहीं हॉकी बेमतरा की ओर एक मात्र गोल भुपेश पात्रे ने किया तीसरे खेले गए मैच में हॉकी रायगढ़ ने हॉकी दंतेवाडा को 7-0 गोलो से पराजित किया हॉकी रायगढ ही ओर से अंकित कुमार ने 2 गोल मुक्ति कुजूर ने 3 गोल नीरज सिंह व आंनद मिंज ने 1-1 गोल किया आज का चौथा व उद्घाघाटन मैच जांजगीर चांपा विरूद्ध महासमुद के मध्य खेला गया दोनो ही टीमो मध्य बढा ही रोमंचकारी मैच दर्शको को देखने को मिला दोनो ही टीम हॉकी जांजगीरचांपा ने मैच के सुरूवात में ही 13वें मिनट में सौरभ सोनवान ने गोल कर 1 गोल बढत बनाई हुई थी जिसे हॉकी महासमुंद के चन्द्रशेखर यादव ने मैच 34वें मिनट में गोल करते हुए 1-1 गोल की बराबरी कर ली थी मैच तीसरे क्वाटर मे कोई दोनो ही टीम कोई गोल नही कर पाई लेकिन मैच के अंतिम क्षणो में जांजगीर चांपा सौरभ सोनवान के गोल से स्कोर 2-1 का रह गया और यह मैच जांजगीर चांपा ने 2-1 गोल से जीत दर्ज की।

### आज के मैच

**बालिका वर्ग** में हॉकी राजनांदगांव विरूद्ध हॉकी कबीरधाम के मध्य सुबह 08:30 बजे, सांई राजनांदगांव विरूद्ध हॉकी दुर्ग के मध्य 09:45 बजे।

**बालक वर्ग** में हॉकी राजनांदगांव विरूद्ध हॉकी जांजगीर चांपा 11:45 बजे, हॉकी दुर्ग विरूद्ध हॉकी धमतरी के मध्य 02:00 बजे, हॉकी जशपुर विरूद्ध हॉकी कबीरधाम के मध्य 03:15 बजे, स्पोटर्स हॉकी अकादमी विरूद्ध हॉकी रायगढ़ 4:30 बजे से खेला जायेगा।

# 2050 तक दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा भारत

नई दिल्ली। इंडिया फाउंडेशन द्वारा ÷फ्यूचर वॉच÷ द इमर्जिंग वर्ल्ड ऑर्डर÷ आयोजित कार्यक्रम में नोबेल शांति पुरस्कार समिति के उप नेता असले टोजे (ह्यद्यद्ग ञ्जशद्भद्ग) शामिल हुए थे। यह कार्यक्रम दिल्ली में हुआ था। इस कार्यक्रम के दौरान असले टोजे ने कहा कि वर्ष 2050 तक भारत दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। आपको बता दें कि असले टोजे प्रसिद्ध राजनीतिक वैज्ञानिक और अंतरराष्ट्रीय संबंधों के विशेषज्ञ हैं। वह विश्व में वैश्विक राजनीतिक गतिशीलता के अपने व्यावहारिक विश्लेषण के लिए जाने जाते हैं।

इस कार्यक्रम में असले टोजे ने कहा कि भारत महाशक्ति बनने के लिए तैयार है। हालांकि, भारत किस तरह महान शक्ति बनेगा इस पर विचार करना होगा। टोजे ने कहा कि हमें विश्व में मौजूद महत्वपूर्ण क्षण विशेष रूप से वैश्विक जलवायु परिवर्तन पर नजर रखनी चाहिए। ऐसे में भारत एक सौम्य शक्ति बने और दूसरे पर अपने आदर्शों को थोपने की जगह पर दुख को कम करें और शांति को बढ़ावा दे।

आपको इस देश की ताकत का अंदाजा नहीं है। आप इसे अपने जीवनकाल में देखेंगे जब हर देश से दूत दिल्ली में सहायता की गुहार लगाने आएंगे। वेदों के पाठ, इतिहास की अंतर्दृष्टि और 10,000 साल पुरानी सभ्यता से उपजी इस देश में रहने वाली सज्जनता, इसके उत्थान का मार्गदर्शन करेगी। नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष और पहले इंडिया फाउंडेशन के संस्थापक राजीव कुमार ने विकास के लिए पूरी तरह से अलग दृष्टिकोण की आवश्यकता पर जोर दिया। हम विश्व इतिहास में एकमात्र देश हैं जिसे अपने कार्बन फुटप्रिंट को कम करते हुए तेजी से बढ़ने की जरूरत है।

# टी20 सीरीज के लिए टीम इंडिया का ऐलान, पहली बार इस खिलाड़ी को मिली कप्तानी

नई दिल्ली । भारतीय टीम इस वक्त टी20 वर्ल्ड कप के लिए वेस्टइंडीज में मौजूद है। इसी बीच बीसीसीआई ने वर्ल्ड कप के ठीक बाद जिम्बाब्वे के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए अपने स्क्वाड का ऐलान कर दिया है। इस सीरीज के लिए बीसीसीआई की सेलेक्शन कमेटी ने पूरी तरह से युवा टीम को चुना है। वहीं टीम की कप्तानी भी एक ऐसे युवा खिलाड़ी के हाथों में है जिसने अभी तक भारतीय टीम की कप्तानी नहीं की है। यह खिलाड़ी कोई और नहीं बल्कि शुभमन गिल हैं। गिल पहली बार किसी भी सीरीज में टीम इंडिया की कप्तानी करेंगे। वहीं इस टीम में कई खिलाड़ी ऐसे भी हैं, जिन्हें पहली बार भारतीय टीम के स्क्वॉड में शामिल किया गया है।

जिम्बाब्वे सीरीज के लिए टीम इंडिया के कप्तान बनाए गए शुभमन गिल के सामने एक बड़ी चुनौती होगी। गिल ने आईपीएल 2024 के दौरान गुजरात टाइटंस की कप्तानी की थी। गिल की कप्तानी में गुजरात के लिए आईपीएल 2024 बेहद खराब रहा था। उनकी कप्तानी में टीम लीग स्टेज से ही बाहर हो गई और उन्होंने 14 मैचों में सिर्फ पांच में ही जीत हासिल की। ऐसे में भारतीय टीम की कप्तानी शुभमन गिल के लिए आसान नहीं होगी। उन्हें बतौर कप्तान इस सीरीज के दौरान खुद को साबित करना होगा। गिल के लिए इस सीरीज में एक बड़ा मौका होगा। दरअसल भारतीय टीम आने वाले समय में उनके जैसे युवा खिलाड़ियों को और भी बड़े मौके देगी। पांच टी20 मैचों की खेलनी है सिरीज भारतीय टीम जिम्बॉब्वे में पांच टी20 मैचों की सिरीज खेलेगी। टीम में टी20 वर्ल्ड कप स्क्वॉड से दो खिलाड़ियों, संजू सैमसन और यशस्वी जायसवाल को मौका दिया गया है।

# प्रथम पेज का शेष ....

**छत्तीसगढ़ में जल्द हो सकता है ...**

बसना विधायक संपत अग्रवाल और सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो का नाम शामिल है। साय कैबिनेट में 12वें मंत्री पर होगा फैसला- मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की कैबिनेट में अभी 2 डिप्टी सीएम अरुण साव और विजय शर्मा सहित 12 मंत्री में हैं। इनमें राम विचार नेताम, केदार कश्यप, ओपी चौधरी, टंकराम वर्मा, दयालदास बघेल, श्याम बिहारी जायसवाल, लक्ष्मी राजवाड़े, लखन देवांगन शामिल हैं। बृजमोहन अग्रवाल के सांसद बनने और मंत्री पद से इस्तीफा के बाद साय कैबिनेट में दो विधायकों को एंट्री मिलनी है। 12वें मंत्री पर लोकसभा चुनाव के बाद बनाने का फैसला सीएम विष्णु देव साय और केंद्रीय नेताओं ने लिया था। अब इस पर निर्णय लिया जाएगा।

***अरविंद केजरीवाल को दिल्ली...***

कि 14 जून को जिस अवकाश न्यायाधीश के समक्ष मामला सूचीबद्ध था, उनका कार्यदिवस एक दिन का था। ऐसे में दोनों पक्षों की सहमति पर मामले को 19 जून को बैठने वाली अवकाश न्यायाधीश के समक्ष सूचीबद्ध किया गया, जिनका कार्यदिवस दो दिन का था।

0 ईडी ने 1 घंटे 15 मिनट तक पेश की थी जिरह- नोट में कहा कि 19 जून को केजरीवाल की तरफ से एक घंटे और ईडी की तरफ से दो घंटे जिरह की गई। इसके बाद 20 जून को हुई सुनवाई के दौरान ईडी ने एक घंटे 15 मिनट तक अपनी जिरह पेश की। पूरे मामले में पांच घंटे 30 मिनट तक जिरह हुई और जांच एजेंसी ने अपना लिखित जवाब भी अदालत के समक्ष दाखिल किया। इसके बाद सभी सबूतों पर गौर करने के बाद अदालत ने नियमित जमानत देने का निर्णय सुनाया। इसमें कहा गया कि केजरीवाल का विजय नायर व विनोद चौहान से कोई सीधा संपर्क नहीं था। इतना ही नहीं गोवा चुनाव में रुपये खर्च करने का ईडी के पास कोई सुबूत नहीं है।

***केन्या में टैक्स लगाए जाने से गुस्साई....***

आयोग ने राष्ट्रपति विलियम रुटो को संबोधित करते हुए एक्स पर पोस्ट किया, 'दुनिया आपके अत्याचार को देख रही है! यह कार्रवाई लोकतंत्र पर हमला है।' केन्या लॉ सोसाइटी की अध्यक्ष फेथ ओधिआम्बो ने कहा कि उनके निजी सहायक सहित 50 केन्याई लोगों का पुलिस अधिकारियों ने अपहरण किया। कहा कि पुलिस द्वारा अपहरण, यातना देने के मामले सामने आए हैं।

***'आपातकाल के काले दिन लाने ...***

उन्होंने दोहराया कि जिस मानसिकता के कारण आपातकाल लगाया गया, वह अभी भी उसी पार्टी में जीवित है।

उन्होंने कहा, वे अपने दिखावे के ज़रिये संविधान के प्रति अपनी घृणा को छिपाते हैं, लेकिन देश के लोगों ने उनकी हरकतों को समझ लिया है और इसीलिये उन्होंने उन्हें बार-बार नकार दिया है। आपातकाल की घोषणा ठीक 49 साल पहले 24-25 जून- 1975 की मध्यरात्रि को की गयी थी, जिसे 21 मार्च को हटाया गया था।

# भारतीय पर्वतारोहियों ने पीर पंजाल रेंज में गुप्त पर्वत को फतह किया, अब तक कोई नहीं हो सका था सफल



कोलकाता। भारतीय पर्वतारोहियों ने वो काम कर दिखाया जो अब तक इससे पहले कोई भी नहीं कर सका है। पश्चिम बंगाल के नौ पर्वतारोहियों की एक टीम ने मंगलवार को हिमाचल प्रदेश के लाहौल और स्पीति जिले के पीर पंजाल रेंज में 5,988 मीटर की ऊंचाई पर स्थित एक चोटी गुप्त पर्वत को फतह किया। पर्वतारोहण टीम के क्लब ने यह जानकारी दी।

कोलकाता दक्षिण के बाहरी इलाके सोनारपुर में स्थित पर्वतारोहियों के क्लब सोनारपुर आरोही द्वारा संचालित तथा पर्वतारोही रूद्र प्रसाद हलदर के नेतृत्व में टीम लगभग आठ घंटे की चढ़ाई के बाद सुबह करीब 8.45 बजे गुप्त पर्वत की चोटी पर पहुंची। इस टीम में विश्व के सबसे युवा पर्वतारोही और प्रत्येक महाद्वीप की सात चोटियों तथा सात ज्वालामुखी चोटियों पर चढ़ने वाले भारत के पहले शख्स सत्यरूप सिद्धांत शामिल थे तथा इसमें एक महिला सदस्य दीपोश्री पॉल भी शामिल थीं। यह टीम तीन जून को कोलकाता से माउंट शिकार बेह (6,200 मीटर) और गुप्त पर्वत की चोटी पर चढ़ने के दोहरे लक्ष्य के साथ रवाना हुई थी, लेकिन पता चला कि जब पर्वतारोही चोटी पर जाने के लिए रास्ता बनाने में सफल हो गए, तभी हिमस्खलन के कारण महत्वपूर्ण चढ़ाई उपकरण नष्ट हो गए, जिसके कारण उन्हें शिखर पर चढ़ने की उम्मीद छोड़नी पड़ी। इसके बाद टीम ने गुप्त पर्वत को फतह करने पर ध्यान केंद्रित किया।

पर्वतारोहियों ने बताया कि इस पर्वत का नाम इसकी विशिष्ट भौगोलिक स्थिति के कारण पड़ा है। यह चोटी हिमालय पर्वतमाला की अन्य चोटियों के बीच अदृश्य है, जिसके कारण इसकी तस्वीर लेना भी लगभग असंभव है। पर्वतारोहण सहायता दल के सदस्य दीपांजन दास ने बताया, टीम ने 5,285 मीटर की ऊंचाई पर शिविर स्थापित किया और पर्वत के पश्चिमी हिस्से के माध्यम से चोटी तक पहुंचने की योजना बनाई। पिछले तीन दिन से लगातार बर्फबारी के कारण पर्वतारोही चोटी तक पहुंचने के लिए समय का इंतजार कर रहे थे। आखिरकार उन्होंने 25 जून को तड़के एक बजे शिखर पर चढ़ने की योजना बनाई।

# पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी सुहास यथिराज विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचे



नई दिल्ली। भारतीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी सुहास यथिराज ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए मंगलवार को जारी बीडब्ल्यूएफ पैरा बैडमिंटन की नवीनतम विश्व रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया। सुहास फ्रांस के दिग्गज लुकास माजुर को पछाड़कर दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी बन गए हैं।

40 वर्षीय अर्जुन पुरस्कार विजेता सुहास को टोक्यो पैरालंपिक के एसएल-4 वर्ग के खिताबी मुकाबले में माजुर के खिलाफ हार के चलते रजत पदक से संतोष करना पड़ा था। सुहास के नाम पर अब 60 हजार 527 अंक हैं जो फ्रांस के उनके प्रतिद्वंद्वी माजुर (58 हजार 953) से अधिक हैं। सुहास ने सोशल मीडिया पर लिखा, अंततः विश्व नंबर एक। यह साझा करते हुए खुशी हो रही है कि आज घोषित नवीनतम बैडमिंटन विश्व महासंघ पैरा बैडमिंटन रैंकिंग में पुरुष सिंगल्स वर्ग में मुझे जीवन में पहली बार विश्व नंबर एक रैंकिंग मिली है। मैंने लंबे समय से विश्व नंबर एक खिलाड़ी फ्रांस के लुकास माजुर की जगह ली। आपके आशीर्वाद और शुभकामनाओं के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

# नारी शौर्यता की प्रतिक है रानी दुर्गावती, बूचाटोला में मना बलिदान दिवस

कल्लूबंजारी(दावा)। आदिवासी कोयतुर गोंड़ समाज ग्राम इकाई बूचाटोला के तत्वावधान में गत 24 को गोंड़वाना वीरांगना रानी दुर्गावती की 460 वें बलिदान दिवस गोंड़ पारा बूचाटोला के गोंड़वाना भवन प्रांगण में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि जिला पंचायत सभापति ललिता कंवर थे। अध्यक्षता समाज के ब्लाक अध्यक्ष दिनेश कोरेटी दिलेर ने किया।

विशेष अतिथि सरपंच पवनबाई ध्रुर्वे, उपसरपंच रूपनाथ हारमें,समाज के ब्लाक संगठनमंत्री एवं ग्रामप्रबंधक दिलीप कोरेटी,समाज के महिला प्रभाग के अध्यक्ष अंबिका सलामें, समाज के कर्मचारी प्रभाग के ब्लाक अध्यक्ष महाजन कोमरे, पंच द्वय मीनाबाई हारमें एवं शारदा कोरेटी रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सेवा अर्जी एवं रानी दुर्गावती के प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ पश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया। सभा को संबोधित करते हुए मुख्यअतिथि ललिता कंवर ने कहा कि गोंड़वाना वीरांगना रानी दुर्गावती नारी शौर्यता की प्रतिक है। हम महिलाओं को गोंड़वाना वीरांगना रानी दुर्गावती के शौर्यता, अदम्य साहस, त्याग, बलिदान एवं सेवा भावना से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना चाहिए।रानी दुर्गावती सिर्फ गोंड़ समाज की रानी नहीं थी बल्कि सम्पूर्ण गोंडवाना भू-भाग की रानी थी इसलिए सभी समाज के लोगों को रानी दुर्गावती के शहादत का सम्मान करना चाहिए । छत्तीसगढ़ का नामकरण भी गोंड़वाना के छत्तीसगढ़-किलों के कारण हुआ है। गोंड़ समाज मूलतः प्रकृति के पुजारी एवं जल-जंगल-जमीन के रक्षक हैं। गोंड़ समाज के साथ- साथ समस्त आदिवासी समाज को समाजिक, सांस्कृतिक एवं राजनैतिक रूप से एकजुट होने की जरूरत है तभी खोये हुए गोंड़वाना के स्वाभिमान को फिर से प्राप्त किया जा सकता है। अध्यक्ष की आसंदी से गोंड़ समाज प्रमुख दिनेश कोरेटी दिलेर ने कहा कि हमारे गोंड़वाना का इतिहास अति प्राचीन एवं गौरवशाली रहा है।इस गौरवशाली इतिहास को कभी नहीं मिटने देंगे।



आदिवासी कोयतुर गोंड़ समाज ग्राम इकाई बूचाटोला द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम अनुकरणीय, प्रशंसनीय एवं प्रेरणादायी है। किसी भी समाज के महासभा के मजबूती के लिए उस समाज के ग्राम इकाई को मजबूत होना आवश्यक है। गोंड़ समाज के लोगों को सामाजिक एवं सांस्कृतिक रूप से मजबूत होने के साथ-साथ मानसिक एवं शैक्षणिक रूप से भी मजबूत होने की जरुरत है। हमारे गांव एवं हमारे समाज में प्रतिभाओं की कमी नही हैं बशर्ते उन्हें उचित मंच व अवसर देकर प्रोत्साहित करने की जरूरत है। हम समाज के निर्धन व प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को आगे बढ़ने के लिए आर्थिक रूप से मदद करने के लिए तैयार हैं।

श्री कोरेटी ने बच्चों के पालको से बच्चों को उच्च स्तर के स्कूली शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक शिक्षा, सांस्कृतिक शिक्षा,नैतिक शिक्षा एवं अच्छा संस्कार देने की आव्हान किया तथा युवा वर्ग को सभी प्रकार के व्यसनों से दूर रहने की अपील की सभा को पवनबाई ध्रुर्वे, रूपनाथ हारमें, दिलीप कोरेटी एवं महाजन कोमरे ने संबोधित कर सामाजिक एवं सांस्कृतिक एकता को बनाये रखने का आव्हान किया । स्वागत भाषण महिला प्रभाग के अध्यक्ष अंबिका सलामें, सफल संचालन भगवान दास पुरामे एवं आभार प्रदर्शन सविता पुरामे ने किया। इस अवसर पर कबड्डी के स्थानीय निवासिन व बालिका कबड्डी के राष्ट्रीय खिलाड़ी कु.छाया चन्द्रवंशी के माताजी हुमेश्वरी चन्द्रवंशी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीण समाज प्रमुखगण धनसाय नेताम, बिदेराम तुलावी,उमलाल कोमरे, छबिलाल हारमें, राम्हू लाल पुरामें, समारू धुर्वे, सुमन कोरेटी, ललिता पुरामें,मेहतरीन हारमें, बैशाखिन पुरामें, राहुल कुंजाम, सीमांत हारमें, लोटन दर्रो,हेमोतीन ध्रुर्वे,बसंती दर्रो,ताराचंद नेताम, कुमलाल कल्लो, प्यारे लाल कोरेटी, अनिल हारमें,कुंजलाल कोमरे,सामसाय पुरामें आदि सहित समाज के समस्त पैंसठ परिवार के लोग सैंकड़ों की संख्या में उपस्थित थे।

# प्रायमरी एवं मिडिल स्कूल में बच्चों ने किया योग



डोंगरगांव (दावा)। समीपस्थ ग्राम पेण्डरवानी में प्राइमरी एवं मिडिल स्कूल पेण्डरवानी के संयुक्त तत्वावधान में दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पावन अवसर पर योग दिवस मनाया गया. इस आयोजन में मिडिल स्कूल प्रधानपाठक जीवनलाल साहू द्वारा द्वारा योग के विभिन्न आसनों के बारे में शानदार प्रदर्शन कर उपस्थित बच्चों और ग्रामीणों को जानकारी दी और योग के महत्व के बारे में बताया गया. इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सभी को दैनिक दिनचर्या में योग को अपनाना चाहिए. इस अवसर पर बच्चों ने उमंग उत्साह के साथ बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और योग का आनंद लिया. इस दौरान ग्राम के सरपंच जीवन लाल पटेल, शंकरलाल पटेल सचिव एवं पंचगण उपस्थित थे, प्राइमरी स्कूल और मिडिल स्कूल के सभी शिक्षकगणों की उपस्थिति रही, दोनों स्कूल के सफाईकर्मी भी उपस्थित रहे।

# अध्यक्ष पद पर देंगें सेवा मरार पटेल समाज के सेवाराम



**गोपाल उपाध्यक्ष व दयालु सचिव पद संभालेंगे**

डोंगरगांव (दावा)। नगर के मरार सामाजिक भवन डोंगरगाव में समाज का पांच वर्ष पूर्ण होने के बाद डोंगरगाव राज का चुनाव हुआ. 23 जून को आयोजित चुनाव में कुल 91 में से 88 सामाजिक मतदाताओं ने अपना मताधिकार का प्रयोग किया. अध्यक्ष पद के लिए दो प्रत्यासी मैदान में उतरे थे जिसमें सेवाराम पटेल डोंगरगाव ने तेजराम पटेल अमलीडीह को 6 मतों से पराजित किया.

सेवाराम पटेल को 47 मत मिला जबकि तेजराम को 41 मत प्राप्त हुआ. इसी प्रकार उपाध्यक्ष पद के लिए भी दो प्रत्यासी मैदान में थे जिसमें गोपाल पटेल, मचानपार को 54 और राजेंद्र कुमार माली, कन्हारपुरी को 34 मत मिला इसी प्रकार 20 मतों से गोपाल पटेल विजयी रहे. सचिव पद के लिए भी दो प्रत्यासी मैदान में थे जिसमें दयालुराम पटेल भाठापारा डोंगरगाव से और टीकम पटेल तुमड़ीबोड़ शामिल थे इनमें दयालु पटेल को 50 मत मिला ओर टीकम पटेल को 38 मत मिला, इस प्रकार दयालु पटेल को 12 मतों से विजयी घोषित किया गया. इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष सेवाराम पटेल ने अपने उद्बोधन में समाज के लोगो को नमन कर धन्यवाद ज्ञापित किया।

# शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, महिला स्वालंबन, किसान समृद्धि के क्षेत्र में बनायें व्यापक कार्य योजना-प्रभारी सचिव जयप्रकाश मौय

मोहला (दावा)। जिले के प्रभारी सचिव जय प्रकाश मौर्य ने आज जिला कार्यालय के सभा कक्ष में विभागीय जिला अधिकारियों की बैठक लेकर शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं, सेवाओं और कार्यक्रमों की गहन समीक्षा की। प्रभारी सचिव श्री मौर्य ने बैठक में अधिकारियों से कहा कि जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी में विकास की रेखा खींचकर जिला बनाने की अवधारणा को साकार करना है। उन्होंने बैठक में कहा कि नवीन जिला बनाने का मुख्य उद्देश्य जिले में उपलब्ध संसाधनों के आधार पर बेसिक आवश्यकता को पूरा करते हुए मूल समस्याओं को सामूहिक प्रयास के साथ दूर किया जाकर स्थापित जिला बनाया जाना है। जिले में बड़े पैमाने पर शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, महिला स्वालंबन, किसान समृद्धि के क्षेत्र में कार्य योजना बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इस मूल क्षेत्र में कार्य किया जाकर जिले को स्थापित करने के साथ ही अग्रणी और विकसित जिला बनाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि जिले को नई पहचान दिलाने के लिए बेसिक आवश्यकता के आधार पर भविष्य को ध्यान में रखकर बृहद पैमाने पर मास्टर प्लान तैयार करें। उन्होंने कलेक्टर एस जयवर्धन से क्षेत्र के लिए बृहद कार्य योजना व मास्टर प्लान बनाने कहा है। मास्टर प्लान में मुख्य रूप से सड़के, बायपास रोड, कलेक्टर कार्यालय सहित अन्य जिला स्तर के कार्यालय, सिविल लाइन, मार्केट एरिया, कमर्शियल एरिया, रेजिडेंशियल क्षेत्र के साथ ही अन्य सभी बेसिक जरूरत को ध्यान में रखकर मास्टर प्लान तैयार करने कहा गया है।

प्रभारी सचिव श्री मौर्य ने कहा कि कोई भी ऐसा कार्य योजना जिसमें जिले को पहचान मिले और पूरे जिला क्षेत्र को लाभ मिले, इसके लिए

**जिले को मिले नई पहचान, वृहद स्तर पर बनायें मास्टर प्लान**
**जल, जंगल, जमीन जिले की मूल पहचान, इस क्षेत्र में कार्य योजना निर्धारित कर विकसित जिला बनायें**

प्लान तैयार करें। उन्होंने आगे कहा कि मूल बेसिक आवश्यकता, इंफ्रास्ट्रक्चर की तैयार किया जाये। मूल समस्याओं को दूर करते हुए शासन के महत्वपूर्ण योजनाओं और सेवाओं व कार्यक्रमों से जिला एवं नागरिकों को लाभान्वित करें।

श्री मौर्य ने कहा कि जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी मुख्य रूप से जल, जंगल और जमीन पर आधारित है। यह जिला मूल रूप से कृषि प्रधान जिला है। बड़ी संख्या में यहां आय का मुख्य स्रोत कृषि उत्पादन है। इस क्षेत्र में कार्य किया जाकर जिले को नई पहचान व मुकाम दिलाई जाये।

प्रभारी सचिव श्री मौर्य ने मुख्य रूप से शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण के क्षेत्र में अपनी चिंता जाहिर करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में माहौल तैयार कर यहां के विद्यार्थियों कों उच्च शैक्षणिक शिक्षा से जोड़ने के लिए योजना निर्धारित किया जाए। इसी प्रकार उन्होंने नवीन जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी में चिकित्सा क्षेत्र में चिकित्सालय एवं चिकित्सकों की कमी पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि जिला खनिज न्यास संस्थान से चिकित्सकों की पूर्ति किया जाये। उन्होंने समाज के विकास में कुपोषण को अभिशाप मानते हुए कुपोषण मुक्ति के लिए अभियान चलाकर क्षेत्र में कार्य करने के निर्देश दिए हैं। राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि राजस्व अधिकारी आम जनता की समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता से करें। राजस्व प्रकरणों का निराकरण गंभीरता पूर्वक करें। जाति प्रमाण पत्र बनाने के मामले में शासन द्वारा लाई गई नई नीति जिसमें 2006 के बाद पालकों के बने जाति प्रमाण पत्र के आधार पर ग्राम पंचायत से अनुमोदन कराकर उनके बच्चों का जाति प्रमाण पत्र बनाने में बिना किसी विलम्ब के गति लाने के निर्देश दिए हैं। ग्रामीण क्षेत्र के विकास के संबंध में उन्होंने कहा कि मूलभूत आवश्यकता को ध्यान में रखकर कार्य योजना बनाएं। ग्रामीण क्षेत्रों में नरेगा के अंतर्गत तालाब निर्माण, डबरी निर्माण किया जाकर यहां निवासरत किसानों की आय में बढ़ोतरी करने के साथ ही किसान समृद्धि के क्षेत्र में कार्य करने कहा गया है। किसानों को धान के अतिरिक्त अधिक आमदनी देने वाले फसलों को लेने के लिए प्रोत्साहित करने कहा गया है। जिले में मक्का उत्पादन की अच्छी संभावना को देखते हुए इस क्षेत्र में व्यापक कार्य योजना बनाने कहा है। किसानों को समय पर अच्छी गुणवत्ता के खाद बीज का वितरित करने के निर्देश दिए गए हैं। जिले में कृषि उत्पादन की जानकारी लेते हुए उन्होंने कृषि उत्पादन बढ़ाने के लिए किसानों को नई तकनीकी की जानकारी देने भी कह गया है। प्रभारी सचिव श्री मौर्य ने वन अधिकार पट्टे वितरण कार्य में सभी पात्र हितग्राहियों को इसका लाभ दिलाने कहा है। उन्होंने कहा कि महिलाओं कों स्वावलंबी बनाने की दिशा में स्थानीय मार्केट को ध्यान में रखकर समूह के माध्यम से उत्पाद तैयार कराएं।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर भाजपा कार्यालय में दी श्रद्धांजलि




खैरागढ़ (दावा)। जनसंघ के संस्थापक पण्डित श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पूण्य तिथि रविवार को खैरागढ़ जिला भाजपा कार्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा बलिदान दिवस के रूप में मनाया। आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ कनिष्ठ सभी कार्यकता पदाधिकारी एवं उपस्थित जनों ने उन्हें नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित कर देश के प्रति उनके योगदान को स्मरण किया।

इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य वक्ता शैडो विधायक व जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रान्त सिंह ने कहा कि आज डॉ. मुखर्जी के पावन पुण्यतिथि है। आज ही के दिन 1953 को मुखर्जी ने कश्मीर के धारा 370 के मुद्दे पर अपना बलिदान दिया था।। उनका बलिदान स्वतंत्र भारत का ऐसा बलिदान था। जिसने उस समय पूरे देश को झकझोर के रख दिया था। अखण्ड भारत के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले महान शिक्षाविद प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के योगदान देश कभी नहीं भूल सकता। भाजपा जिला अध्यक्ष घम्मन साहू ने कहा की कश्मीर में धारा 370 हटाना उनका एक सपना था जो वर्तमान में मोदी सरकार ने पूरा किया। 70 साल का वो बदनुमा दाग देश से हमेशा-हमेशा के लिए मिट गया।। बीजेपी के द्वारा देश को दिया गया, वादा एक देश एक विधान और एक निशान हकीकत बन गया है। कांग्रेस की गलत संधि के कारण कश्मीर और देश के खिलाफ धारा 370 के रूप में कश्मीर पर थोप कर जो साजिश रची गई थी।। जिससे अलगाववाद, आतंकवाद को बढ़ावा दिया गया था। उस नाजायज कानून को प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में कश्मीर से हमेशा के लिए मुक्त हो चुका है, कश्मीर आज विकास और अखंडता के रूप में आगे बढ़ रहा है।।इस दौरान श्रद्धांजलि कार्यक्रम में रामाधार रजक, विकेश गुप्ता, ज्ञानदास बंजारे, विनय देवांगन, आलोक श्रीवास, आयश सिंह बोनी, नरेंद्र श्रीवास, अनुज गुप्ता, रूपेंद्र रजक, गोरेलाल वर्मा, राजेश देवांगन, नंद चंद्राकर, कीर्ति वर्मा, गिरिजा चंद्राकर, देवीन कोठले, शशांक ताम्रकार सहित अन्य सभी कार्यकर्ता मौजूद रहें।

# सामाजिक सुरक्षा पेंशन हेतु वार्डो में शिविर

राजनांदगांव (दावा)। नगर के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये नगर निगम द्वारा प्रति माह पेंशन का भुगतान वार्डो में शिविर लगाकर किया जाता है।

**आज वार्ड नं. 12 व 13 में शिविर**

इसी कड़ी में हितग्राहियों को माह मई 2024 का पेंशन भुगतान के लिये वार्डो में 21 जून 2024 से 10 जुलाई 2024 तक प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 4 बजे तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 25 जून को चिखली वार्ड नं. 5 के लिये शीतला मंदिर चिखली में, महात्मा गांधी वार्ड नं. 7 व शंकरपुर वार्ड नं. 9 के लिये हास्पिटल परिसर शंकरपुर में, 26 जून को डॉ.भीमराव आम्बेडकर वार्ड नं. 12 के लिये बापू प्राथमिक शाला स्टेशनपारा में व गौरीनगर वार्ड नं. 13 के लिये सार्वजनिक मंच गौरीनगर में तथा 27 जून को बलरामदास वार्ड नं. 14 के लिये वेसलियन स्कूल में, डॉ. बल्देवप्रसाद मिश्र वार्ड नं. 15 के लिये राम मंदिर बी.एन.सी.मिल में एवं ठा.प्यारेलाल सिंह वार्ड नं. 16 व तुलसीपुर वार्ड नं. 17 के लिये ठा.प्यारेलाल स्कूल में शिविर का आयोजन किया गया है।

निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों से वार्डो में आयोजित शिविर में प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 4 बजे तक उपस्थित होकर माह मई 2024 की पेशन का लाभ लेने की अपील की है।

उन्होंने शिविर में लगे कर्मियों से कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन का कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देवे एवं कोई भी हितग्राही पेंशन लेने से वंचित न रहे, इस बात का विशेष ध्यान रखा जावे।

# कमला कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आयोजित



**राजनांदगांव(दावा)। शा. कमलादेवी राठी स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय, राजनांदगांव के क्रीड़ा विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के सौजन्य से 21 जून 2024 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में समस्त महाविद्यालयीन स्टॉफ, छात्राएं एवं अन्य सदस्यों ने भाग लिया।**

कार्यक्रम के संचालन करते हुए क्रीड़ाधिकारी डॉ. नीता एस. नायर ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का थीम महिला सशक्तिकरण एवं योग है। इस उद्देश्य को ध्यान रखते हुए डॉ. नीता एस. नायर ने महिलाओं एवं छात्राओं को अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने हेतु नियमित रूप से योग करने की सलाह दी। महर्षि पंतजलि द्वारा अष्टांग योग जिसके अंतर्गत यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, साधना, ध्यान एवं समाधि आते है। हम सभी आसन एवं प्राणायाम को ही योग समझते है, जबकि योग का अभ्यास करने वाले व्यक्ति को अपने व्यवहार एवं आहार में संयम रखनी चाहिए एवं स्वस्थ्य रहने के लिए योग को अपने दिनचर्या में नियमित रूप से शामिल करना चाहिए, जिससे हम स्वस्थ्य एवं निरोगी रह सके।

कार्यक्रम के प्रारंभ के प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा द्वारा योग की महत्ता पर प्रकाश डाला गया तथा सभी को अंतर्राष्टीय योग दिवस की शुभकामनाएं दी गई। योग प्रशिक्षक खिलेन्द्र कुमार सोनी ने शासन द्वारा जारी योगाभ्यास कम (प्रोटोकॉल) के अनुसार विभिन्न आसन जिसके अंतर्गत वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्धचकासन, त्रिकोणासन, भद्रासन, वज्रासन, उष्ट्रासन, शाशकासन, शवासन एवं प्राणायाम के अंतर्गत कपालभाति, अनुलोम विलोम, भ्रामरी प्राणायाम, शीतली प्राणायाम आदि कराया एवं उससे होने वाले लाभ के बारे में जानकारी दी। उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के करीब 30 प्राध्यापक-सहायक प्राध्यापक-कर्मचारीगण एवं 25 छात्राएं उपस्थित रही।

अंत में रासेयो कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती रामकुमारी धुर्वा ने महाविद्यालय के सभी अधिकारी, योग प्रशिक्षक खिलेन्द्र सोनी एवं छात्राओं को राष्ट्रीय महत्व के इस कार्यक्रम में सम्मिलित होकर इसे सफल बनाने हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया।

# कलेक्टर ने ली एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय संचालन एवं छात्रावास-आश्रमों के अधीक्षकों की बैठक

मोहला (दावा)। कलेक्टर एस.जयवर्धन ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के संचालकों एवं जिले में संचालित छात्रावासों एवं आश्रमों के अधीक्षकों की बैठक ली। कलेक्टर ने नया शिक्षा सत्र प्रारंभ होने के पूर्व इन संस्था संचालकों की बैठक लेकर संस्था के संचालन, उपलब्ध संसाधन, बेसिक आवश्यकता, शैक्षणिक गतिविधियों, परीक्षा परिणाम के संबंध में विस्तृत चर्चा करते हुए जरूरी दिशा निर्देश दिये। कलेक्टर ने बैठक में कहा कि जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी नवीन जिला है, जिले के बच्चों को शैक्षणिक गतिविधियों में बेहतर प्रदर्शन करने और उज्जवल भविष्य को सुदृढ़ करने के लिए संस्था संचालक उच्च स्तरीय शैक्षिक गतिविधियों का संचालन करते हुए विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य योजना बनाएं।

उन्होंने बैठक में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए सभी तरह की आवश्यक मूलभूत सुविधा सुनिश्चित करते हुए शैक्षणिक विकास करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने बैठक में छात्रावास एवं आश्रम में निवासरत विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक गतिविधियों के साथ ही अन्य विविध गतिविधियों में परंपरागत करते हुए उनका बेसिक विकास करने के निर्देश दिए हैं। जिन संस्थाओं में प्रोजेक्टर प्रदाय किया गया है, उसके माध्यम से ज्ञानवर्धक व मनोवैज्ञानिक ढंग से शैक्षणिक विकास करने कहा गया है। कलेक्टर ने कहा कि इन संस्थानों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए एक माहौल तैयार किया जाकर नवोदय विद्यालय जैसे संस्थानों में प्रवेश लेने के लिए विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि माता-पिता के बाद शिक्षकों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है कि विद्यार्थियों को पूर्ण जवाबदेही के साथ उनके विकास में अपना योगदान देना सुनिश्चित करें। बच्चों को अपना स्नेह और आशीर्वाद सिद्दत के साथ देवें। बच्चों की विशेष देखभाल के साथ ही समय-समय पर स्वास्थ्य प्रशिक्षण अनिवार्य रूप से कराएं। सभी संस्थाओं में आवश्यक पोषक-पोषण युक्त पौष्टिक आहार पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराने के कड़ी निर्देश दिए गए हैं। बच्चों के आहार को लेकर कहीं भी कोई



- उच्च स्तरीय शैक्षिक गतिविधियों का संचालन करते हुए विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य योजना बनाने के निर्देश
- बालिका आश्रम एवं छात्रावास में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करें
- स्वच्छता के संबंध में बच्चों को प्रोत्साहित करें

शिकायत ना आये, इसका विशेष ध्यान रखने कहा गया है। शैक्षणिक सत्र के दौरान बिना अधिकृत अनुमति के कहीं भी किसी शैक्षणिक अथवा पर्यटन भ्रमण के लिए नहीं ले जाने कहा गया है। छात्रावास एवं आश्रमों का उपयोग किसी सामाजिक अथवा अन्य कार्यक्रमों के लिए उपयोग में नहीं लाने के कड़ी निर्देश दिए गए हैं। बालिका छात्रावास एवं आश्रमों की सुरक्षा में कोई भी चुक ना हो इसका कड़ाई से पालन करने निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने बैठक में यह भी कहा है कि छात्रावास एवं आश्रम में रहने वाली बालिकाओं को अच्छे बुरे का अनुभव के उद्देश्य से गुड टच एवं बेड टच के संबंध में जागरूक करने कहा गया है। बच्चों में स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी लाने के उद्देश्य से कचरा संग्रहण व प्रबंधन के प्रति प्रेरित करने कहा गया है।

कलेक्टर ने कहा कि बालिका छात्रावास एवं आश्रमों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करें। जिन संस्थाओं में सीसीटीवी की व्यवस्था नहीं है, वहा इसके लिए आवश्यक पहल करने के निर्देश दिए हैं। पालक निगरानी समिति की बैठक प्रति माह अवश्य लेने कहा गया है। संस्थानों में अध्यनरत बच्चों को मूल पहचानकर्ता के साथ ही बाहर जाने देने निर्देशित किया गया है। किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ उन्हें बाहर जाने ना दिया जाए, इस बात पर विशेष ध्यान रखना कहा गया है। कलेक्टर ने बैठक में निर्देशित करते हुए कहा है कि कोई भी बच्चा बिच में अधूरी पढ़ाई छोड़कर शाला त्यागी की श्रेणी में ना आये इसके लिए सभी बच्चों को शिक्षा के महत्व के प्रति सजकता पूर्वक प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए हैं। जिले में संचालित सभी छात्रावास एवं आश्रमों में स्वीकृत सीटों के अनुपात में शत-प्रतिशत बच्चों का प्रवेश किया जाकर संस्थाओं का संचालन करने कहा गया है। कलेक्टर ने कहा है कि संस्थाओं के संचालन के लिए उपयोग में आने वाले सामानों की खरीदी में मीतब्यतता का विशेष ध्यान रखने हुए खरीदारी करने के निर्देश दिए गए हैं।

बैठक में सहायक आयुक्त श्रीकांत दुबे, जिला शिक्षा अधिकारी फत्तेराम कोसरिया, एकलव्य प्राचार्य टी.एस. कारटे, शिक्षाविद संजय जैन, समाज सेवी नारायण खण्डेलवाल, मंडल संयोजक मोहला दानेश्वर, मानपुर डिलेश्वर, अधीक्षक विकास मानिकपुरी, अधीक्षिका श्रीमती प्रमिला कडियाम, पालक समिति के अध्यक्ष सुरेश उइके एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# नक्सलियों के ट्रेक्टर को जप्त कर 4 नक्सल सहयोगी किए गए गिरफ्तार

## नक्सलियों के बेनामी सम्पत्ति पर मोहला मानपुर अम्बागढ़ चौकी पुलिस की बड़ी कार्यवाही

अंबागढ़ चौकी (दावा)। मोहला नक्सल विरोधी अभियान अंतर्गत पुलिस महानिरीक्षक दीपक झा के निर्देशन एवं जिला मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी पुलिस अधीक्षक वाय.पी . सिंह (आईपीएस) के मार्गदर्शन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मयंक गुर्जर (आईपीएस), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) डी.सी. पटेल के दिशानिर्देश में उप पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) ताजेश्वर दीवान के नेतुत्व में माओवादियों के खिलाफ बड़ी कार्यवाही की गई। मदनवाड़ा थाना अंतर्गत नक्सलियों के बेनामी सम्पत्ति महिंद्रा ट्रेक्टर को जप्त किया गया। नक्सलियों द्वारा ठेकेदार से लेव्ही के बदले ट्रेक्टर खरीदवा कर माड़ में खेती किसानी कर रहे थे और बाद में नक्सली ट्रेक्टर को किराये पर चलाकर किराये से प्राप्त रुपए से दैनिक जरूरत के सामान खरीद रहे थे। पुलिस द्वारा नक्सलियों के लिए ट्रेक्टर खरीदने, उपयोग करने एवं वाहन खरीदी हेतु फर्जी दस्तावेज बनाने में संलिप्त 4 नक्सल सहयोगियों के ऊपर कार्यवाही किया गया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रामकिशन यादव जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी के विभिन्न क्षेत्रों में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना एवं वन विभाग में निर्माण कार्य का ठेका लेता था वर्ष 2014 में रामकिशन यादव की रोड निर्माण में लगी गाड़ियों में नक्सलियों द्वारा आगजनी कर जला दिया गया था। जिससे बचने के लिए रामकिशन यादव, अरविंद तुलावी एवं सचिव महेश मेश्राम के माध्यम से अपने निर्माण कार्य में नक्सलियों के तरफ से कोई दिक्कत, धमकी, आगजनी ना की जाए जिसके एवज में इनके साथ मिलकर नक्सलियों को देने के लिए ट्रेक्टर खरीदने के लिए पैसों का इंतजाम किया था। रामकिशन यादव से प्राप्त 7 लाख 50 हजार रुपए से शो रूम सेल्समैन सुशील साहू द्वारा 6 लाख रुपए को अपने खाते में जमा कर अरुण एग्रीकल्चर ट्रेक्टर कम्पनी के खाते में स्थानांतरित किया और डेढ़ लाख रुपए नगद काउंटर में जमा किया था। ठेकेदार रामकिशन यादव ने ग्राम सचिव महेश मेश्राम के साथ मिलकर नक्सलियों को ट्रेक्टर देने का इंतजाम किया था। सचिव महेश मेश्राम के संबंध जिले में सक्रिय बड़े नक्सली नेताओं के साथ है तथा इसका माड़ आना जाना लगा रहता था। ट्रेक्टर को माड़ भेजने के लिए अरविंद तुलावी के साथ महेश मेश्राम भी गया था। जहां पर ट्रेक्टर



○ नक्सलियों द्वारा लेव्ही के बदले में खरीदे गए ट्रेक्टर से माड़ में करते थे खेती
○ ट्रेक्टर के किराये से मिले पैसे से नक्सली खरीदते थे दैनिक जरुरत के सामान

को माड़ में नक्सलियों के बड़े नेताओं बलदेव उर्फ अशोक रेड्डी, विजय रेड्डी उर्फ शंकर, लोकेश सलामे उर्फ हरसिंग को सौंपा गया। सचिव महेश मेश्राम ने ट्रेक्टर खरीदने के लिए फर्जी दस्तावेज का इंतजाम किया और ठेकेदार ने ट्रेक्टर खरीदने के लिए पैसा ईकट्ठा किया। ट्रेक्टर को माड़ ले जाना के लिए अरविंद तुलावी साथ में राजगांदगांव गया। जहां पर ट्रेक्टर शोरूम के सेल्समेन सुशील साहू को नक्सलियों के षडयंत्र में शामिल करके नगद 7 लाख 50 हजार रुपए से महिंद्रा ट्रेक्टर को खरीदा गया। इसके बाद अरविंद तुलावी के द्वारा महिंद्रा ट्रेक्टर को माड़ में माओवादी कमांडर बलदेव उर्फ अशोक रेड्डी, विजय रेड्डी उर्फ शंकर, लोकेश सलामे उर्फ हरसिंग को सौंप दिया गया। कुछ महिने बाद माओवादी कमांडर बलदेव उर्फ अशोक रेड्डी, विजय रेड्डी उर्फ शंकर, लोकेश सलामे उर्फ हरसिंग के बुलावे पर अरविंद तुलावी पुनः माड़ गया तब उक्त नक्सलियों ने कहा कि इस महिंद्रा ट्रेक्टर को अपने पास रखना और इसको गांव क्षेत्र में किराये पर चलाना इस ट्रेक्टर से जो भी कमाई होगी, उससे हमारी आवश्यकता अनुसार सामान मंगाते रहेंगे।

उक्त समस्त घटना क्रम की सूचना मुखबीर के माध्यम से थाना प्रभारी मदनवाड़ा को पता चला तब मदनवाड़ा थाना प्रभारी के नेतृत्व में डीआरजी-आईटीबीपी का संयुक्त अभियान निकालकर मुखबीर सूचना पर अरविंद तुलावी के घर रेड की कार्यवाही की गई। ट्रेक्टर को अरविंद तुलावी के द्वारा छुपाकर गट्टामेटा केकेड़ेहुर में रखा गया था जिसे विधिवत जप्ती की कार्यवाही की गई। अरविंद तुलावी द्वारा पूछताछ में बताया गया कि वह माओवादी कमांडर बलदेव उर्फ अशोक रेड्डी, विजय रेड्डी उर्फ शंकर, लोकेश सलामे उर्फ हरसिंग से पूर्व परिचित है और तकरीबन 10 साल से नक्सल सहयोगी का कार्य कर रहा है। ठेकेदारों, निर्माण कार्य करने वालों को नक्सलियों से मुलाकात करवाता था। अरविंद तुलावी ने 10 साल के दौरान कई बार जिला कांकेर के मेसपी, वट्टेकल, कलपर, हापाटोला आदि गांव में जाकर नक्सलियों के लिए सामान छोड़ने का काम किया है। उक्त मामले में अरविंद तुलावी के कब्जे से नक्सलियों के महिंद्रा ट्रेक्टर लाल रंग को जप्त किया गया और ट्रेक्टर खरीदने में संलिप्त रामकिशन यादव, सुशील साहू, सचिव महेश मेश्राम को धारा विधि विरुध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 10(क), 13, 17, 38(1)(2), 40, भारतीय दण्ड संहिता की धारा 420, 120 बी के तहत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया जा रहा है।

गिरफ्तार आरोपियों से महिंद्रा ट्रेक्टर - 01 नग, नगदी रकम - 8750 रुपए, जुता 10 जोड़ी, मेमोरी कार्ड - 4 जीबी, पेन ड्राईव - 4 जीबी अन्य दस्तावेजों में नक्सलियों की चिट्ठी, पैसे हिसाब-किताब की कापी, बैंक पासबुक, सड़क निर्माण संबंधी दस्तावेज जप्त किये गये। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी अंबागढ़ चौकी निरीक्षक अश्वनी राठौर, मदनवाड़ा थाना प्रभारी उपनिरीक्षक सतीश साहू, मानपुर थाना प्रभारी उप निरीक्षक रविशंकर डहरिया एवं आईटीबीपी फोर्स, डीआरजी के जवान एवं थाना स्टाफ का महत्वपुर्ण योगदान रहा ।

# संविधान की बलि लेने वाली इंदिरा गांधी की निन्दा करें राहुल गांधी - मधुसूदन यादव

राजनांदगांव (दावा)। पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने देश पर जबरन थोपी गई एमरजेंसी को याद करते हुए कहा है कि आज आपातकाल की 49वीं वर्षगॉठ है।

यह भारत देश के लिये एक काला दिवस था, जिसके तहत तब की केन्द्र में सत्तारूढ़ कांग्रेस सरकार ने सभी लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन करके सरकार का नियंत्रण अपने हाथों में ले लिया था। उन्होंने इतिहास याद दिलाते हुए कहा है कि भारत में सबसे बड़ा आपातकाल 25 जून 1975 की आधी रात को तत्कालीन राष्ट्रपति फखरूद्दीन अली अहमद ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कहने पर लगाया था, जो 21 मार्च 1977 तक लागू रहा। तब देश में आपातकाल लागू करने का कारण यह था कि इलाहाबाद हाईकोर्ट के एक फैसले के आधार पर इंदिरा गांधी के लोकसभा निर्वाचन को अमान्य करार देते हुए उन्हें 6 साल तक संसदीय कार्यो से निषेधित कर दिया गया था। उस समय देश में इमरजेंसी लागू कर सरकार ने शक्ति का दुरूपयोग करते हुए मीडिया पर प्रतिबंध लगाया गया और सभी विपक्षी नेताओं को जेल में डाल दिया गया। आजादी के बाद संविधान की आत्मा पर सबसे बड़ा निर्मम प्रहार किया गया।



पूर्व सांसद ने प्रश्न किया है कि आज जबकि राहुल गांधी संविधान की किताब हाथ में लहराकर संविधान की रक्षा करने की बात कर रहे हैं तो क्या वो अपने पार्टी एवं नेताओं की गलती स्वीकार करते हुए देश में इमरजेंसी लागू करके संविधान की आत्मा पर प्रहार करने वालों की निन्दा करेंगे? खड़गे जी कहते है कि आपातकाल को याद करने बजाय आज के मुद्दे पर बात होनी चाहिए, जिस पर प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष ने आपत्ति जताते हुए कहा है कि दोनों बातें एक साथ नहीं हो सकती।

यह घोर आश्चर्य का विषय है कि एकतरफ कांग्रेस के नेता देश में आपातकाल लागू कर संविधान की हत्या करते हैं और दूसरी ओर कैसे यह भ्रम फैला रहे है कि वर्तमान सरकार संविधान बदल देगी, जबकि प्रधानमंत्री मोदी जी ने स्पष्ट कर दिया है कि संविधान परिवर्तन या आरक्षण समाप्त करने का प्रश्न ही नहीं उठता है, इसके बाद कांग्रेस पार्टी क्यों विधवा विलाप कर रही है। भाजपा नेता ने कटाक्ष करते हुए कहा है कि कांग्रेस पार्टी आपातकाल को भूलने की बात इसलिए कह रही है, क्यों कि इस घटना से संविधान और लोकतंत्र की हत्या जुड़ी हुई है जिसे आज 49 साल पूरा हो गया है।

पूर्व सांसद ने पूछा है कि कांग्रेस यह भी बताए कि क्या देशवासी अतीत में कांग्रेसजनित आपातकाल और देश के विभाजन भी भूल जाएं ? पूर्व सांसद ने चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि हम अतीत को भूल जाएंगे तो यह गलती पुनः दोहराई जा सकती है, जो इस देश के लिए अति दुर्भाग्यपूर्ण होगा। उन्होंने कहा है कि राहुल गांधी संविधान की रक्षा की बात करने का नैतिक अधिकार खो चुके हैं, पहले उन्हें अपनी दादी और पूर्व प्रधानमंत्री की गलती स्वीकारनी चाहिए और देश पर जबरन इमरजेंसी थोपने के लिए देशवासियों से माफी मांगनी चाहिए, उसके बाद ही संविधान रक्षा की बात करने का साहस करें।

# भंवरमरा ऑक्सीजोन की किस्मत जागी, बनेगा पर्यटन केंद्र-डी.सी. जैन

राजनांदगांव (दावा)। शिवनाथ नदी तट भंवरमरा में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह जी द्वारा स्थापित ऑक्सीजोन को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने संबंधी कलेक्टर के शासी परिषद में लिए गए निर्णय से श्री शिवनाथ क्षेत्रीय विकास समिति, ग्राम पंचायत भंवरमरा एवम सन टू ह्यूमन फाउंडेशन के सदस्यों में हर्ष व्याप्त हुआ है तथा इसके लिए उनके द्वारा विधायक एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं कलेक्टर संजय अग्रवाल के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है।



ज्ञातव्य है कि चौथी बार राजनांदगांव के विधायक निर्वाचित होने पर समिति के अध्यक्ष डॉ. डी.सी. जैन के नेतृत्व में समिति के सदस्यों द्वारा उन्हें बधाई एवं शुभकामना प्रेषित करते हुए भंवरमरा ऑक्सीजोन की दुर्दशा की ओर उनका ध्यान आकर्षित किया गया तथा उसके सौंदर्यीकरण एवं पिकनिक स्पॉट के रूप में विकसित करने, उसे मोहारा मेला स्थल तक लक्ष्मण झूला से जोड़ने बाबत ज्ञापन दिया गया। डॉ. रमन सिंह से चर्चा के दौरान शिवनाथ समिति के अध्यक्ष द्वारा 2010 में स्थापित ऑक्सीजोन में प्रतिदिन योगाभ्यास आयोजित करने, काफी संख्या में लोगों द्वारा पिकनिक मनाने तथा नदी में स्नान करने सहपरिवार आने वालों की जानकारी देते हुए उसे पिकनिक स्पॉट के रूप में विकसित करने की मांग की गई, जिस पर उनके द्वारा कलेक्टर महोदय को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए थे। इस संबंध में कलेक्टर संजय अग्रवाल द्वारा एस.पी मोहित गर्ग, सीईओ श्रुति सिंह द्वारा स्थल का निरीक्षण किया गया था। कलेक्टर की पहल पर शासी परिषद की बैठक में ऑक्सीजोन को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया गया हैं। शिवनाथ क्षेत्रीय विकास समिति एवं ग्राम पंचायत भंवरमरा की वर्षो पुरानी मांग पूरा करने हेतु शिवनाथ समिति के अध्यक्ष डॉ.डीसी जैन, सरपंच प्रेमलता साहू द्वारा विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह एवं कलेक्टर संजय अग्रवाल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया है तथा प्रस्तावित योजना पर शीघ्र अमल कराने का अनुरोध किया गया है।

# निगम चुनाव में कांग्रेस फिर परचम फिर लहरायेंगी - नीरज कन्नौजे

## कहा - चुनाव से पहले कार्यकर्ताओं को संगठित और संतुष्ट करके मैदान मारेंगे

राजनांदगांव (दावा)। दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सूर्यकांत जैन के द्वारा महामंत्री बनाए जाने के बाद नीरज कन्नौजे ने नगर निगम चुनाव को लेकर अपनी राय स्पष्ट कर दी है। उन्होंने कहा कि एकदम ठोस रणनीति के साथ मैदान में उतरेंगे और कांग्रेस का परचम नगर निगम में दोबारा लहराएंगे कोशिश यह होगी कि विपक्ष भाजपा अल्पमत में ही रहे। महामंत्री कन्नौजे ने अपनी रणनीति बताते हुए कहा कि कांग्रेस ओबीसी को महामंत्री पद से नमाज कर आधी लड़ाई पहले ही जीत ली है।

अब उनका स्वयं का काम रहेगा की पार्टी को और मजबूत करके तथा नए सदस्यों को भी जोड़ करके सभी सदस्य और पदाधिकारीयो को एक जूटता से मैदान करने के गुर बताएंगे। इसी के साथ आम पब्लिक को भी जोड़े रखने उनकी समस्याएं पूछते रहेंगे और निदान के लिए जोर लगाते रहेंगे पर्यतन यह होगा कि निगम चुनाव में पार्टी कार्यकर्ताओं में अंतर कलह की स्थिति बिल्कुल भी ना बने सभी एक दूसरे के भावनाओं का सम्मान करें और सामूहिक निर्णय ले।



कन्नौजे ने आगे कहा कि निगम चुनाव में बहुमत हासिल करना और विपक्ष को पिछले चुनाव की तरह अल्पमत में ही रखना परम लक्ष्य होगा। नीरज कन्नौजे ने निगम चुनाव की तैयारी की शुरुआत बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं से मिलकर उन्हें सम्मान देना समस्याएं पूछना तथा उनके वार्ड और बूथ के मतदाताओं की समस्याएं पूछने के साथ उन्हें हल करने का प्रयास करेंगे यह पहली प्राथमिकता होगी। कन्नौजे ने यह भी बताया कि निगम चुनाव के पहले वार्डों में सदस्यता अभियान जोर शोर से चलाएंगे



राजनांदगांव (दावा)। जनसंघ के नेता पुखराज कांकरिया (86) को भाजपा नेताओं ने जन्मदिन की बधाई दी। बधाई देने वालों में भाजपा के फाउंडर मेंबर नरेश बैद, पूर्व सांसद अशोक शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख, सुरेश एच.लाल, भरत वर्मा, राजेंद्र जैन बंटू, मूलचंद भंसाली, हरीश गांधी, चौपाल ग्रुप के साथी सहित भाजपा नेता एवं कार्यकताओं ने उन्हें जन्मदिन की बधाई दी।

# कलेक्टर ने संवेदनशीलतापूर्वक जनदर्शन में लोगों की समस्याएं एवं शिकायतें सुनी

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज जिले के दूरस्थ स्थानों से कलेक्टोरेट में आए लोगों से मुलाकात कर उनकी मांगों एवं समस्याओं को संवेदनशीलतापूर्वक सुना। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जनदर्शन में जनसामान्य से प्राप्त मांगों एवं समस्याओं के आवेदन पत्रों का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने अधिकारियों को जनदर्शन में शासन की योजनाओं से संबंधित प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण करते हुए हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने कलेक्टर से मुलाकात कर अपनी समस्या के निराकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत किए। आज जनदर्शन में 24 आवेदन प्राप्त हुए।



○ जनदर्शन में अपनी समस्याओं को लेकर जिले के दूरस्थ स्थानों से पहुंचे नागरिक
○ जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के साथ निराकरण करने के दिए निर्देश

जनदर्शन कार्यक्रम में आज विकासखंड छुरिया के ग्राम कुमर्दा निवासी श्रीमती भानबाई गेन्डरे ने प्रधानमंत्री ग्रामीण स्वरोजगार योजना के अंतर्गत ऋण प्रदाय के लिए आवेदन किया। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने इस आवेदन पर संज्ञान लेते हुए लीड बैंक मैनेजर को निराकरण के लिए निर्देशित किया। इसी तरह ग्राम अचानकपुर और भाठापारा के निवासियों ने गांव में नाली निर्माण के लिए आवेदन किया। ग्राम डिलापहरी निवासी श्री कमल कुमार वर्मा ने जर्जर मकान होने पर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभ दिलाने के लिए आवेदन किया। डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम तेन्दूनाला निवासी श्री उमाशंकर ने विद्युत पोल को सीधा करने के लिए आवेदन किया। इसी तरह ग्राम गठुला निवासी श्री जगेशर चंद्रवंशी ने खेत में सिंचाई के लिए विद्युत कनेक्शन कराने के लिए आवेदन दिया।

इस पर कलेक्टर ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम केसली निवासी श्री महावीर कलार ने कृषि भूमि का ऋण पुस्तिका दिलाने के लिए आवेदन किया। ग्राम बरगाही निवासी श्री विकास ने ऑनलाईन रिकार्ड में नाम एवं जाति सुधार के लिए आवेदन किया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह उपस्थित थी।


राजनांदगांव की सबसे पुरानी ट्रेवल्स में कीया कैरेंस(7सीटर) क्रेटा, वेन्यू, एक्सेंट, होंडा अमेज, WRV, बलेनो, रिट्स ये सभी कारें उचित किराए पर कुशल चालकों सहित उपलब्ध है।




-: बग्गा ट्रेवल्स :-
सम्पर्क : 9300836360, 9479016360,7898457240

**आवश्यकता है**

कक्षा दसवीं के छात्र को सभी विषयों को पढ़ाने हेतु शिक्षक की आवश्यकता है, जो घर पर आकर पढ़ाने के इच्छुक हो संपर्क करें ।

राजेन्द्र पांडे
पता - जीवन 'A' कॉलोनी पाताल भैरवी के पीछे, राजनांदगांव
मो. 8982980934, 9131127752


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com